स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बृहस्पतिवार
4 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 4
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 282 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

रोहित-कोहली के साथ एक मैच भी खेल लिया तो सपना पूरा हो जाएगा
हर्ष दुबे



# दिल्ली के रेस्तरां में आग का तांडव, 21 की मौत

**नई दिल्ली।** बुधवार की सुबह दिल्ली के मालवीय नगर के हौजरानी स्थित लेमन ग्रीन रेस्तरां में भीषण

- जान बचाने के लिए बिल्डिंग से कूदे लोग
- आग लगने के कारणों का पता नहीं

आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 गाड़ियां तुरंत मौके के लिए रवाना हुईं। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौजूद रह कर राहत कार्यों में जुटी रहीं। इस आग की वजह से अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है और 37 घायल हैं। जान बचाने के लिए कई लोग बिल्डिंग से कूद गए।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली फायर सर्विस टीम को मालवीय नगर में लेमन ग्रीन रेस्तरां में सुबह 8 बजकर 50 मिनट पर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। जिसके तुरंत बाद दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बताया जा रहा है कि रेस्तरां के बेसमेंट से ये आग लगनी शुरू हुई। रेस्तरां के बेसमेंट से गंभीर हालत में लोगों को रेस्क्यू किया गया। इस आग की वजह से अब तक 21 लोगों की मौत हो गई है और 37 लोग घायल हैं। घायलों को मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि इस समय भी कुछ लोग रेस्तरां के अंदर फंसे हुए हैं जिन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। यह इलाका साकेत स्थित मैक्स अस्पताल के करीब होने के कारण यहां कई होटल और रेस्टोरेंट हैं, जहां विदेशी नागरिक इलाज के लिए आते हैं। दिल्ली सरकार की बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के तहत कॉमनवेल्थ गेम्स के समय इस क्षेत्र में 15 होटलों को अनुमति दी गई थी।

दरअसल, साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में कई विदेशी नागरिक भी इलाज करने के लिए पहुंचते हैं, जिसकी वजह से आसपास कई होटल और रेस्टोरेंट बने हुए हैं, बताया जा रहा है कि जिस रेस्टोरेंट कम होटल में आग लगी उसमें कई विदेशी भी ठहरे हुए थे, आशंका व्यक्त की जा रही है कि मृतकों में अधिकतर विदेशी शामिल हैं।

## मृतकों में ज्यादातर विदेशी नागरिक



## छह की अनुमति, अवैध रूप से 25 कमरे बने हुए थे

साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में कई विदेशी नागरिक भी इलाज करने के लिए पहुंचते हैं, जिसकी वजह से आसपास कई होटल और रेस्तरां बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि जिस रेस्तरां कम होटल में आग लगी उसमें कई विदेशी भी ठहरे हुए थे। अभी जो जानकारी आ रही है उसके अनुसार होटल को सिर्फ 6 कमरे बनाने की अनुमति थी, लेकिन यहां पर अवैध रूप से 25 कमरे बने हुए थे। वहीं, दिल्ली पुलिस ने बताया कि मालवीय नगर के रेस्तरां में लगी आग में मारे गए लोगों में से अधिकांश विदेशी नागरिक हैं।

## एक परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

इस हादसे में गुरुग्राम निवासी विवेक अग्रवाल और उनकी बेटी जीविशा की भी दुखद मृत्यु हो गई। विवेक अग्रवाल अपने पिता को देखने के लिए दिल्ली आए थे, जो मैक्स अस्पताल में भर्ती थे। वे अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ होटल में रुके हुए थे। आज सुबह ही उनके मौसा-मौसी उनसे मिलने आए थे, जो इस हादसे का शिकार हो गए। इस परिवार के कुल छह सदस्यों की मौत की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ित परिवारों के परिजन अस्पताल के बाहर बेसुध हालत में हैं।

## अत्यंत दुखद और हृदय विदारक : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली के रेस्टोरेंट में हुए भीषण अग्निकांड पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि घटना हृदय विदारक है। उन्होंने एक्स पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली में एक दुर्भाग्यपूर्ण भीषण अग्नि दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

# भारत समेत 60 देशों पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी कर रहा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका एक तरफ भारत के साथ संबंध बेहतर करने की दुहाई दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ ट्रंप प्रशासन भारत के खिलाफ कार्रवाई से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल अमेरिकी सरकार एक बार

- जबरन मजदूरी का लगाया आरोप

फिर भारत पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी कर रही है। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि यूएसटीआर ने भारत समेत 60 देशों पर ये नया टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है। टैरिफ लगाने की वजह ये बताई गई है कि भारत समेत 60 देश जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिकी व्यापार कानून 1974 की धारा 301 के तहत पाया गया है कि 60 देशों की नीतियां और कार्यशैली अमेरिकी व्यापार पर गैरजरूरी दबाव बढ़ाती हैं और अमेरिकी व्यापार को बाधित करती हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय, अमेरिका की एक कार्यकारी संघीय एजेंसी है, जो अमेरिका की विदेश व्यापार नीति बनाने के लिए जिम्मेदार है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अनुसार, भारत समेत 54 देश उन सामानों के निर्यात पर जरूरी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं, जिन्हें जबरन श्रम द्वारा बनाया जाता है।

भारत के अलावा इन देशों में ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, बांग्लादेश, चीन, जापान, सऊदी अरब, सिंगापुर, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी शामिल हैं। गौरतलब है कि अतिरिक्त टैरिफ लगाने का यह प्रस्ताव ऐसे समय दिया गया है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। भारत और अमेरिका के बीच हाल के समय में कई दौर की बातचीत हो चुकी है, जिनमें बाजार पहुंच, शुल्क, डिजिटल व्यापार और कृषि जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

# ममता बनर्जी की टीएमसी टूटी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी में फूट पड़ गई है। सोमवार को पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतुब्रत बनर्जी को पार्टी

- 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया

के 58 बागी एमएलए ने विधायक दल का नेता घोषित किया। बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस से मिलकर समर्थन पत्र भी सौंपा। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता बनाया गया है। वहीं अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है। हालांकि बागी गुट ने अपने पत्र में ममता बनर्जी को अब भी पार्टी अध्यक्ष बताया है। लेकिन अभिषेक बनर्जी का नेतृत्व और विधायक दल से जुड़े फैसलों को मानने से इनकार किया है।

सोमवार को अभिषेक बनर्जी के लेटर हेड पर स्पीकर को भेजे गए पत्र में शोभनदेव को नेता विपक्ष बनाने का प्रस्ताव भेजा था। विधायक संदीपन साहा और ऋतुब्रत बनर्जी ने शिकायत की थी कि इस प्रस्ताव पर उनके हस्ताक्षर फर्जी हैं।

# शासकीय अधिवक्ताओं का मानदेय बढ़ा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 24 प्रस्तावों को

- योगी कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्ताव प्रस्तुत, 24 को मंजूरी
- विधि अधिकारियों की फीस और मानदेय में भी बढ़ोतरी

मंजूरी दे दी गई। केवल परिवहन विभाग से जुड़ा एक प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। प्रदेश के 17 नगर निगमों और नोएडा में 1725 नई इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जाएंगी। इस बैठक में किसानों, परिवहन व्यवस्था, न्यायिक क्षेत्र और जेल प्रशासन से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। राज्य के विधि अधिकारियों की फीस और मानदेय में भी बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई। जिला शासकीय अधिवक्ताओं का मासिक मानदेय 9 हजार रुपये से बढ़ाकर 14 हजार रुपये कर दिया गया है, जबकि प्रति सुनवाई फीस 1650 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दी गई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ताओं का मानदेय भी 7900 रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के विधि अधिकारियों को सीधा लाभ मिलेगा।

किसानों को उनकी फसल का सही दाम मिलेगा मंत्री मनोज पांडेय ने बताया कि राज्य के करीब 17 करोड़ किसानों के हित में मक्का खरीद को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। मक्का के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 175 रुपये प्रति



क्विंटल की वृद्धि करते हुए इसे 2225 रुपये से बढ़ाकर 2400 रुपये कर दिया गया है। मक्का की खरीद वर्ष में दो बार की जाएगी और 25 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को भुगतान 48 घंटे के भीतर किया जाएगा। इस निर्णय से फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, एटा, शाहजहांपुर, कानपुर नगर और कानपुर देहात समेत कई जिलों के किसानों को लाभ मिलेगा।

**नई जेलें, बंदियों के लिए नई नीति**

कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने बताया कि जेलों में भीड़भाड़ कम करने के लिए पांच नए कारागारों को मंजूरी दी गई है। ये जेल मुरादाबाद, ललितपुर, औरैया, कानपुर नगर और भदोही में बनाए जाएंगे। इस परियोजना पर 1400 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होगा। वर्तमान में प्रदेश की 37 जेलों में क्षमता से अधिक बंदी हैं और कुल 86,762 कैदी निरुद्ध हैं। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के क्रम में जेल में आपसी झगड़े या इलाज में लापरवाही से बंदी की मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये तथा आत्महत्या की स्थिति में तीन लाख रुपये मुआवजा दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

## नई इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को मंजूरी


उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी परिवहन को मजबूत बनाने के लिए 17 नगर निगमों और नोएडा में 1725 नई इलेक्ट्रिक बसें चलाने का निर्णय लिया है। इस योजना से सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं बेहतर होंगी, प्रदूषण घटेगा और जेवर एयरपोर्ट को भी परिवहन नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। परियोजना पर 1852 करोड़ रुपये खर्च होंगे। योजना के तहत 9 मीटर लंबाई की 725 और 12 मीटर लंबाई की 1000 ई-बसें चलाई जाएंगी। वर्तमान में 733 ई-बसें पहले से संचालित हैं। नई व्यवस्था में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) को भी सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।परियोजना के संचालन के लिए विशेष प्रयोजन वाहन का गठन किया जा चुका है और ऑपरेटिंग कंपनियों का चयन भी हो गया है।

# डीके शिवकुमार बने कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के गठन के साथ बुधवार को डीके शिवकुमार ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह

- संविधान हाथ में लेकर ली शपथ, जी परमेश्वर डिप्टी सीएम बने

के दौरान शिवकुमार ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर पद और गोपनीयता की शपथ ली। वहीं, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जी. परमेश्वर ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण ली।



राज्यपाल ने दोनों नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा मंत्रि परिषद के विस्तार के तहत 12 अन्य नेताओं को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई जा रही है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे डॉ. यतींद्र सिद्धारमैया का नाम भी शामिल है। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। 30 मई को बंगलूरू में कांग्रेस विधायक दल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले सिद्धारमैया ने उनके नाम प्रस्ताव रखा गया था।

# वैश्विक विकास के नाम पर नहीं चलेगी मनमानी

**न्यूयॉर्क।** विश्व निकाय में भारत ने संयुक्त राष्ट्र के विकास स्तंभ की प्रधानता को बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया

- यूएन में भारत की दहाड़

कि वैश्विक विकास प्रयासों में राष्ट्रीय स्वामित्व केंद्र में बना रहे। संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) में चर्चा के दौरान भारत ने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर प्रणाली में सुधारों पर जारी वार्ताएं, देशों की विकास प्राथमिकताओं के लिए समर्थन की मजबूती पर ही केंद्रित होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा, उन्होंने यूएन की उप-महासचिव अमीना जे. मोहम्मद के साथ एक संवाद में भाग लेकर सभी विकास प्रयासों के मूल में राष्ट्रीय स्वामित्व को जरूरी बताया। अमीना मोहम्मद संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समूह की अध्यक्ष भी हैं। यह संवाद विकास के लिए परिचालन गतिविधियां सत्र के दौरान हुआ। उन्होंने कहा, रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर प्रणाली में कोई भी बदलाव, विकास स्तंभ पर देशों को दिए जाने वाले कार्यक्रम-संबंधी समर्थन को मजबूत करने वाला होना चाहिए।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अंतिम चरण में पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी राजदूत ने बड़ा बयान दिया है। भारत में अमेरिका के

- अमेरिकी राजदूत बोले अब सिर्फ एक प्रतिशत काम बाकी

राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है और अब केवल एक प्रतिशत काम बाकी है। मुंबई में आयोजित



सिटी 2026 इंडिया कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि दोनों देश इस समझौते को लेकर बेहद आशावादी हैं और यह डील भारत और अमेरिका दोनों के लिए फायदे का सौदा साबित होगी। सर्जियो गोर ने आगे कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह साझेदारी आने वाले समय में दुनिया की दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का चार दिनों तक भारत दौरे पर रहना इस रिश्ते की गंभीरता और गहराई को दिखाता है। गोर ने कहा कि अमेरिका भारत को रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और दोनों देशों के बीच लगातार भरोसा मजबूत हो रहा है। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौता दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

# ईरान का कुवैत-बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर हमला

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच अप्रैल में हुए युद्धविराम के बाद बीती रात सबसे बड़े सैन्य टकरावों में से एक देखने को मिला। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमले किए, जिससे युद्धविराम और

- यूएस बोला- सभी हमले नाकाम
- अमेरिका ने होर्मुज में ईरानी आइलैंड को निशाना बनाया

परमाणु वार्ता दोनों पर फिर से संकट के बादल मंडराने लगे हैं। तनाव तब शुरू हुआ जब अमेरिकी सेना ने खार्ग द्वीप के एक ईरानी बंदरगाह की ओर जा रहे बोत्सवाना के झंडे वाले एक तेल टैंकर पर हेलफायर मिसाइल से हमला किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) का कहना है कि जहाज ने ईरानी बंदरगाहों पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंध और नाकेबंदी का पालन नहीं किया था। इसके जवाब में ईरान ने लाइबेरिया के झंडे वाले एक जहाज पर मिसाइलें दागने का दावा



किया। हालांकि हालात तब ज्यादा गंभीर हो गए जब अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के पास केश्म द्वीप पर स्थित एक ईरानी सैन्य नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया। इस हमले के बाद ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर मिसाइल और ड्रोन दागे। ईरान का कहना है कि उसने क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी एयरबेस, हेलीकॉप्टर बेस और बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को निशाना बनाया।

वहीं अमेरिका ने दावा किया कि उसके ठिकानों पर किए गए सभी हमले नाकाम रहे और ईरानी मिसाइलों व ड्रोन को या तो रास्ते में ही मार गिराया गया या वे अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सके।

## सौरव गांगुली की सुरक्षा 'जेड' से 'वाई' में डाउनग्रेड

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष सौरव गांगुली की सुरक्षा व्यवस्था में कटौती की गई है। उनकी सुरक्षा को जेड कैटेगरी से घटाकर वाई कैटेगरी कर दिया गया है। गांगुली को पिछले कुछ वर्षों से जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जा रही थी। हालांकि, हालिया सुरक्षा समीक्षा के बाद राज्य प्रशासन ने उनकी सुरक्षा श्रेणी में बदलाव करने का फैसला लिया है। सरकार के इस कदम को राज्य में बदले राजनीतिक समीकरणों के संदर्भ में भी देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सौरव को वर्ष 2023 में तत्कालीन ममता बनर्जी सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की थी। उस समय उनकी सुरक्षा में 30 से 35 पुलिसकर्मी तैनात रहते थे, जबकि उनके काफिले के साथ पायलट वाहन भी चलता था।

## अहमदाबाद में 290 बांग्लादेशी हिरासत में

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने बुधवार को चंदोला, गुलाबनगर और खोडियारनगर समेत अहमदाबाद के विभिन्न इलाकों में कथित अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। क्राइम ब्रांच के संयुक्त पुलिस प्रमुख शरद सिंघल के अनुसार कि अहमदाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने अहमदाबाद के विभिन्न इलाकों में संदिग्ध अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को निशाना बनाते हुए देर रात एक बड़ा तलाशी अभियान चलाया। कुल 290 संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लिया गया है और क्राइम ब्रांच उनसे पूछताछ कर रही है। इनमें से 131 लोगों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है, जबकि 160 संदिग्धों से गहन पूछताछ जारी है।

## आरबीआई ने सोना बेचने की खबरों को नकारा

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने बुधवार को उन खबरों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के लिए 12 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का सोना बेचा है। यह स्पष्टीकरण ब्लूमबर्ग की उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के प्रभाव से अपने विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए अपने सोने के भंडार का एक हिस्सा कम कर दिया होगा। बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में, भारत के केंद्रीय बैंक ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया जिनमें दावा किया गया था कि उसने अपनी विदेशी मुद्रा संपत्तियों की सुरक्षा के लिए लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य के सोने के भंडार बेच दिए हैं।

**एडवेंचर** — एयरबीएनबी की रिपोर्ट के मुताबिक 66 प्रतिशत यात्रा से एक-दो हफ्ते पहले ही बुकिंग करते हैं

# लंबी छुट्टी के बजाय छोटी यात्राएं पसंद कर रहे जेनजी

**नई दिल्ली।** भारत में जेन जी की वजह से घूमने-फिरने का तरीका तेजी से बदल रहा है। एयरबीएनबी की रिपोर्ट 'द न्यू रूल्स ऑफ जेन जी ट्रेवल इन इंडिया' के मुताबिक 10 में से 7 युवा एक सालाना लंबी छुट्टी की जगह साल में तीन छोटी यात्राएं करना पसंद करते हैं।

87 प्रतिशत युवाओं की पसंद एक हफ्ते से कम की ट्रिप है। गर्मियों में जेन जी की सर्च सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। इसमें 2 से 6 रात की घरेलू यात्राओं में सबसे तेज उछाल दिखा, जो करीब 80त्न तक रहा। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 66 प्रतिशत युवा यात्रा से कुछ दिन या एक-दो हफ्ते पहले ही बुकिंग करते हैं। यह रिपोर्ट एयरबीएनबी के 'स्टे योर वे' कैंपेन पर आधारित है। सर्वे यूगोव ने अप्रैल 2026 में किया। इसमें दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, अहमदाबाद, कोच्चि, जयपुर, चंडीगढ़ और गोवा के 18 से 29 साल के 2,012 युवाओं को शामिल किया गया।

**ट्रैवल स्टाइल ही पहचान, भीड़ वाली जगहों से दूरी**

युवाओं के लिए ट्रैवल का तरीका पर्सनैलिटी दिखाता है। 87 प्रतिशत मानते हैं कि वे जैसे घूमते हैं, वह उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। 92 प्रतिशत के लिए डेस्टिनेशन या स्टे का उनकी पसंद से मैच करना जरूरी है। 95 प्रतिशत चाहते हैं कि ट्रिप तय ढर्रे से हटकर अनोखी हो। 90 प्रतिशत युवा वायरल या बहुत ज्यादा रिकमेंड जगहों के बजाय कम-ज्ञात जगहों पर जाना पसंद करते हैं। 80 प्रतिशत के लिए मशहूर स्पॉट से ज्यादा ट्रिप के छोटे-छोटे पल अहम हैं।




**डेस्टिनेशन से ज्यादा 'स्टे' महत्वपूर्ण**

रिपोर्ट का बड़ा संकेत यह है कि अब ठहरने की जगह खुद एक डेस्टिनेशन बन रही है। 63 प्रतिशत युवाओं ने किसी शहर को सिर्फ इसलिए चुना क्योंकि वहां उन्हें अच्छा स्टे मिला। 82 प्रतिशत ट्रिप प्लान करते समय सबसे ज्यादा अहमियत रहने की जगह को देते हैं। 78 प्रतिशत युवा अपने सफर का आधा समय उसी स्टे पर बिताते हैं। युवाओं को होटल के बजाय खुली छत, सुकून वाली सुबह और साथ मिलकर खाना बनाने जैसे अनुभव ज्यादा पसंद हैं।

**होटल से अलग कमरों की जगह साझा घर पसंद**

जेन जी के लिए ट्रिप में जगह से ज्यादा साथ जाने वाले लोग मायने रखते हैं। तीन-चौथाई युवाओं के लिए प्लानिंग में पहले साथी, फिर जगह और आखिर में अनुभव आता है। ग्रुप ट्रैवल में आधे से ज्यादा युवा अलग-अलग कमरों के बजाय एक साझा घर (होमस्टे) चुनते हैं, ताकि किचन और लिविंग रूम जैसी जगहों पर साथ समय बिता सकें। इसी वजह से एयरबीएनबी पर भारतीय जेन जी की ग्रुप बुकिंग सालाना आधार पर करीब 55 प्रतिशत बढ़ी है।



## संक्षिप्त खबरें

### रीजनल डायरेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**बस्ती।** इग्नू अध्ययन केंद्र 2727 की सत्रांत परीक्षा जून 2026 का संचालन एपीएन पीजी कॉलेज बस्ती पर हो रहा है, इग्नू रीजनल सेंटर लखनऊ की रीजनल डायरेक्टर डॉ अनामिका सिन्हा के साथ ही समन्वयक डा एसपी सिंह ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण करने के साथ ही परीक्षा की तमाम गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण करने के पश्चात विद्यार्थियों को इग्नू के पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दिया, विद्यार्थियों को जुलाई सत्र 2026 में प्रवेश के विषय में भी विस्तृत जानकारी देने के साथ ही इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. एसपी सिंह ने आगामी प्रवेश के संबंध में किए जा रहे प्रयास के बारे में बताया तथा अधिक से अधिक लोगों तक इग्नू के पाठ्यक्रम और इग्नू की शिक्षा के बारे में तमाम बातें बताई।

### पारिवारिक कलह से तंग महिला ने लगायी फांसी

**परसरामपुर, बस्ती।** थाना क्षेत्र के ग्राम हलुवइया निवासी धनीराम की 30 वर्षीय पत्नी रूमन भारती ने पारिवारिक कलह से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण किया। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल किया। कानूनी कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मोटरसाइकिल की ठोकर से वृद्ध की मौत

**सिन्दुरियां, महाराजगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा कसमरिया में मंगलवार की रात करीब 8 बजे एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने सड़क पार कर रहे एक वृद्ध को ठोकर मार दिया और मौके का फायदा उठाकर भाग गया। ठोकर लगने से वृद्ध सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुँचे परिजनों ने आनन - फानन में वृद्ध को जिला अस्पताल ले गए, जहां पर डक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जनपद के सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा कसमारिया गांव निवासी 65 वर्षीय वृद्ध खुशीहाल वर्मा पुत्र रामाश्रय वर्मा मंगलवार रात करीब 8 बजे भोजन करने के बाद गांव में स्थित अपने दूसरे मकान पर सोने के लिए पैदल जा रहे थे। अभी वे झनझनपुर - सिन्दुरिया मार्ग के पास पहुंचे तक ही पहुँचे थे कि उसी दौरान सिन्दुरिया की ओर से आ रही एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया और मौके का फायदा उठाकर भाग गया। ठोकर लगने से वृद्ध सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुँचे परिजनों ने आनन - फानन में वृद्ध को जिला अस्पताल ले गए, जहां पर डाक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जानकारी है, परिजनों की सूचना पर पुलिस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर पीएम की कार्रवाई कराई जा रही है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**सिन्दुरियां, महाराजगंज।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक ग्रामसभा निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर उसकी नाबालिग बेटी को भगाने के मामले में एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है और विधिक कार्रवाई में जुट गई है। इस दौरान सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के एक ग्रामसभा निवासी एक व्यक्ति ने सिन्दुरिया थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि उसकी 17 वर्षीया नाबालिग बेटी दिनांक 20 मई 26 को पढ़ने के लिए स्कूल गयी थी, देर शाम तक घर वापस नही आयी। मै दुढ़ते हुए स्कूल आया तो वहां पता चला कि वह आज पढ़ने ही नहीं आयी थी। मैं सिन्दुरिया आया तो पता चला कि हरिहरपुर स्थित एक चाय की दुकान के सामने उसकी साईकिल खड़ी थी। काफी खोज बीन किया एवं पुछताछ किया। पता न लगने पर साईकिल घर ले आया। तभी से मैं पूरे रिश्तेदार, नात हित दोस्त के वहां खोज बिन किया, लेकिन कही पता नहीं चल सका। घर से वह अपने मां की मोबाइल ले गयी है। इस संबंध में सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### एएमएस से हाजिरी का आदेश वापस लेने की मांग

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. मयंक प्रताप सिंह व प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती द्वारा उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को सौंपे गए ज्ञापन के समर्थन में बुधवार को जिले में भी ज्ञापन दिया गया। यूपी एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ, कुशीनगर की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर संविदा कर्मचारियों पर लागू एएमएस (अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम) से उपस्थिति लगाने का आदेश वापस लेने की मांग की गई। संघ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय व जिला महामंत्री राजू यादव ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व ने उपमुख्यमंत्री को पत्र भेजकर 12 जून तक एएमएस संबंधी आदेश निरस्त करने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि संविदा कर्मचारी पहले से रजिस्टर व बायोमेट्रिक माध्यम से उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, ऐसे में केवल संविदा कर्मचारियों पर एएमएस लागू करना उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि मार्च माह से कर्मचारियों का वेतन लंबित है। विभिन्न मांगों को लेकर हाल ही में प्रदेशभर में काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन व एक दिन का कार्य बहिष्कार भी किया गया था। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री ने कहा कि यदि एएमएस व्यवस्था लागू करनी है तो विभाग में कार्यरत स्थायी व संविदा सभी कर्मचारियों पर समान रूप से लागू की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए ज्ञापन में 12 जून तक आदेश वापस लेने की मांग की गई है। ऐसा न होने पर 15 जून को उपमुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### बच्चों के लिए आयोजित हुई कला कार्यशाला



**श्यामदेउरवां, महराजगंज।** श्यामदेउरवा क्षेत्र के पिपरालाला में एपीएम अकादमी में चल रही 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का बुधवार को संपन्न हो गया। इस दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को स्टैंसिल (साँचा कला) का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता का उपयोग करते हुए टी-शर्ट, शर्ट, बेड शीट, बैग और रुमाल जैसी वस्तुओं पर कई सुंदर रचनाएँ तैयार कीं। निदेशक रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि कला केवल चित्र बनाने का माध्यम नहीं है। यह व्यक्तित्व विकास, सृजनात्मक चिंतन और आत्म-अभिव्यक्ति का एक सशक्त साधन भी है। उन्होंने आगे कहा कि स्टैंसिल कला जैसी विधाएँ विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति को नई दिशा देती हैं। यह उन्हें नवाचार के लिए भी प्रेरित करती हैं।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशीनगर दौरे तथा 424 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के उपरांत जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मा0 दिनेश प्रताप सिंह ने जिला मुख्यालय पहुंचकर विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की।

कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया तथा अधिकारियों को विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान मंत्री जी ने गर्मी मौषम के दृष्टिगत निर्वाध विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति सहित गौ संरक्षण केंद्रों पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, लोक निर्माण, विद्युत एवं जल जीवन मिशन सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की।





उन्होंने रोजगार सृजन, लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने, आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने, किसानों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने, बीज एवं उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गौ तस्करी, तथा लंबित विवेचनाओं के प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विभिन्न विकास संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

मंत्री ने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जनहित में कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, सांसद कुशीनगर देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक कुशीनगर पीएन पाठक, पडरौना मनीष जायसवाल, रामकोला विनय प्रकाश गौंड, खडडा विवेकानंद पांडेय, हाटा मोहन वर्मा, फाजिलनगर सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, तमकुही डॉ. असीम कुमार राय, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राजेश्वर सिंह,पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फुलबदन कुशवाहा, जिला पंचायत अधयक सावित्री जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, के साथ अन्य जन प्रतिनिधि गण सहित जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव,एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### हाटा में 44 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि स्वीकृत

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा विस में लो वोल्टेज विद्युत फाल्ट सहित अन्य समस्याओं से जूझ रहे क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को अब पहले से बेहतर विद्युत आपूर्ति की सुविधा मिलेगी। विधायक मोहन वर्मा के अनुरोध पर विधान सभा क्षेत्र के 44 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की स्वीकृति मिल गई है। लंबे समय से विद्युत भार बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा था। हाटा विधान सभा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगे 25 केवीए 63 केवीए व 100 केवीए ट्रांसफार्मरों को उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर में प्रति स्थापित किया जायेगा। जिसमें वार्ड नंबर 18 हनुमाननगर वार्ड नंबर 12 शारदा नगर, मंगलपुर उर्फ मगरूआ बस्तापुर भिस्वा बाजार व अथरहां में पूर्व में लगे 100 केवीए की ट्रांसफार्मर की जगह 250 केवीए के ट्रांसफार्मर लगेंगे।



# विकास कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**नौतनवां, महराजगंज।** जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बुधवार को नौतनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम बनरसिया कला स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के देवदह पर्यटन परियोजना क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर वहां संचालित विकास एवं पर्यटन संबंधी कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने देवदह में राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संचालित उत्खनन कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि उत्खनन का प्रथम चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है तथा द्वितीय चरण के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर लिया गया है, जिसे शीघ्र ही विभाग को भेजा जाएगा। अब तक हुए उत्खनन में उत्तर मौर्य काल से लेकर गुप्तकाल तक की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक सामग्री तथा साक्ष्य प्राप्त हुए हैं, जो इस स्थल की ऐतिहासिक महत्ता को प्रमाणित करते हैं। इसके बाद जिलाधिकारी ने विपश्यना हॉल तथा सरोवर के सुंदरीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सरोवर सुंदरीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर इसी माह के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना क्षेत्र की आकर्षकता बढ़ाने के लिए सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं।



पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि देवदह परियोजना तक पर्यटकों की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सीधा संपर्क मार्ग विकसित करने संबंधी प्रस्ताव धर्मार्थ कार्य विभाग को भेजा जाए। साथ ही परियोजना स्थल पर भगवान बुद्ध की भव्य प्रतिमा स्थापित कराने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

पर्यटन की संभावनाओं को और अधिक विस्तार देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी नौतनवा को हेलीपैड निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास से यह स्थल राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटकों को आकर्षित करने में सक्षम होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि देवदह बौद्ध परिपथ का एक महत्वपूर्ण केंद्र है तथा यहां देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की व्यापक संभावनाएं हैं।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नौतनवा नवीन कुमार, पर्यटन अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी लक्ष्मीपुर मृत्युंजय यादव, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ठगी करने वाला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**ठूठीबारी, महराजगंज।** ठूठीबारी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए फर्जी अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर करीब 63 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी निचलौल के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष ठूठीबारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 2 जून को अपराध नियंत्रण, संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मुकदमा संख्या 77/2026, धारा 419, 420 एवं 467 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त विनीत कुमार सिंह पुत्र चन्द्रिका सिंह निवासी बासपार कोठी, थाना श्यामदेउरवा, जनपद महराजगंज को गिरफ्तार किया। लगभग 30 वर्षीय विनीत कुमार सिंह एम.कॉम शिक्षित है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी स्वयं को विभिन्न विभागों का वरिष्ठ अधिकारी बताकर लोगों को अपने प्रभाव में लेता था। वह सरकारी नौकरी दिलाने तथा उच्च अधिकारियों से विशेष संपर्क होने का झूठा दावा कर लोगों से धनराशि वसूलता था। जांच के दौरान कई लोगों को धोखे में रखकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने के तथ्य सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी की संलिप्तता लगभग 63 लाख रुपये की ठगी के मामले में पाई गई है। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने उसे ठूठीबारी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से तीन आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस तथा दो वन प्लस मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि इन दस्तावेजों और मोबाइल फोनों का उपयोग वह लोगों को भ्रमित करने तथा अपना प्रभाव दिखाने के लिए करता था।

# कच्ची शराब के साथ दो महिलाओं समेत तीन धराये

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**आनन्द नगर।** जनपद में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण तथा अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत फरेन्दा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। इस दौरान दो महिलाओं सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि लगभग 10 कुंतल लहन नष्ट कर तीन मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी फरेन्दा के नेतृत्व में थाना फरेन्दा क्षेत्र के ग्राम भारी वैसी में अवैध शराब निर्माण की सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। मौके पर कुछ लोग अवैध रूप से कच्ची शराब बनाने और निकालने के कार्य में संलिप्त पाए गए। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने वाले आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। साथ ही शराब निर्माण के लिए तैयार लगभग 10 कुंतल लहन भी बरामद हुआ, जिसे नियमानुसार मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण और सामग्री भी जब्त की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजेश यादव पुत्र पांचू यादव निवासी सरपतहा पक्का कुआं, थाना कैम्पियरगंज, जनपद गोरखपुर, पुष्पा पुत्री बाबूराम निवासी मोतीगंज, थाना कैम्पियरगंज, जनपद गोरखपुर तथा निशा पत्नी रामबरन पटेल निवासी कटहिया, थाना कैम्पियरगंज, जनपद गोरखपुर शामिल हैं।

# प्रशासक बनने पर जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**घुघली, महराजगंज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त किए जाने के निर्णय का घुघली विकास खंड के प्रधानों ने स्वागत किया। बुधवार को घुघली ब्लॉक में प्रशासक बनाए गए प्रधानों ने पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया।

पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद विकास कार्य प्रभावित होने की आशंका थी, लेकिन सरकार ने दूरदर्शिता दिखाते हुए प्रधानों को ही प्रशासक की जिम्मेदारी सौंप दी। इससे गांवों में चल रही विकास योजनाएं बिना किसी बाधा के जारी रहेंगी और जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा।

सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि मुख्यमंत्री





योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रशासकों से ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

प्रधानों को प्रशासक नियुक्त कर सरकार ने ग्रामीण विकास को नई मजबूती प्रदान की है।

भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय पूरी तरह जनहित में है। इससे ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की गति बनी रहेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन निर्बाध रूप से जारी रहेगा। साथ ही जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि ओम प्रकाश जायसवाल, पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष राजाराम गुप्ता, चतुर्भुज सिंह, सिद्धू सिंह और जिला मंत्री दिनेश जायसवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में मनोज जायसवाल, शैलेश पटेल, रवि पांडेय, सागर कन्नौजिया, रणधीर सिंह, मान सिंह, अब्दुल कलाम, बैजनाथ गुप्ता, श्रीकांत कन्नौजिया, प्रीतम जायसवाल, विनोद सहनी, नाथू चौधरी, सुभाष प्रजापति, स्वामीनाथ गुप्ता, रामशंकर चौधरी, रामाज्ञा पटेल, ज्वाला चौधरी, रमेश चंद कन्नौजिया, राममूरत सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रशासक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बड़े मंगल का होता है विशेष महत्व

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** शहर के कंपनी बाग स्थित शिव मंदिर परिसर में ज्येष्ठ मास के पांचवें बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर भक्ति, आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में आयोजित भव्य भजन-कीर्तन एवं विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

देर शाम तक चले धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए भगवान श्रीराम एवं भोलेनाथ का गुणगान करनेके साथ ही प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भजन-कीर्तन में हिस्सा लेने के साथ ही प्रसाद ग्रहण कर भगवान के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश अरोरा ने बताया कि श्रद्धा, सेवा और भक्ति भाव से किए गए धार्मिक आयोजन



से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य लोगों को धर्म और संस्कृति से जोड़ना तथा समाज में एकता का संदेश देना है। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

प्रसाद वितरण के दौरान जयप्रकाश अरोरा, हिमांशु सेन, राजू विश्वकर्मा, अब्दुल्लाह अंसारी, पवन मल्होत्रा, राजेश चित्रगुप्त, सुदर्शन, मनमोहन, हर्ष कालरा, सचिन, सुदर्शन कुमार, शरद सिंह रावत, संचित, साहब सचदेवा, सनी सचदेवा, चिंटू, विमल अरोरा, शशि अरोरा, रेखा चित्रगुप्त, सनम सिंह, लक्ष्मी अरोरा, रूमी बाधवा, मनिंदर कौर, वीना, सानू, रिप्पो सचदेवा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कैशियर पर कंपनी गबन का लगा आरोप

**श्यामदेउरवां, महराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र में एक ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी के कैशियर पर 5 लाख 13 हजार रुपये के गबन का आरोप लगा है। कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोरखपुर जनपद के सहजनवा थाना क्षेत्र के भगौरा निवासी देवेश सिंह ने श्यामदेउरवां थाने में शिकायत दर्ज कराई है। देवेश सिंह परतावल स्थित ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। मैनेजर देवेश सिंह के अनुसार, कंपनी के कैशियर ने 5 मई से 8 मई के बीच का 5 लाख 13 हजार रुपये का कैश अभी तक कंपनी में जमा नहीं किया है। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि कंपनी के मैनेजर के प्रार्थना पत्र के आधार पर अरोपित पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# महिला वैज्ञानिक को विश्व में मिला स्थान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**चौराखास/कुशीनगर।** विकास खण्ड फाजिलनगर अंतर्गत ग्राम नदवाबिशुनपुर की रहने वाली एक महिला वैज्ञानिक को विश्व के पांच प्रतिशत वैज्ञानिकों में अपना स्थान बनाया है। जिसके गांव में खुशी का माहौल है। कुमायूँ विश्वविद्यालय की भीमताल परिसर स्थित तकनीकी संकाय की संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अनीता सिंह को साइंस रैंक ग्लोबल द्वारा वर्ष 2025 हेतु जारी सूची में विश्व के शीर्ष पांच प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान प्राप्त हुआ है।



प्रोफेसर अनीता सिंह ग्राम नदवा बिशुनपुर के टोला बिशुनपुर ग्राम की मूल निवासी हैं एवं जनपद जौनपुर में इनका मायका है। कैप्टन दिनेश सिंह की पत्नी प्रोफेसर अनीता सिंह वर्तमान में भेषज विज्ञान विभाग की प्राध्यापक होने के साथ इस विभाग की विभागाध्यक्ष भी रही हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय के तकनीकी संकाय की संकायाध्यक्ष हैं।

इनके 90 से अधिक शोधपत्र अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किये गये हैं। इनके पुत्र श्री युवराज सिंह भी सी.डी.आर.आई. लखनऊ में वैज्ञानिक हैं।

उनकी उपलब्धि पर सर्वश्री रामाशीष सिंह बघेल, सुरेशनाथ सिंह, श्यामसुन्दर सिंह, सुभाष सिंह बघेल, प्रताप सिंह बघेल, राकेश सिंह, सतीश सिंह, अजीत सिंह, कर्नल प्रमोद सिंह, ग्रुप कैप्टन आर.पी. सिंह, अजय सिंह एवं लदन सिंह आदि ने खुशी व्यक्त की गयी है।

# अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति से कोई समझौता नहीं : मुख्यमंत्री

**गीडा में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, 208 करोड़ के विकास कार्यों की मिली सौगात, कामगारों के लिए एलआईजी-ईडब्ल्यूएस आवासीय परिसर का भी सीएम ने किया उद्घाटन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास और उद्यम के लिए सुरक्षा सर्वाधिक जरूरी है। सुरक्षा के बिना न सुशासन आ सकता और न ही समृद्धि आ सकती है। 2017 के बाद से सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ आगे बढ़ी है। इस नीति से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस की नीति न मानने वाले जिस बोली-भाषा में समझेंगे, उसी में समझा दिया जाएगा पर उसे नौजवानों के रोजगार पर डकैती नहीं डालने दी जाएगी।

सीएम योगी बुधवार को गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के सेक्टर-13 में 42.50 करोड़ रुपये की लागत से बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले और पूरे प्रदेश के दूसरे फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण तथा गीडा में सेवायोजित कामगारों के लिए ईडब्ल्यूएस-एलआईजी आवासीय परिसर का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गीडा के विभिन्न सेक्टर्स के लिए करीब 208 करोड़ रुपये के 71 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ईडब्ल्यूएस व एलआईजी भवन के आवंटियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर औद्योगिक भूमि के आवंटियों को भी मुख्यमंत्री के हाथों आवंटन प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। सीएम ने नाइलिट से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से यूपी ने सुरक्षा का एक मॉडल उपलब्ध कराया है। सुरक्षा के इस मॉडल से औद्योगिक विकास हुआ और लाखों नौजवानों को रोजगार मिला। अकेले गीडा में पिछले कुछ वर्षों में 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला है। सुरक्षा का माहौल बने बिना यह संभव नहीं था। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि विकास की प्रक्रिया सतत जारी रहेगी, सुरक्षा सबको मिलेगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सबको मिलेगा।



पर, किसी ने मनबढ़ई करके गरीबों का हक छीनने की कोशिश की, व्यापारियों को धमकाने की कुत्सित प्रयास किया या बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करने का दुस्साहस किया तो सरकार छोड़ेगी नहीं। ऐसे लोगों को पाताल से भी खोजकर निकाल लाएंगे। यूपी में जीरो टॉलरेंस के भाव से यही कार्य किया जा रहा है।

सुरक्षा का माहौल बनने से मिले 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में बने सुरक्षा के माहौल से सरकार को 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं और 7.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव ग्राउंड ब्रेकिंग के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा बड़े पैमाने पर हुए निवेश से लाखों लोगों को नौकरी और रोजगार मिला है। एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलने से 3 करोड़ लोगों को उनके गांव-क्षेत्र में ही रोजगार प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ ही सरकार ने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। इसका परिणाम है कि प्रदेश में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं। प्रदेश के सभी जिलों के युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। प्रदेश में सरकारी नौकरियों में भर्ती के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गीडा में हो रहे औद्योगिक विकास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बीते 9 वर्षों में गीडा बदल गया है। यहां के उद्योगों में स्टील, पाइप, अच्छे कपड़े बन रहे हैं। पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेज व बिसलेरी की भी यूनिट लगी है। नए-नए उद्योग आ रहे हैं। अच्छी डिस्टिलरी लग रही है। गीता प्रेस का संस्थान भी यहां बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा उद्योग केवल उत्पादन के केंद्र नहीं हैं बल्कि वे रोजगार भी ला रहे हैं। गीडा के नाइलिट सेंटर से मिल रही ट्रेनिंग युवाओं को यहीं रोजगार उपलब्ध होने की गारंटी भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गीडा का विस्तार अब धुरियापार क्षेत्र तक हो रहा है। धुरियापार क्षेत्र में 7 हजार एकड़ में इंडस्ट्रियल टाउनशिप बन रही है। वहां सीमेंट, पेंट की फैक्ट्री आ रही है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस से उद्योग जगत को भी बड़ा फायदा हो रहा है। इससे गोरखपुर से लखनऊ जाने में लगने वाला समय 7-8 घंटे से कम होकर तीन-साढ़े तीन घंटे रह गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कि रेडीमेड गारमेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक और अन्य एमएसएमई यूनिट्स के लिए यह बेहतरीन मॉडल साबित होगा। उन्होंने कहा कि अभी यह फ्लैटेड फैक्ट्री तीन मंजिला है और इसे तीन मंजिल तक और बनाया जा सकता है। उन्होंने दूरदराज से आकर गीडा में सेवायोजित कामगारों के लिए सस्ते दर पर बेहतरीन आवासीय सुविधा देने के लिए भी गीडा की तारीफ की।

गीडा में आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में गीडा बड़ा इंडस्ट्रियल हब बन रहा है। यह युवाओं के रोजगार के लिए बड़ा केंद्र बन रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में सहजनवा विधानसभा क्षेत्र विकास की नजीर प्रस्तुत कर रहा है।

इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**गोरखपुर, आजमगढ़ व बस्ती की संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता संगोष्ठी का शुभारंभ**

## बीमारूपन दूर कर किसानों ने बनाया समृद्ध उत्तर प्रदेश : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में खेती-किसानी के क्षेत्र में आए परिवर्तन के कारण अन्नदाता किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। किसान समाज व राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ते हुए आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहे हैं। देश की सबसे अच्छी उर्वरा भूमि और सर्वाधिक सिंचित भूमि (86 फीसदी) यूपी में है। रबी-खरीफ व जायद की तीनों फसलों से किसानों को अच्छा दाम भी मिल रहा है। यह किसानों की मेहनत का परिणाम है कि यूपी का बीमारूपन दूर हुआ और राज्य समृद्ध बना। किसानों ने कृषि विकास दर को 8 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत तक पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित गोरखपुर, आजमगढ़ व बस्ती की संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता संगोष्ठी-2026 का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जन-समूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें ट्रैक्टर की चाबी व केसीसी प्रमाण पत्र प्रदान किए। संगोष्ठी का संचालन चारूशीला सिंह ने किया।

सीएम योगी ने कहा कि 12 वर्ष पहले किसान आत्महत्या पर मजबूर थे। 2005 से 2014 के बीच देश में अलग-अलग स्थानों पर अनगिनत किसानों ने आत्महत्या की थी। इसके पीछे भी त्रासदी थी, उनके लिए अच्छी क्वालिटी के बीज, उचित एमएसपी, आपदा से बचाव के उपयुक्त प्रबंध नहीं थे। लागत अधिक-उत्पादन कम था। यदि किसान ने मेहनत से अन्न उत्पादन किया भी तो उसके क्रय की उचित व्यवस्था नहीं थी।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में दशकों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को प्रारंभ करने के साथ बाणसागर, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, बुंदेलखंड आदि से जुड़ी परियोजनाओं को पूरा कराया गया। 24 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई। सरकार निजी नलकूप में भी किसानों को फ्री बिजली देती है और इसके लिए 3000 करोड़ रुपये का भुगतान भी करती है।

सीएम ने गोष्ठी की उपयोगिता पर बल दिया और कहा कि आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए विकसित खेती आज की आवश्यकता है। किसान तीन फसलों का व्यापक पैमाने पर उत्पादन करता है। फसल चक्र से जुड़ी चुनौतियों का कैसे मुकाबला कर सकते हैं, इस पर ध्यान देना होगा। इस बार मानसून औसत से कम बताया जा रहा है। इसके लिए



रणनीति तय होनी चाहिए। यह गोष्ठी किसानों को सही दिशा देगी। सीएम ने कोरोना के दौरान भी किसानों की ताकत का जिक्र किया।

इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

### किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**बड़हलगंज।** कोतवाली क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार किशोरी 26 मई 2026 को घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने बताया कि किशोरी के अचानक गायब होने से परिवार काफी परेशान है। काफी प्रयासों के बाद भी कोई जानकारी न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई और कार्रवाई की मांग की गई। थानाध्यक्ष सुनिल राय ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सीएम ने जनता दर्शन में सुनीं जनसमस्याएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में भूमि संबंधी शिकायतों पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने डीएम को निर्देशित किया कि भूमि संबंधी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। प्रकरण की गंभीरता के अनुसार संबंधित के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाए। किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही कतई क्षम्य नहीं है।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। कुछ लोगों ने जमीन से जुड़े मामलों में राजस्व कर्मियों की तरफ से लापरवाही किए जाने की शिकायत की तो उन्होंने डीएम को तत्काल कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने कहा कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।



गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित ,जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 150 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिया कि किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। एक महिला ने कुछ लोगों द्वारा मकान से बेदखल किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि मकान पर महिला का कब्जा दिलाया जाए। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

जनता दर्शन में एक महिला ने मां के इलाज के लिए सहायता देने का निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने बताया कि उसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है। इस पर सीएम ने मौके पर मौजूद अफसरों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द इनका आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। अधिकारी हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाएं, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि उन्हें विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### शिव मंदिर में लगी मूर्ति खंडित ग्रामीणों में आक्रोश

**सहजनवां, गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के भरसाड में स्थित शिव मंदिर में शिव की लगी मूर्ति को गांव का एक मानसिक रोगी ने तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया है। बुधवार को जैसे ही शिव मूर्ति खंडित होने की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। और बवाल मचाना शुरू कर दिए। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ गीडा सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी पहुंच कर ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश किया। इसके बाद पुलिस ने जांच करना शुरू किया तो बताया जा रहा है कि गांव का ही एक मानसिक रोगी ने मूर्ति तोड़ी है। पुलिस ने आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संदर्भ में चौकी इंचार्ज भरसाड अभिनव श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## कोचिंग से लौट रहे भाई-बहन पर हमला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम गौरखास में कोचिंग से लौट रहे भाई-बहन पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने गांव के कुछ लोगों पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम गौरखास निवासी रामवृक्ष पुत्र स्वर्गीय जगन द्वारा थाना गोला में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, 2 जून 2026 को सुबह करीब 9 बजे उनके नाती अमन पुत्र विजयानंद उर्फ बब्लू तथा नतनी अल्का पुत्री विजयानंद उर्फ बब्लू कोचिंग से लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के मनीष पुत्र हरिराम गौतम, दीपक, सोनू पुत्रगण श्रीनिवास, गीता पत्नी श्रीनिवास तथा अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया और कहासुनी के बाद मारपीट शुरू कर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मारपीट के दौरान अमन के सिर पर ईंट से हमला किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसी बीच अल्का के साथ भी मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना की सूचना पर डायल-112 पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। आरोप है कि हमलावर जाते समय पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

पीड़ित ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। उक्त प्रकरण में गोला थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाहीं के लिए निर्देशित किया गया है।

### पुरानी रंजिश में दो भाइयों पर लाठी-डंडों से प्रहार

**बड़हलगंज।** कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। पीड़ित ने चार लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिधेगौर गांव निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात करीब 11 बजे वह अपने भाई मोनू के साथ बरडीहा गांव से भोजन कर घर लौट रहे थे। रास्ते में पुरानी रंजिश के चलते दोपहिया वाहन पर सवार चार लोगों ने उन्हें रोका और गाली-गलौज करने लगे। दिनेश के अनुसार, आरोपियों ने लाठी-डंडों और अन्य वस्तुओं से उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने आए उनके भाई मोनू को भी पीटा गया, जिससे वह भी घायल हो गए। आरोप है कि हमलावर जाते समय दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## घर के बाहर सो रहे युवक पर हमला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** थाना क्षेत्र के ग्राम पठखौली (देईडिहा) में घर के बाहर सो रहे एक युवक पर चार अज्ञात लोगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने पट्टीदारों पर संदेह जताते हुए पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पठखौली (देईडिहा) निवासी मुकुल पाठक पुत्र स्वर्गीय दुर्गा पाठक द्वारा थाना गोला में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, 31 मई 2026 की रात करीब 12 बजे दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात व्यक्ति उनके दरवाजे पर पहुंचे। आरोप है कि बाइक खड़ी करने के बाद चारों हमलावर लाठी, डंडा और सरिया लेकर उनके पास पहुंचे और सोते समय उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

पीड़ित के शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य जाग गए और हमलावरों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे गाली-गलौज करते हुए जान-माल की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

तहरीर में मुकुल पाठक ने बताया है कि वर्ष 2024 में उनके चाचा राजेंद्र पाठक पर भी इसी प्रकार हमला हुआ था। इस घटना के संबंध में उन्होंने अपने पट्टीदार वीरेंद्र पाठक पुत्र स्वर्गीय विद्याधर पाठक तथा अमन पाठक व आकाश पाठक पुत्रगण वीरेंद्र पाठक पर संदेह व्यक्त किया है। पीड़ित का कहना है कि लगातार हो रही घटनाओं से परिवार में भय और दहशत का माहौल है तथा आशंका है कि भविष्य में कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### युवक पर हमला, मुकदमा

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम दुबौली में एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने गांव के एक व्यक्ति पर हमला कर घायल करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। ग्राम एवं पोस्ट दुबौली निवासी पीड़ित द्वारा थाना गोला में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, 28 मई 2026 को शाम करीब 7 बजे वह अपने बगीचे से घर लौट रहा था। आरोप है कि जब वह गांव में रोशन राय पुत्र शिवप्रकाश राय के मकान के सामने पहुंचा तो रोशन राय ने उसे बुलाया। पास जाने पर उन्होंने हाथ में पहने कड़े से उस पर हमला कर दिया। तहरीर में उल्लेखित है कि हमले में पीड़ित के चेहरे और सिर पर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के दौरान रोशन राय ने अभद्र गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। किसी तरह पीड़ित वहां से निकलकर अपने घर पहुंचा।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां/ हरपुर।** सहजनवा ब्लाक के सुगौना शहीद मूर्ति के पास करीब डेढ़ सप्ताह से जेल ट्रांसफार्मर तथा टूटे खंभे न बदलने



को लेकर करीब दो दर्जन की संख्याएं ग्रामीणों से बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। और समस्या को दूर कराने की मांग किया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सुगौना शहीद मूर्ति के पास डेढ़ सप्ताह पूर्व आधी पानी आने से ट्रांसफार्मर जल गया था। तथा खंभे टूट गए थे। जिससे करीब सैकड़ों घरों में बिजली गुल चल रही है। कई बार विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत किया गया लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया। इस भीषण उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना हराम हो चुका है। दिन तो किसी तरह कट जा रही है। रात्रि में गर्मी की वहज से जीना दूभर हो चुका है। ग्रामीणों ने चेतावनी दिया है कि विभाग इस समस्या का तत्काल समाधान नहीं कराया तो ग्रामीण धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने को बाध्य होगे।

प्रदर्शन करने वालो में अजय यादव,अनिल मद्धेशिया, अभिनाश, विकास कुमार, संदीप कुमार, आर्यन, श्याम, कन्हैया, रमेश, भागीरथी, अच्छेलाल दीवाना, अखिलेश दुर्विजय, रामदरश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### महिला को धमकाने व मारपीट का आरोप

**सहजनवां।** सहजनवां थाना क्षेत्र के केशोपुर में रहने वाली एक महिला ने गैलेंट कंपनी में कार्यरत एक कर्मचारी पर घर में घुसकर मारपीट की कोशिश, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। मिली जानकारी से केशोपुर निवासी नीलम सिंह पत्नी कामेश्वर सिंह ने आरोप लगाई है कि उनके पति और आरोपी के बीच पुराना विवाद है। आरोपी जो गैलेंट सरिया कंपनी में इलेक्ट्रिशियन के पद पर तैनात है, पीड़ित महिला के पति से किसी पुरानी बात को लेकर रंजिश रखता है। सोमवार रात करीब 10:30 बजे आरोपी अपने एक साथी के साथ पीड़िता के घर पहुंचा। महिला को गाली गलौज करते हुए मारने पीटने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की समस्याओं, सुझावों एवं विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित पूर्व सैनिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों ने देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इसलिए उनकी समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आयोजित होने वाली विभिन्न जागरूकता गतिविधियों, राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं प्रेरणात्मक अभियानों में पूर्व सैनिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि उनके अनुभव एवं अनुशासन का लाभ समाज एवं युवाओं को प्राप्त हो सके। बैठक में एसडीएम तुलसीपुर राकेश जयंत, सीओ सिटी ज्योति, जिला सैनिक पुनर्वास कल्याण अधिकारी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# गर्मी से राहत के लिए स्प्रे टैंकर से कराया जल छिडकाव

**बलरामपुर।** भीषण गर्मी और बढते तापमान से आमजन को राहत दिलाने के उद्देश्य से आदर्श नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्प्रे टैंकर के माध्यम से जल छिडकाव कराया गया। यह कार्य नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के निर्देश पर संपन्न कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि लगातार पड रही भीषण गर्मी के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। ऐसे में नगरवासियों को कुछ राहत प्रदान करने के लिए स्प्रे टैंकर के माध्यम से सडकों एवं भीडभाड वाले क्षेत्रों में पानी का छिडकाव कराया गया। इससे वातावरण में ठंडक महसूस हुई और धूल से भी राहत मिली। उन्होंने बताया कि छिडकाव के दौरान स्थानीय लोगों ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना की। विशेष रूप से बच्चों में इस व्यवस्था को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। स्प्रे टैंकर से निकलती पानी की फुहारों के बीच बच्चों ने आनंद उठाया और नगर पालिका के प्रति आभार व्यक्त किया। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए आगामी दिनों में भी आवश्यकतानुसार जल छिडकाव की व्यवस्था जारी रखी जाएगी,ताकि नागरिकों को गर्मी से राहत मिल सके। नगर पालिका परिषद जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नगरवासियों की सुविधा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर नगरवासियों ने नगर पालिका परिषद की प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौर में इस प्रकार की व्यवस्थाएं आम जनता के लिए काफी राहतकारी सिद्ध होती हैं।

# राजकीय भंडारण निगम खूंटेहना का किया औचक निरीक्षण, स्टॉक का किया सत्यापन



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने तहसील सदर में राजकीय भंडारण निगम खूंटेहना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भंडारण गृह में खाद्यान्न के एलोकेशन, एंट्री एवं निकासी की प्रक्रिया का विस्तृत जायजा लिया। डीएम ने पोर्टल पर उपलब्ध खाद्यान्न स्टॉक का भौतिक अभिलेखों से मिलान किया तथा संबंधित अधिकारियों से खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि खाद्यान्न के ट्रांसपोर्ट पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। खाद्यान्न परिवहन में लगे ट्रकों में जीपीएस की उपलब्धता एवं सक्रियता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, जिससे खाद्यान्न परिवहन की प्रभावी निगरानी हो सके। डीएम ने कहा कि खाद्यान्न वितरण पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपादित की जाए। इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### आर्य समाज मन्दिर के जीर्णोद्धार वास्ते 71 लाख आंवटित

**उतरौला/बलरामपुर।** आदर्श नगर पालिका के मोहल्ला आर्य नगर में स्थित प्राचीन आर्य समाज मन्दिर उतरौला के जीर्णोद्धार के लिए शासन ने 71 लाख रुपये आवंटित किए हैं। इसके लिए विभाग ने टेण्डर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला की अध्यक्षा सविता गुप्ता ने बताया कि आर्य समाज मन्दिर का भवन काफी पुराना हो जाने से उसके जीर्णोद्धार के लिए नगर पालिका ने डेढ करोड रुपये की लागत का प्रस्ताव शासन को भेजा था। प्रस्ताव में आर्य समाज मन्दिर के कमरों का निर्माण, वेदशाला व यज्ञशाला का निर्माण भजन व वेद उपदेश के लिए हॉल का निर्माण, सार्वजनिक शौचाल य व निवास के लिए भवन बनाए जाने का प्रावधान है। अध्यक्षा ने यह भी बताया कि नगर के बीचो बीच स्थित होने से मन्दिर के जीर्णोद्धार के बाद इसे रमणीय स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। शासन ने नगर पालिका परिषद उतरौला के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए 71 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। शासन से धनराशि मिलने पर टेण्डर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निर्माण का टेण्डर होते ही आर्य समाज मन्दिर उतरौला का जीर्णोद्धार कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### हसीब खान ने एसपी से की शिष्टाचार भेट

**उतरौला/बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी के हाल ही में हुए आंतरिक सर्वे में उतरौला विधान सभा से हसीब खान का नाम सामने आने के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। राजनीतिक गलियारों में भी हसीब खान की सक्रियता और जनाधार को लेकर काफी चर्चाएं तेज हो गई हैं। सर्वे में नाम आने के बाद हसीब खान ने अपनी राजनीतिक गतिविधियों को और गति देते हुए बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार के साथ मुलाकात की। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में अपने प्रस्तावक रहे एजाज मलिक से भी मुलाकात कर आगामी राजनीतिक रणनीतियों और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। सूत्रों के अनुसार हसीब खान लगातार क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। वे विभिन्न गांवों और कस्बों का दौडाकर लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं, तथा उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं। इसी क्रम में समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों का सिलसिला भी जारी है। स्थानीय कार्यकर्ताओं का कहना है कि हसीब खान की बढती सक्रियता से समाजवादी पार्टी को क्षेत्र में मजबूती मिल रही है। वहीं राजनीति क जानकार इसे आगामी चुनावी तैयारियों से जोडकर देख रहे हैं। हसीब खान ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता के विश्वास और समर्थन को अपनी सबसे बडी ताकत मानते हैं तथा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे।

### आज कार्मिक अंशन पर रहेंगे अधिवक्ता

**उतरौला/बलरामपुर।** अधिवक्ता की निजी जमीन पर सरकार के द्वारा जबरन निर्माण को लेकर अधिवक्ता संघ ने पूर्ण समर्थन करने का ऐलान कर दिया है। जिसके क्रम में वृहस्पतिवार को क्रमिक अनशन पर अधिवक्ता बैठकर अपना विरोध प्रकट करेंगे। यह जानकारी अधिवक्ता संघ उतरौला के महामंत्री रवि शंकर मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि वृहस्पतिवार को तहसील में अनशन स्थल पर सभी अधिवक्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है। आन्दोलन में शामिल न होने वाले अधिवक्ताओं के विरुद्ध संघ के द्वारा कठोर निर्णय लिया जाएगा। वृहस्पतिवार को क्रमिक अनशन पर पांच सीनियर व पांच व पांच जूनियर अधिवक्ता रहेंगे। अनशन पर अधिवक्ताओं के द्वारा अपना विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। विदित हो कि अधिवक्ता मनीष पांडेय की निजी भूमि पर निर्माण को लेकर एक सप्ताह से अधिवक्ता आन्दोलन कर रहा है जिससे न्यायालय के कार्य बाधित भी हो रहा है। बुधवार को अधिवक्ताओं के सहयोग न करने से कोई भी न्यायिक कार्य नहीं हुआ है जिसके चलते विभिन्न न्यायालयों पर लगे 288 मुकदमों की सुनवाई नहीं हो सकी है, और फरियादियों को वापस लौटना पड रहा है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रह्लाद यादव ने बताया अनशन की सूचना उप जिलाधिकारी उतरौला मनोज कुमार सरोज को दी जा चुकी है।

### तीन गैंगस्टर आरोपियों की 45 लाख की संपत्ति कुर्क

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** कलेक्टर अभिषेक पांडेय के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के आरोपी मो इलियास पुत्र जान मोहम्मद निवासी रंजीतपुर चिलबिला कोतवाली नगर की 20 लाख रुपए की चल अचल संपत्ति कुर्क की गई।मो इलियास की एक महिंद्रा टीयूवी कीमत 6 लाख,फर्म किसान ग्रामोद्योग आंवला फैक्ट्री कीमत 14 लाख रुपए को कुर्क किया गया।इसी तरह गैंग सरगना प्रमुख मस्सन पुत्र लतीफ निवासी आम मऊ ककरहा थाना अंतू की 8 लाख 30 हजार की चल संपत्ति मे ह्युंडई क्रेटा कार कीमत 7 लाख,रॉयल एनफील्ड बुलेट कीमत 1 लाख 30 हजार को कुर्क किया।इसी तरह गैंगस्टर अलीम उर्फ मोनू पुत्र लतीफ जो कि मस्सन का भाई है उसकी 17 लाख की संपत्ति कुर्क की गई।कुर्क कि गई चल संपत्ति मे स्कॉर्पियो कीमत 12 लाख,बोलोरो 4 लाख व एक पुरानी बोलोरो कीमत 1 लाख रुपए को कुर्क किया गया।

### आवास की शिकायत पर जांच को पहुंची टीम

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** नागर पंचायत हीरागंज बाजार के वार्ड 4 निवासी लालजी यादव ने आवास चयन मे धांधली की शिकायत डीएम से की थी,उसी क्रम मे नायब तहसीलदार लालमणि सरोज लेखपाल आदि जांच पड़ताल को पहुंचे तो पात्र लाभार्थियों ने हंगामा करते हुए शिकायतकर्ता का घेराव करते हुए खरी खोटी सुनाई।मामला जोर पकड़ने पर डायल 112 पुलिस बुलाई गई,जिसके बाद जांच टीम बैरन लौट गई।

# स्वच्छता आंदोलन की प्रेरणा मनोरानी देवी का निधन



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** ग्रामीण स्वच्छता आंदोलन को नई दिशा देने वाली और सुलभ इंटरनेशनल की ब्रांड एंबेसडर रही मनोरानी देवी का मंगलवार सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह 51 वर्ष की थीं। उन्होंने कतर्नियाघाट वन क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वच्छता अभियान से जुड़े लोगों में शोक की लहर है। वर्ष 1975 में शिवपुर क्षेत्र के भया पुरवा गांव में जन्मी मनोरानी देवी का जीवन संघर्षों से भरा रहा। पति की असमय मृत्यु के बाद उन्होंने आठ बच्चों का पालन-पोषण मजदूरी कर किया। वर्ष 2014 में भवानीपुर गांव में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए जब कोई ग्रामीण जमीन देने को तैयार नहीं था, तब उन्होंने अपनी निजी भूमि दान कर महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की मिसाल पेश की।उनके इस साहसिक कदम की चर्चा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंची। स्वच्छता आंदोलन के प्रणेता डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने उन्हें सुलभ इंटरनेशनल का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया और सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने कतर्नियाघाट के वन गांवों और थारू बहुल बस्तियों में स्वच्छता एवं महिला जागरूकता अभियान चलाया। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मनोरानी देवी का निधन ग्रामीण भारत के स्वच्छता आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

### वांछित 10 अभियुक्तों पर 10 हजार का ईनाम घोषित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पट्टी पर पंजीकृत मुकदमा धारा 191(2),191(3),190, 119(1),115(2),352,351(3) बीएनएस में वांछित एवं फरार चल रहे 10 नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रत्येक पर 10 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया है।उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण 30 मई को हुई घटना से लगातार फरार चल रहे हैं।अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना पट्टी पुलिस द्वारा सुरागरसी-पतारसी, संभावित स्थानों पर दबिश व अन्य आवश्यक प्रयास किए जा रहे है,किन्तु अब तक गिरफ्तारी संभव नहीं हो सकी है।

# डीएम एवं एसपी ने टीजीटी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** बुधवार से प्रारम्भ हो रही प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) लिखित परीक्षा को नकलविहीन,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने एमडीपीजी कॉलेज व राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापग? परीक्षा केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।निरीक्षण दौरान परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था,सुरक्षा प्रबंध,सीसीटीवी निगरानी,परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा ड्यूटी मे तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।डीएम एवं एसपी ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी में लगे कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।परीक्षा केंद्र परिसर एवं उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनंदन राय उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि जनपद में टीजीटी लिखित परीक्षा कुल 33 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है।परीक्षा को सकुशल नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी सुनिश्चित की गई है।

# एकल नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित पंडित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब की ओर से चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरे दिन बुधवार को एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शिखा पाण्डेय द्वारा सांसों की माला पे सिमरू मै शिव का नाम गीत पर प्रस्तुत नृत्य ने जलवा बिखेरा और प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य एवं क्लब के अध्यक्ष प्रो0 जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता एवं क्लब की प्रभारी प्रो0 रेखा विश्वकर्मा के संयोजकत्व में एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि नृत्य प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को अपनी छिपी हुई कला और प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इसके माध्यम से नर्तकों में आत्मविश्वास, मंच का डर दूर करने की क्षमता और कला के प्रति समर्पण का विकास किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर संगठित यह क्लब युवा प्रतिभाओं के अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम साबित हो रहा है। मुख्य नियन्ता प्रो0 वीणा सिंह ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रभारी प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया जबकि क्लब के सचिव लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। निर्णायक व क्लब के कोषाध्यक्ष डॉ स्वदेश भट्ट,डॉ वंदना सिंह व डॉ सुनील कुमार शुक्ल ने शिखा पाण्डेय को प्रथम, स्नेहा गुप्ता को द्वितीय व खुशी श्रीवास्तव को तृतीय स्थान के लिए चुना। इस अवसर पर डॉ प्रखर त्रिपाठी व डॉ अभिषेक कुशवाहा सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### केवीके में खेत बचाओ अभियान की किसानों को दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कृषि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किसानों के हित मे संचालित खेत बचाओ अभियान अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू कालाकांकर मे अभियान का शुभारंभ करते हुए क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को जानकारियां दी गई।केन्द्र प्रभारी डॉ नवीन कुमार सिंह ने किसानों को बताया,कि वर्तमान समय मे संतुलित उर्वरक प्रबंधन,जैविक उर्वरक का अधिक उपयोग से मृदा स्वास्थ्य संरक्षण,दलहनी फसलों के साथ प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग से लाभकारी होगा। प्रसार वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह ने भी प्रकाश डाला। उद्यान वैज्ञानिक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बागवानी आधारित कृषि प्रणाली से किसानों की आय के साथ मृदा व पर्यावरण संरक्षण मे योगदान देती है।पशु चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ प्रसेनजीत देवनाथ ने कहा कि खेती व पशुपालन एक दूसरे के पूरक है।

### जेसीबी से मकान जमींदोज करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली अंतर्गत भुवन का पुरवा मजरा मोठिन मे 31 मई दिन रविवार की सुबह दबंगई का नंगा नाच देखने को मिला।आरोप है कि वादिनी की जमीन पर जबरन कब्जा करने के लिए जेसीबी से बने मकान को ध्वस्त कर दिया।वादिनी की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर लिया।पुलिस विवेचनात्मक कार्रवाई दौरान मुकदमा उपरोक्त मे धारा 119(1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी उपरांत आरोपी रामकृष्ण दुबे उर्फ पंडित दुबे पुत्र रामनिहोर निवासी ग्राम भुवन का पुरवा मजरा मोठिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### हाई स्कूल परीक्षा मे दूसरे को बैठाकर परीक्षा दिलाने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली मे हाई स्कूल परीक्षा मे अपने स्थान पर दूसरे को बैठाकर परीक्षा दिलाने के मामले मे दर्ज मुकदमा से संबंधित आरोपी सत्यम सोनकर पुत्र हरिकेश सोनकर निवासी काजीपुर गुलाम जाफर को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।सत्यम सोनकर हाई स्कूल की परीक्षा स्वयं न देकर अनुचित लाभ हेतु जय प्रकाश मिश्रा उर्फ शिव प्रकाश मिश्रा पुत्र नान बाबू शहजादपुर थाना कोखराज कौशांबी को बैठाकर परीक्षा दिला रहा था।

### टेलीग्राम चैनल पर बाल सेक्सुअल अब्यूज सामाग्री बेचने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली पुलिस ने टेलीग्राम चैनल ग्रुप पर बाल सेक्सुअल अब्यूज सामाग्री के अवैध प्रसार व बिक्री करने के मामले मे दर्ज मुकदमा से संबंधित आरोपी आदर्श यादव 20 पुत्र अनुज यादव निवासी खीचर का पुरवा मजरा भदरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई।

# डीएम से कन्या पाठशाला की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत



**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** विभागीय उपेक्षा के चलते बंद कर दिए गए वर्षो पुराने कन्या पाठशाला पर हल्का लेखपाल ने गांव के एक दबंग से खजूर छाप (पैसा) लेकर कब्जा करवा दिया,लेकिन शिकायत के बावजूद बेसिक शिक्षा विभाग हरकत मे नहीं आया,तो ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से स्कूल और आबादी की जमीन को तत्काल खाली कराने की मांग किया है।नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के गंभीरा वार्ड में स्थित वर्षों पुराने कन्या पाठशाला को कुछ साल पहले विभाग ने महिला शिक्षिका की कमी बताकर बंद कर दिया था,जो चार दिन पहले तक खंडहर के रूप मे मौजूद था।लेकिन 30 मई को हल्का लेखपाल हरिश्चंद्र सरोज ने गाटा संख्या 351 मे दर्ज करीब चार विश्वा स्कूल की जमीन को साजिशन गांव के नंदलाल मौर्य की जमीन बताकर नाप दिया।लेखपाल हरिश्चंद्र सरोज ने ग्रामीणों को गुमराह करते हुए कहा कि कन्या पाठशाला गलत जमीन पर बनाया गया था।31 मई को धन बल से सरहंग नंदलाल मौर्य ने दिनदहाड़े जेसीबी लगाकर स्कूल के खंडहर को ध्वस्त करा दिया और अवशेष भी उठा ले गया।नंदलाल राम सिंह आशुतोष मनोज एवं नंदलाल की पत्नी जय श्री आदि मिलकर स्कूल के बगल स्थित करीब पांच विश्वा आबादी की जमीन पर पहले से ही कब्जा कर खेती कर रहे है।

### 40 रक्तदाताओं ने किया महादान

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** सीमा जागरण मंच के तत्वावधान में मोतीपुर थाना परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में करीब 40 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह ने किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी विनोद यादव व भाजपा नेता परशुराम कुशवाहा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। मेडिकल कॉलेज बहराइच की 7 सदस्यीय टीम–डॉ. अली मेहंदी, डॉ. नूर मोहम्मद व लैब टेक्नीशियन ज्ञानेंद्र वर्मा सहित–ने आवश्यक जांच के बाद रक्त संग्रह किया। रक्तदाताओं को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता बढ़ाकर दुर्घटना, प्रसव व थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना है।

### 5 से 21 तक चलेगा समेकित जन-कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान

**श्रावस्ती, ।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 से 21 जून, 2026 के मध्य जनपद में समेकित जन-कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान का संचालन किया जाना है, जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में विकास भवन में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शासन के नीतिगत निर्णयों, जन केन्द्रित विकास कार्यो एवं लोक कल्याणकारी उपलब्धियों को समाज के अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने, पत्र लाभार्थियों को शासकीय योजनाओं से आध्छादित करने, जन समस्याओं के त्वरित एवं मौके पर निस्तारण तथा पर्यावरण संरक्षण को सुद्ध? करने के उददेश्य से इस अवधि में जनपद के समस्त विकास खण्डों एवं नगरीय निकायों में जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान संचालित किया जाना है। उन्होने बताया कि अभियान के प्रत्येक चरण में सादगी, अनुशासन, ईंधन बचत. पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जायेगी तथा विगत वर्षो में हुए विकास कार्यो एवं सुशासन मॉडल को समस्त कार्यक्रमों में समाहित किया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक चरण के कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नोडल अधिकारी नामित किये गए है, जो सकुशल दिये गये निर्देशों के क्रम में कार्यक्रम को कराने तथा फोटोग्राफ्स को संग्रहीत कर सूचना विभाग को उपलब्ध करायेगें।उन्होने निर्देशित किया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु नामित सभी नोडल/सहायक नोडल अधिकारी प्रत्येक स्तर से शासन के निर्देशानुसार अभियान को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।



स्वतंत्र भारत
लखनऊ, गुरुवार 4 जून 2026

प्रयागराज
कौशाम्बी/प्रयागराज



# उत्तर मध्य रेलवे ने रचा नया इतिहास : चिपयाना बुजुर्ग - टूंडला खंड में 'कवच' वर्ज़न 4.0 स्थापित

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के संकेत एवं दूरसंचार विभाग ने भारतीय रेल के इतिहास में एक अत्यंत गौरवशाली और युगांतरकारी उपलब्धि दर्ज की है। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व तथा प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर सतेन्द्र सिंह के तकनीकी मार्गदर्शन में, देश में पहली बार चिपयाना बुजुर्ग - टूंडला खंड (175 रूट किलोमीटर) पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की परिचालन गति के लिए अत्याधुनिक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' वर्ज़न 4.0 (TCAS) का सफलतापूर्वक कमिशनिंग कर दिया गया है। इस ऐतिहासिक कमिशनिंग के साथ ही उत्तर मध्य रेलवे में कुल कवच वर्ज़न 4.0 का नेटवर्क बढ़कर अब 445 रूट किलोमीटर के वृहद स्तर पर पहुँच गया है। यह ऐतिहासिक परीक्षण कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12033 अप एवं 12034 डाउन) में किया गया, जो 'केर्नेक्स' (Kernex) मेक के कवच सिस्टम से सुसज्जित है। इस अभूतपूर्व सफलता पर






प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने पूरी तकनीकी टीम को बधाई दी और इसे 'मिशन रफ़्तार' की दिशा में एक क्रांतिकारी मील का पत्थर बताया है।

तकनीकी विशेषताओं के दृष्टिकोण से, चिपयाना बुजुर्ग (छोड़कर) - टूंडला (छोड़कर) तकनीकी विशेषताओं के दृष्टिकोण से, अब कई अनूठी उपलब्धियों के साथ पूरे भारतीय रेलवे नेटवर्क पर अकेला ऐसा खंड बन गया है जहाँ 160 किमी प्रति घंटे की उच्च गति पर 'कवच' वर्ज़न 4.0(केर्नेक्स मेक) को पूर्णतः क्रियाशील किया गया है। तकनीक के क्षेत्र में एक और अभूतपूर्व कदम उठाते हुए पहली बार कवच को 'प्रोटोकॉल कन्वर्टर्स' के माध्यम से 'हिताची इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग' सिस्टम से सफलतापूर्वक जोड़ा गया है, और ईआईपीसी तथा एलसी टीसीएएस प्रणालियों के माध्यम से पूरे ट्रैक और सिग्नलिंग ढांचे का त्रुटिहीन एकीकरण सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह वही ऐतिहासिक रेल खंड है, जहाँ केर्नेक्स कंपनी ने 160 किमी प्रति घंटे की उच्च गति संचालन के लिए वर्ज़न 4.0 हेतु अपना आधिकारिक 'जेनेरिक एप्रूवल' भी प्राप्त किया है।

इस अत्याधुनिक सुरक्षा कवच को धरातल पर उतारने के लिए उत्तर मध्य रेलवे की टीम द्वारा 175 रूट किमी के दायरे में एक विशाल और व्यापक बुनियादी ढांचा स्थापित किया गया। इसके तहत 22 एस टीसीएएस एवं 09 एलसी टीसीएएस स्टेशनरी कवच इकाइयाँ स्थापित की गईं और 10 WAP-7 रेल इंजनों को इस प्रणाली से पूर्णतः लैस किया गया। साथ ही, 4500 से अधिक RFID टैग्स ट्रैकों पर पूरी सटीकता से लगाए गए, संचार को मजबूत करने के लिए 09 नए 40-मीटर ऊँचे टावर निर्मित किए गए और 48-कोर फाइबर ऑप्टिक केबल की मजबूत बैकबोन लाइन बिछाई गई है।

इस पूरी प्रणाली को अंतिम रूप से चालू करने से पहले अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन, उत्तर मध्य रेलवे की कोर टीम तथा स्वतंत्र सुरक्षा मूल्यांकनकर्ता (ISA) 'इटालसर्टिफायर' (Italcertifier) द्वारा अत्यंत कड़े और गहन सुरक्षा परीक्षणों से गुजारा गया। इन परीक्षणों के अंतर्गत 10000 किलोमीटर से अधिक की 'नो-बीआईयू' (No-BIU) टेस्ट रनिंग सफलतापूर्वक पूरी की गई। इसके अतिरिक्त, सिग्नलों को अनदेखा करने से रोकने के लिए 180 से अधिक स्पैड प्रिवेंशन और लूप-लाइन स्पीड कंट्रोल परीक्षण किए गए। विपरीत परिस्थितियों में ट्रेनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हेड-ऑन (आमने-सामने) और रियर-एंड (पीछे से) टक्कर रोधी परीक्षण शत-प्रतिशत सफल रहे। इस प्रणाली का वंदे भारत, शताब्दी और श्रमशक्ति एक्सप्रेस जैसी प्रतिष्ठित ट्रेनों के एलएचबी डिब्बों, लाइट इंजनों, WAP-7 और WAP-5 इंजनों के साथ व्यापक परीक्षण किया गया है।

प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (PCSTE) सतेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में इस कार्य को मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (परियोजना/समन्वय), मुख्य संकेत इंजीनियर (CSE), मुख्य दूरसंचार इंजीनियर (CCE) तथा प्रयागराज मंडल की समर्पित टीम एवं मुख्यालय ड्राइंग टीम ने दिन-रात परिश्रम कर साकार किया है। जमीनी स्तर पर इस कार्य को उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/टूंडला एवं उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/पी/अलीगढ़ के नेतृत्व में पूरा किया गया। देश के सबसे महत्वपूर्ण दिल्ली-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर संरक्षा और गति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली यह उपलब्धि पूरे रेल परिवार के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।

## बिना मानचित्र के दबंग कर रहा निर्माण, लोगों में आक्रोश

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण जहां एक ओर बिना नक्शा पास कराए निर्माण पर उसके बुलडोजर लगातार गरज रहे हैं वही एक दबंग प्राधिकरण के अफसर को खुलेआम चुनौती दे रहा है वह बिना नक्शा पास कराए लगभग 300 वर्ग गज में निर्माण कर रहा है जिससे स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है इस मुदे को लेकर स्थानीय लोगों ने प्राधिकरण के सचिव को लिखित शिकायत की है उसके बाद भी अब तक निर्माण कार्य रोका नहीं जा सका। स्थानीय लोगों ने सचिव विकास प्राधिकरण को लिखे शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि ग्राम सभा मेडुआ में संतोष कुमार तिवारी निवासी चंद्रपुर बस महुआ द्वारा बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कारण लगभग 300 वर्ग गज में अवैध निर्माण कराया जा रहा है इस निर्माण कार्य को रोकने के लिए स्थानीय लोगों ने पहले थाने में शिकायत की उसके बाद तहसील जाकर एसडीएम से मिले और वहां भी शिकायत दर्ज कराई इसके बाद सचिव विकास प्राधिकरण को लिखित शिकायत की लेकिन दबंग के आगे प्राधिकरण पूरी तरह से बौना साबित हो गया है यहां दबंग लगातार निर्माण कर कर रहा है जबकि स्थानीय लोग इस निर्माण कार्य को लेकर प्राधिकरण की चौखट पर लगातार शिकायत कर रहे हैं उसके बाद भी निर्माण कार्य नहीं रुक रहा है स्थानीय लोगों का कहना था कि यदि निर्माण कार्य नहीं रुक तो वे लोग प्राधिकरण के अध्यक्ष यानी कमिश्नर प्रयागराज से मिलकर शिकायत दर्ज कराएंगे और प्राधिकरण के करतूत की भी कलाई खोलेंगे।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्डों की सड़कों व पानी व्यवस्था का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत भरवारी कौशाम्बी।** जनपद में नगर पालिका परिषद भरवारी के अन्तर्गत वार्ड नम्बर 14 सौहार्द नगर धन्नी में स्थानीय निवासियों द्वारा क्षेत्र में आवागमन हेतु सड़क एवं समुचित नाली व्यवस्था न होने की जनसुनवाई में अवगत कराया गया था जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुए आज मौके पर नगर पालिका परिषद भरवारी अध्यक्ष कविता पासी द्वारा पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि हर वार्ड में बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना और नागरिकों को सुगम जीवन शैली प्रदान करना नगर पालिका प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जेई देश दीपक एवं वार्ड की स्थानीय निवासी श्रीमती तुलसी देवी, श्रीमती सुशीला देवी एवं श्रीमती अनारकली सहित तमाम लोगों की उपस्थिति रहीं।



## मेजा सीएससी में नए अधीक्षक डा. राकेश कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया

**मेजा प्रयागराज।** मेजा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डा राकेश कुमार ने नए अधीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वह हड़िया तहसील के टेला पीएचसी में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे पूर्व में अधीक्षक रहे डा शमीम अख्तर के स्थान पर आए है। डा शमीम अख्तर का तबादला चित्रकूट में हुआ है। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद, उन्होंने अस्पताल परिसर का गहन निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नवागत अधीक्षक ने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था को असंतोषजनक पाया, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जोर देकर कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने अस्पताल के सभी कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सकों व कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। सीएचसी मुख्य गेट के पास रखे पानी भरे घड़े को खुला पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और तुरंत उसे अखबार से ढकवाया। उन्होंने कहा कि सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। दवाओं की कमी को उन्होंने कहा कि एक दो दिन में दवाइयां उपलब्ध करा दिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में कहा कि अस्पताल में दलालों को कोई जगह नहीं है।



## प्रयागराज के साउथ मलाका मे हुए 4 कत्ल का खुलासा

**प्रयागराज पुलिस ने मात्र कुछ ही घंटों मे कर दिया साउथ मलाका के चर्चित हत्याकांड का खुलासा**

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर प्रयागराज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे हत्याकांड की ब्रीफिंग कर बताया की कैसे अभिषेक ने ही अपने दोस्त के साथ मिलकर अपने माता पिता और बहन की हत्या की और दिवार पर पुलिस को गुमराह करने के लिए लिख दिया की बंटी बबली और बहु ने मारा। ये सब करने के बाद दोनों नीचे दुकान मे आये और लूट के माल को लेकर आपसे मे बंटवारा करने बैठे और बटवारे में विवाद हुआ फिर अभिषेक के दोस्त सनी गुप्ता ने अभिषेक की भी वैसी ही हत्या कर दी जैसे दोनो मिलकर माता पिता और बहन की हत्या की थी। रूपए पैसों के लिए अपना पूरा परिवार खत्म करने के बाद भी अभिषेक को क्या मिला 'मौत"। जैसी करनी ऐसी भरनी।

## 'राजभाषा नीतियों का अनुपालन करना हमारा नैतिक दायित्व है'

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** मीनाक्षी सिंह, भा.रा.से., मुख्य आयकर आयुक्त एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), इलाहाबाद महोदया की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), इलाहाबाद की वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही बैठक दिनांक 03 जून, 2026 को आयकर भवन, इलाहाबाद के सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में इलाहाबाद स्थित 48 केन्द्रीय कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ अध्यक्ष महोदया एवं उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत बैठक में उपस्थित विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों के विभागाध्यक्षों का अध्यक्ष महोदया से परिचय कराया गया।



बैठक में 48 सदस्य कार्यालयों की छमाही रिपोर्ट की वार्षिक कार्यक्रम के सापेक्ष समीक्षा की गई। धारा 3(3) के तहत 14 प्रकार के दस्तावेज आते हैं जिन्हें अनिवार्यतः द्विभाषी रूप से जारी किया जाना चाहिए। इन नियमों के अनुपालन में महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) तथा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग केंद्रीय परिमंडल अग्रणी रहे। नियम 5 के अंतर्गत कार्यालयों में हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में दिया जाना चाहिए जिसका अनुपालन केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन 101 बटालियन, प्रवर्तन निदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, रक्षा लेखा नियंत्रक (पेंशन), प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), मंडल रेल प्रबंधक तथा आयकर विभाग किया जा रहा है। 48 कार्यालयों में 90 प्रतिशत से अधिक पत्राचार हो रहा है जिनमें से 26 कार्यालयों में पत्राचार का लक्ष्य 95% से भी अधिक है। सभी कार्यालयों में बैठकों के नियमित आयोजन किए जा रहे हैं। अधिकांश कार्यालयों में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सदस्य कार्यालयों द्वारा किए गए इन कार्यों की अध्यक्ष महोदया माननीया मीनाक्षी सिंह, भा,रा.से, मुख्य आयकर आयुक्त ने सराहना की। साथ ही उन्होंने महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण तथा केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर कार्यालय पुस्तक प्रदर्शनी/कवि सम्मेलन जैसे आयोजनों के लिए बधाई दी।

बैठक के दौरान नराकास (कार्यालय-1), इलाहाबाद की गृह पत्रिका 'प्रयागपुष्प' के नवीनतम अंक का लोकार्पण माननीया मुख्य आयकर आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कर-कमलों द्वारा किया गया।

बैठक में उपस्थित विभिन्न सदस्यों ने राजभाषा के प्रचार-प्रसार को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। बैठक में विनीत कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, दीपक कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, सुरेन्द्र कुमार, महालेखाकार, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), रंजीत कुमार, आयुक्त, केंद्रीय माल एवं सेवाकर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, सी.के. रस्यारा, एयर कमाडोर, 24 उपस्कर डिपो, ले० कर्नल (डॉ) फराह दीबा रजिस्ट्रार/कार्यालय प्रमुख, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, राजीव उमराव, पोस्टमास्टर जनरल, सहित नगर स्थित केंद्रीय कार्यालयों के विभागाध्यक्ष तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा राजभाषा कार्मिक उपस्थित थे। आयकर विभाग की ओर से मानस मेहरोत्रा, प्रधान आयकर आयुक्त, इलाहाबाद शिव कुमार राय राय, आयकर आयुक्त (मुख्यालय) (ओएसडी), इलाहाबाद, मकरध्वज मौर्य, सहायक निदेशक (राजभाषा), सोनम केसरवानी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, प्रभात रंजन, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक का संचालन सदस्य सचिव मकरध्वज मौर्य ने किया।

## मजाक बना लेखपालों का स्थानांतरण

**स्थानांतरण के बाद सी आर ओ ने दो भ्रष्टाचारी लेखपालों का लिया ट्रांसफर वापस**

**कोरांव स्वतंत्र भारत।** कोरांव तहसील सहित जनपद स्तर पर लेखपालों का स्थानांतरण किया गया, किन्तु दूसरे दिन हीं कोरांव के दो भ्रष्टाचार में डूबे लेखपालों को कोरांव में यथावत बनें रहने का आदेश जारी कर दिया गया।जिसको लेकर अधिवक्ताओं व जनता के आक्रोश को देखते हुए बार एसोसिएशन कोरांव के अध्यक्ष व मन्त्री ने उपजिलाधिकारी से नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी के पी आर ओ को अवगत कराते हुए कहा कि जब यही खेल होना है तो कोरांव तहसील से स्थानांतरित सभी लेखपालों को यही रोक दिया जाय क्या जरूरत है स्थानांतरण की। अध्यक्ष रामबहादुर सिंह ने कहा कि जिसकी सबसे ज्यादा शिकायतें है उन्हीं लेखपालों का स्थानांतरण यथावत करना मुख्य राजस्व अधिकारी की कार्यप्रणाली व ईमानदारी पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। हालांकि इस सम्बन्ध में मुख्य राजस्व अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई किन्तु उनका सी ओ जी नम्बर स्वीच ऑफ रहा।

## दिलीप संघाणी के नेतृत्व में भारत-अमेरिका कृषि साझेदारी को नई उड़ान

**अमेरिका में गूंजी भारतीय किसानों की आवाज, दिलीप संघाणी की पहल को मिली वैश्विक सराहना**

**स्वतंत्र भारत फूलपुर प्रयागराज।** भारतीय किसानों की आवाज अब वैश्विक मंचों पर और अधिक मजबूती से सुनाई दे रही है। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी के नेतृत्व में अमेरिका में आयोजित महत्वपूर्ण कृषि संवाद ने भारत-अमेरिका कृषि सहयोग को नई दिशा देने की संभावनाओं को मजबूत किया है। अमेरिका की प्रतिष्ठित भारत-अमेरिका व्यापार परिषद ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे दोनों देशों के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।





वॉशिंगटन में आयोजित इस बैठक में भारतीय उद्योग एवं वाणिज्य मंडल के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे इफको अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने कृषि क्षेत्र की चुनौतियों, अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की। बैठक के बाद परिषद ने अपने आधिकारिक सामाजिक मंच पर जारी संदेश में कहा कि यह संवाद भारत और अमेरिका के बीच कृषि सहयोग को नई ऊर्जा प्रदान करेगा तथा साझा चुनौतियों के समाधान और नवाचार आधारित विकास के नए रास्ते खोलेगा।

बैठक के दौरान टिकाऊ कृषि विकास, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, उन्नत कृषि तकनीकों के इस्तेमाल, भूमि स्वास्थ्य सुधार और किसानों तक आधुनिक तकनीकी सहायता पहुंचाने जैसे विषयों पर गंभीर मंथन हुआ। दोनों देशों के कृषि विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं और उद्योग प्रतिनिधियों ने इस बात पर सहमति जताई कि बढ़ता सहयोग किसानों के लिए दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित कर सकता है।

परिषद ने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि कृषि क्षेत्र में नवाचार आधारित नीतियां, अनुसंधान सहयोग और तकनीकी साझेदारी भविष्य की जरूरत हैं। परिषद ने किसानों की समृद्धि और वैश्विक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका के प्रभावशाली व्यापारिक संगठन द्वारा इस बैठक को सार्वजनिक रूप से प्रमुखता देना भारतीय सहकारिता आंदोलन की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का संकेत है। साथ ही यह इफको की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और दिलीप संघाणी के नेतृत्व में भारतीय किसानों के हितों को विश्व स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाए जाने का भी प्रमाण माना जा रहा है। कृषि क्षेत्र से जुड़े जानकारों के अनुसार, इस संवाद से कृषि अनुसंधान, तकनीकी नवाचार, संसाधन प्रबंधन और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में नई साझेदारियों का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे न केवल दोनों देशों के कृषि क्षेत्र को लाभ मिलेगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति संभव होगी।

दिलीप संघाणी के नेतृत्व में आयोजित यह पहल भारत-अमेरिका कृषि साझेदारी को नई मजबूती देने के साथ-साथ सहकारिता आधारित कृषि विकास मॉडल को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

इस उपलब्धि से इफको फूलपुर इकाई प्रमुख पीके सिंह के साथ ही इफको अधिकारी संघ के अध्यक्ष अनुराग तिवारी, महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको एंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पांडेय, महामंत्री विजय यादव ने शीर्ष नेतृत्व को बधाई देते हुए खुशी जताई है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत कृषक लाभार्थीगण करायें ई-केवाईसी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद के उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी ने अवगत कराया है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना को पारदर्शी करने एवं कृषकों के डाटा लीक को रोकने के लिए वास्तविक एवं जीवित लाभार्थी पीएम किसान के लिए वार्षिक ई-केवाईसी अवश्य कराये। कृषक बॉयोमैट्रिक ई-केवाईसी-प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पंजीकृत पात्र लाभार्थी कृषक परिवार अपनी ई-केवाईसी की प्रक्रिया बॉयोमैट्रिक ऑथेन्टिकेशन के माध्यम से नजदीकी जन सेवा केन्द्र से कराएं, ताकि योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहें। फेशियल ई-केवाईसी-फेशियल ई-केववाईवसीव हेतु पीएम किसान मोबाइल ऐप का उपयोग करके या ग्राम नोडल अधिकारी (वी0एन0ओ0), कृषि के फील्ड कार्मिकों से सम्पर्क कर पूर्ण करा सकते हैं। कृषक चालू वर्ष के लिए वार्षिक ई-केवाईसी की प्रक्रिया को 30 जून 2026 से पहले अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। कृषकों द्वारा समय से ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाती हैं, तो कृषक स्वतः अपात्रता की श्रेणी में आ जायेंगे व उनकी आगामी किस्तों के भुगतान पर भी भारत सरकार द्वारा रोक लगायी जा सकती हैं। जो किसान वर्ष 2019 से पहले के भूमिधर किसान हैं और अभी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पात्रता की श्रेणी में होते हुये भी आनलाइन आवेदन नहीं किये हों, तो वे च्उापेंदण्हवअण्पद पर जाकर आवेदन करवा सकते हैं। पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु सभी लाभार्थी को अपना फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है।

## जिलाधिकारी ने भूमि विवाद कैम्प का किया स्थलीय सत्यापन, कार्यवाही के निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अन्तर्गत आज तहसील सिराथू की ग्राम अलीपुरजीता में आयोजित कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया एवं ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।



जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से सम्बन्धित 04 शिकायतों में दोनों पक्षों को सुना एवं उप जिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ को मौके पर जाकर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सभी शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। कैम्प में शिकायतकर्ता अब्दुल हकीम की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम की गाटा संख्या 410, भूमिधरी भूमि के बटवारे के आदेश का मौके पर अनुपालन कराया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने आमजन को जमीनी विवाद से बचने एवं कोर्ट से जमीनी विवाद का निस्तारण की प्रक्रिया की भी जानकारी दिया गया।

## आगामी चुनावों में जनहित मुद्दों के साथ जनता के बीच उतरेगी कांग्रेस

**स्वतंत्र भारत कौशाम्बी।** जनपद में कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के निदेर्शानुसार पार्टी की मासिक बैठक जनपद के सभी ब्लाकों एवं नगरों में रखी गई जिसमें यह संकल्प लिया गया कि आने वाले चुनावों में जनता के दैनिक जरूरतों को लेकर जनता के बीच उतरेगी कांग्रेस इस दौरान मंझनपुर ब्लाक,कड़ा ब्लाक, एवं नेवादा ब्लाक व नगरों में बैठक कर जनता की समस्याओं और उनकी मूलभूत जरूरतों को समझा इस दौरान मंझनपुर ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप सिंह पटेल ने कहा कि आज महंगाई से जनता त्रस्त है गैस सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहा है भाजपा सरकार आए दिन पेट्रोल डीजल का दाम अपने मनमुताबिक बढ़ा दे रही है वो केवल अमीरों के लिए काम करने वाली सरकार है गरीबों का हित केवल कांग्रेस चाहती है और इसी आधार पर हम बूथ स्तर से अगामी चुनावों की तैयारी कर रहे हैं इस दौरान नेवादा ब्लाक अध्यक्ष रावेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस आम जनता की पार्टी है और भाजपा केवल चंद उद्योगपतियों की भाजपा को केवल अमीर दिखते हैं और कांग्रेस को सब दिखते है। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष कड़ा रफीक अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार केवल धर्म और जाति की राजनीत करती है वो केवल आमजनता की इन्हीं चीजों में उलझाकर वोट हासिल करना जानती है भाजपा जनउद्धार नहीं चाहती.!

बैठक में मुख्य रूप से अशर्फी लाल, कमल सिंह, शीतल शरण, प्रभाकर पाण्डेय, बलजीत सिंह, पंकज सिंह, अमित कुमार, ओम प्रकाश अग्रहरि, चांदनी देवी, अंश पाल, रमेश यादव, धीरेन्द्र कुमार, सुखलाल यादव, रामू प्रजापति,अमर सिंह सरोज, प्रभा यादव, सरिता देवी, सविता यादव, गीता देवी विजय लक्ष्मी, सरोज देवी आदि मौजूद रहे।



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## गिरता रुपया

देश के आर्थिक मोर्चे पर प्रमुख चिंताओं में रुपए का लगातार हो रहा अवमूल्यन प्रमुख है। इस समय एक डॉलर की कीमत 96 से 97 रुपए के बीच चल रही है। माना जा रहा है कि जल्दी ही यह सौ पर पहुंच जाएगी। यह स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए पूरी तरह से हानिकारक है। चूंकि देश आयात पर, खासकर ऊर्जा के मामले में अधिक निर्भर है तो रुपए के कमजोर होने से आयात को लेकर महंगाई बढ़ जाती है। फिर, रुपया अगर ऐसे ही कमजोर होता रहा तो सीधा असर पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर पड़ेगा। यह बात इस समय देखी भी जा रही है। यह भी साफ है कि तेल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ी और फल, सब्जियां, राशन वगैरह महंगे हुए हैं। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कीमत भी बढ़ी है। इसके अलावा अध्ययन, पर्यटन यह अन्य मकसदों से होने वाली विदेश यात्रा का खर्च भी अब बढ़ेगा। तब सबसे बड़ी जरूरत, अनावश्यक आयात, जैसे सोना व लग्जरी वस्तुओं पर नियंत्रण बढ़ाया जाना चाहिए ताकि डॉलर की अनावश्यक निकासी कम हो। आयात पर निर्भरता घटाने तथा मेक इन इंडिया पर जोर देने से भी मदद मिल सकती है। लेकिन इसका एक और पक्ष भी है। रुपए का अवमूल्यन होने पर भारत से निर्यात होने वाले उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सस्ते हो जाते हैं जिससे इन वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। वस्त्र उद्योग, आईटी सेवाएं, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि उत्पाद और ऑटोमोबाइल पार्ट्स जैसे क्षेत्रों को इसका लाभ मिल सकता है। आईटी क्षेत्र पहले भी कमजोर रुपए से लाभ कमाता रहा है क्योंकि उसे भुगतान डॉलर में मिलता है। वहीं आयात महंगे होने से घरेलू उद्योगों को स्थानीय उत्पाद बढ़ाने का अवसर मिलता है। दरअसल रुपए की वर्तमान स्थिति को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखे जाने की जरूरत है। रुपए के अवमूल्यन को तो संभालना और संतुलित करना है ही, साथ ही अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर और शक्तिवान बनाना भी समय की मांग है। ऊर्जा संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का विस्तार, निर्यात को प्रोत्साहन और वित्तीय अनुशासन जैसे कदम भी वैश्विक आर्थिक संकट से देश को सुरक्षित निकाल सकते हैं। इसलिए यह माना जा सकता है कि रुपए की गिरावट के मद्देनजर फौरी नीतियों पर काम किए जाने के भी फायदे हैं लेकिन रुपए को संतुलित रूप से मजबूत बनाने की आवश्यकता से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इसीलिए रिजर्व बैंक का कहना है कि मौजूदा स्थिति ज्यादा समय तक नहीं चलेगी। यानी गिरावट से ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

## भरोसा और घोटाला

ऐसा नहीं कि सरकारी चिकित्सा संस्थानों में आम लोगों के लिए कुछ होता ही नहीं लेकिन वहीं काम करने वाले कुछ लोग अवैध कमाई की लालच में ऐसा कर गुजरते हैं कि काम का सिस्टम बेमतलब का हो जाता है और बदनामी संस्थान की होती है। ऐसे घोटाले संस्थाओं की विश्वसनीयता को प्रभावित करते हैं जबकि तिकड़मबाज मौज करते हैं। लखनऊ का किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय यानी केजीएमयू विश्व के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में एक है। विश्वसनीयता इसकी सबसे बड़ी संपत्ति है। लेकिन अब यहां के यूरोलॉजी विभाग में गरीब मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराने के नाम पर बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। इसकी जांच में करीब चालीस मरीज ऐसे मिले जिन्हें बार-बार कागज़ों में भर्ती किया गया और उनके नाम पर कैंसर, प्रोटीन तथा आयरन की महंगी दवाई मंगाई गई। पहले असाध्य योजना से दस लाख रुपए की खरीद होती थी लेकिन इस साल जनवरी से योजना में खरीद का बजट अचानक तीन से चार गुना तक बढ़ गया। पिछले महीने पैंतालीस लाख रुपए की खरीद दिखाई गई थी। खेल करने की निश्चिंतता इस कदर थी कि सौ रुपए से लेकर दो लाख रुपए कीमत तक की दवाओं पर अधिकारियों ने आंख मूंदकर दस्तखत कर दिए। महंगी दवाओं की खपत अचानक बढ़ने पर भी ध्यान नहीं दिया गया। घोटाले में कुछ उच्च अधिकारियों और डॉक्टरों की संलिप्तता सामने आने के कारण यह मामला और गंभीर हो गया है। किसी भी संस्थान में इस तरह खुलेआम आंखों में धूल झोंकना बहुत चिंता की बात है क्योंकि इससे वहां की कार्यप्रणाली पर अनावश्यक रूप से सवाल उठने लगते हैं। चिंता की बात इसलिए भी है कि इसकी देखा देखी अन्य विभागों भागों में इस तरह के लोग सफाई न दिखने लगें। अच्छी यह अच्छी बात है कि मामले की जल्द जांच शुरू कराकर कार्रवाई की शुरुआत हो गई है। अब जांच के अंतिम निष्कर्ष का इंतजार है और देखना है कि इसके दोषियों को कितनी कड़ी सजा मिलती है। सजा इसलिए भी जरूरी है ताकि ऐसे लोगों के हौसले आगे न बढ़ने पाएं।

## काँव-काँव

♦♦♦

यूपी से माफिया और मच्छर खत्म हो गये -योगी

दिल के बहलाने को ग़ालिब ये ख़याल अच्छा है!

वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं मुंबई के डिब्बावाले

संरक्षित प्रजातियों की श्रेणी में रखना चाहिये!

केंद्र ने बदले विदेशी नागरिकों से संबंधित नियम

जो बिना नियम के चले आये उन्हें क्या मतलब?

ईरान ने रोक दी अमेरिका से सीजफायर वार्ता

दुनिया के चौधरी की हैसियत इतनी ही बची है?

पहलगाम आतंकियों को पाक में मिले मोबाइल

हमारी खुफिया सेवाएं लकीर पीटने में सर्वोत्तम!

पेंटागन कार्यालय में पत्रकारों के प्रवेश पर रोक

भारतीय पत्रकारों से सीखें सरकारी अनुशासन!

♦♦♦

# एकता के सूत्र में जोड़ेगा त्रिभाषा फॉर्मूला

**विविधता में एकता की संस्कृति वाले अपने देश की नयी पीढ़ी को एकता की सीख देने की दिशा में त्रिभाषा फॉर्मूला कारगर साबित हो सकता है. वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयी 'नयी शिक्षा नीति, 2020' ने एक बार फिर त्रिभाषा फॉर्मूले को अपनाने पर जोर दिया है. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसइ एक जुलाई से शुरू हो रहे नये सत्र में नौवीं से लेकर बारहवीं तक में त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने जा रही है, पर अतीत की तरह इस बार भी इसका विरोध शुरू हो गया है, जबकि देश को एकता के सूत्र में जोड़ने वाले इस कदम का स्वागत होना चाहिए. इसे लेकर शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों का एक समूह देश की सर्वोच्च अदालत में पहुंच गया है और सीबीएसइ के इस निर्णय को मनमाना बताया है. इससे छात्रों, अध्यापकों और स्कूलों पर दबाव बढ़ने की बात कही जा रही है. हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर रोक तो नहीं लगायी है, अलबत्ता केंद्र सरकार और सीबीएसइ को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब जरूर मांग लिया है।**

विविधता में एकता की संस्कृति वाले अपने देश की नयी पीढ़ी को एकता की सीख देने की दिशा में त्रिभाषा फॉर्मूला कारगर साबित हो सकता है. वर्षों के लंबे अंतराल के



-उमेश चतुर्वेदी

बाद आयी 'नयी शिक्षा नीति, 2020' ने एक बार फिर त्रिभाषा फॉर्मूले को अपनाने पर जोर दिया है. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसइ एक जुलाई से शुरू हो रहे नये सत्र में नौवीं से लेकर बारहवीं तक में त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने जा रही है, पर अतीत की तरह इस बार भी इसका विरोध शुरू हो गया है, जबकि देश को एकता के सूत्र में जोड़ने वाले इस कदम का स्वागत होना चाहिए. इसे लेकर शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों का एक समूह देश की सर्वोच्च अदालत में पहुंच गया है और सीबीएसइ के इस निर्णय को मनमाना बताया है. इससे छात्रों, अध्यापकों और स्कूलों पर दबाव बढ़ने की बात कही जा रही है. हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर रोक तो नहीं लगायी है, अलबत्ता केंद्र सरकार और सीबीएसइ को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब जरूर मांग लिया है।

त्रिभाषा फॉर्मूला सबसे पहले कोठारी आयोग के प्रमुख दौलत सिंह कोठारी ने दिया था. दौलत सिंह कोठारी कोई मामूली व्यक्ति नहीं थे. वे रक्षा अनुसंधान एवं अध्ययन संगठन यानी डीआरडीओ के संस्थापक थे और महान ब्रिटिश वैज्ञानिक लॉर्ड रदरफोर्ड के शिष्य. उनका मानना था कि भारतीय एकता के सूत्र को और मजबूत करने में त्रिभाषा फॉर्मूला बेहद कारगर होगा. इसलिए उन्होंने छात्रों को पहली भाषा के रूप में मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा, दूसरी भाषा के रूप में हिंदीभाषी क्षेत्रों में अंग्रेजी या कोई अन्य आधुनिक भारतीय भाषा और गैर हिंदीभाषी क्षेत्रों में हिंदी या अंग्रेजी पढ़ाने का सुझाव दिया था. कोठारी आयोग ने तीसरी भाषा के रूप में अंग्रेजी और कोई अन्य भारतीय भाषा, जो पहली या दूसरी भाषा के रूप में शामिल न हो, पढ़ाने का प्रावधान करने की सलाह दी थी. तब देश को आजादी मिले बहुत दिन नहीं हुए थे. हालांकि हिंदी को लेकर तमिलनाडु में विरोध जारी था. इसके बावजूद तकरीबन पूरे देश ने इस त्रिभाषा फॉर्मूले को स्वीकार कर लिया. वर्ष 1968 में आयी पहली शिक्षा नीति में इसे शब्दशः अपना लिया गया. वर्ष 1986 में आयी नयी शिक्षा नीति में भी इस फॉर्मूले को जारी रखा गया।

इस फॉर्मूले को हिंदीभाषी क्षेत्रों में तो अपना लिया गया, पर तमिलनाडु जैसे कुछ राज्यों ने इसे नहीं अपनाया. वर्ष 2020 में आयी नयी शिक्षा नीति ने भी इसे अपना लिया है. इसके बाद से तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ही नहीं, कर्नाटक की राजनीति के एक हिस्से ने भी इसे स्थानीय संस्कृति और भाषा की अस्मिता पर चोट बताने में देर नहीं लगायी है. सीबीएसइ के आदेश को नयी शिक्षा नीति, 2020 का कार्यान्वयन कहा जा सकता है, जिसके तहत पहली जुलाई से नौवीं कक्षा में तीन भाषाएं पढ़ायी जायेंगी, जिनमें दो भारतीय भाषाओं का होना अनिवार्य होगा. इस आदेश के अनुसार, यदि पहली भाषा अंग्रेजी है, तो दूसरी भाषा हिंदी या स्थानीय क्षेत्र विशेष की मातृभाषा होगी और तीसरी भाषा के रूप में संविधान की आठवीं अनुसूची की कोई भी भाषा चुनी जा सकेगी. इस कार्यान्वयन का उद्देश्य देश में बहुभाषिकता को बढ़ावा देना है. नयी शिक्षा नीति के तहत इस फॉर्मूले को राज्यों में भी लागू किया जाना है. कुछ राज्यों, मसलन महाराष्ट्र आदि ने इस दिशा में कदम उठाया तो सही, पर स्थानीय अस्मिता के कथित संरक्षकों के विरोध के कारण इस नीति में ढिलाई देनी पड़ी।


त्रिभाषा फॉर्मूले के विरोध में दक्षिण के राज्यों का आरोप रहा है कि उत्तर भारत के राज्यों में उनकी भाषाओं को सीखने के प्रति कभी उत्साह नहीं दिखा. उत्तर के राज्यों ने इस फॉर्मूले को अपनाया, लेकिन तीसरी भाषा के रूप में किसी अन्य भारतीय भाषा की बजाय संस्कृत को अपना लिया. इसका उद्देश्य एक तरह से भारतीय भाषाओं, विशेषकर दक्षिण की भाषाओं को किनारे करना था. सीबीएसइ के नये आदेश में इसकी गुंजाइश ही नहीं है. रही बात छात्रों पर दबाव बढ़ने की, तो यह सवाल फिजूल है. महानगरों के ज्यादातर



पब्लिक स्कूलों में ग्यारहवीं-बारहवीं में हिंदी पढ़ने-पढ़ाने का विकल्प ही नहीं है. पर उनके यहां विदेशी भाषाओं को पढ़ाने की व्यवस्था जरूर है।

सीबीएसइ के नये आदेश के परिप्रेक्ष्य में उत्तर भारत के विद्यालयों को चाहिए कि वे अपने यहां तीसरी भाषा के रूप में दक्षिण की भाषाएं पढ़ने-पढ़ाने का विकल्प चुनने की कोशिश करें. इससे गैर हिंदीभाषी राजनीति को यह कहने का अवसर ही नहीं मिल सकेगा कि हिंदीभाषियों में उनकी भाषा को लेकर स्नेह नहीं है. मानवशास्त्री और समाज विज्ञानी मानते हैं कि किसी भी विविधरंगी संस्कृति को जोड़ने वाले धागों में भाषाओं का स्थान महत्वपूर्ण है. भाषाएं सिर्फ स्थान और क्षेत्र विशेष के संचार का जरिया ही नहीं होतीं, वे अपनी सभ्यता की ऐतिहासिक यात्रा और सांस्कृतिक रस-गंध की अभिव्यक्ति का जरिया भी होती हैं. भारत जैसे बहुलवादी देश में जब आधुनिक शिक्षा नहीं थी, तब भाषाएं ही वह तंतु थी, जिनसे उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम जुड़ता था. विद्वानों के बीच भौगोलिक दूरियों के बावजूद संचार का साधन संस्कृत जरूर रही, पर संचार के लिए अन्य भारतीय भाषाएं भी गंभीर भूमिका निभाती थीं. त्रिभाषा फॉर्मूले से पढ़कर निकले छात्र उसी भूमिका को आधुनिक तौर पर और आगे बढ़ायेंगे।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

इस प्रकार बारम्बार नमस्कार करके भयभीत अर्जुन अपनी भूलों के लिये क्षमायाचना करता है-

सखेति मत्वा प्रसभं यदुक्तं लोग कि अगर हे कृष्ण हे यादव हे सखेति ।
एकोऽथवाप्यच्युत तत्समक्ष तत्क्षामये त्वामहमप्रमेयम्।।42।।

हे अच्युत ! जो आप हँसी के लिये विहार, शय्या, आसन और भोजनादिकों में अकेले अथवा उन लोगों के सामने भी अपमानित किये गये हैं, वह सब अपराध अचिन्त्य प्रभाववाले आपसे मैं क्षमा कराता हूँ। किस प्रकार क्षमा करें?- पितासि लोकस्य चराचरस्य त्वमस्य पूज्यश्च गुरुर्गरीयान् । न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभाव ।।43।।

आप इस चराचर जगत् के पिता, गुरु से भी बड़े गुरु और अति पूजनीय हैं। जिसकी कोई प्रतिमा नहीं, ऐसे अप्रतिम प्रभाववाले ! आपके समान तीनों लोकों में दूसरा कोई नहीं है. फिर अधिक कैसे होगा? आप सखा भी नहीं, सखा तो समकक्ष होता है।

तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायं प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम्।
पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युःश्रीम प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम् ।।44।।

आप चराचर के पिता हैं, इसलिये मैं अपने शरीर को भली प्रकार आपके चरणों में रखकर, प्रणाम करके, स्तुति करने योग्य आप ईश्वर को प्रसन्न होने के लिये प्रार्थना करता हूँ। हे देव! पिता जैसे पुत्र के, सखा जैसे सखा के और पति जैसे प्रिय स्त्री के अपराधों को क्षमा करता है, वैसे ही आप भी मेरे अपराधों को सहन करने योग्य हैं। अपराध क्या था? हमने कभी हे यादव !, हे सखे !, हे कृष्ण ! कहा था। समाज के बीच अथवा एकान्त में कहा था, भोजन के समय अथवा सोने के समय कहा था। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

विद्या मित्रं प्रवासेषु भार्या मित्रं गृहेषु च।
व्याधितस्यौषधं मित्रं धर्मो मित्रं मृतस्य च।।

विदेश जाने वालों का सच्चा मित्र विद्या है, अपने घर में रहने वालों की मित्र उनकी पत्नी है, रोगी व्यक्तियों का मित्र औषध है ओर मरने वालों का मित्र उनका धर्म है।

♦♦♦

# पत्रकार या 'पत्थरकार'

पेरिस- आधारित अंतरराष्ट्रीय संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा वार्षिक रूप से जारी किये जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक के अनुसार यदि भारतीय पत्रकारिता की रैंकिंग पर नज़र डालें तो 2026 में यह 180 देशों में



-निर्मल रानी

157 वें स्थान पर है। पिछले वर्ष से यह रैंकिंग 62 अंक नीचे गिरी है। यह स्थिति विश्व में भारतीय पत्रकारिता की 'बहुत गंभीर' श्रेणी की तरफ़ इशारा करती है। जबकि नॉर्वे, एस्तोनिया व नीदरलैंड्स जैसे देशों के नाम इस सूची में शीर्ष पर हैं। चिंता की बात तो यह है कि पड़ोसी देशों नेपाल,मालदीव व श्रीलंका जैसे देशों की स्थिति भी भारत से बेहतर है। गोया भारत में प्रेस स्वतंत्रता इस समय संकट के दौर से गुज़र रही है जिसकी वजह सत्ता का नियंत्रण,राजनीतिक दबाव, अप्रत्यक्ष डिजिटल निगरानी, विज्ञापन की लालच, मीडिया घरानों पर सत्ता से जुड़े लोगों का नियंत्रण व पत्रकारों के साथ होने वाली हिंसा व अन्याय प्रमुख कारण हैं। यही वजह है कि भारतीय मीडिया 'गोदी मीडिया' के नाम से भी प्रचलित हो गया है। हालाँकि सत्ता की चाटुकारिता के इसी दौर में पूर्व में 'गोदी मीडिया' से जुड़े रहे अनेक ईमानदार पत्रकार अपने निजी यू ट्यूब चैनल चलाकर भारतीय मीडिया की साख बचाने की कोशिश ज़रूर कर रहे हैं। अफ़सोस की बात तो यह है कि जनता द्वारा गोदी पत्रकार,चरण चुंबक पत्रकार,दलाल जैसी 'उपाधियों' से नवाज़े जाने व सोशल मीडिया पर आम जनता की लानतें सुनने के बाद भी यह 'गोदी पत्रकार' ईमानदारी से पत्रकारिता का दायित्व निभाने के बजाये अपने बेतुके बोल,सत्ता के प्रति अपनी 'वफ़ादारी' व अज्ञानता पूर्ण बातों के चलते आम लोगों की नफ़रत का पर्याय बनते जा रहे हैं। यही वजह है कि 'शो पीस' रूपी इन ऐंकर्स व इनके टी वी चैनल्स की लोकप्रियता व इनके दर्शकों की संख्या जहां दिन प्रतिदिन गिरती जा रही है वहीँ यू ट्यूब चैनल्स व सोशल मीडिया से जुड़े ईमानदार पत्रकारों के दर्शकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। पिछले दिनों गोदी मीडिया से जुड़े एक प्रसिद्ध टी वी चैनल की एक प्रसिद्ध महिला ऐंकर अंजना ओम कश्यप ने एक लाइव शो के दौरान हुई एक अभद्र टिप्पणी करते हुये 'यूट्यूब टीचर्स' और 'ऑनलाइन एजुकेटर्स' पर निशाना साधा। उन्होंने यूट्यूब टीचर्स के लिये 'दो कौड़ी के', 'फ्रॉड', 'लुटेरे', 'छिछले यूट्यूबर' और 'भाड़े के वीडियो' जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। अपनी बकवास में उन्होंने कहा कि यूट्यूब 'स्टार टीचर्स' को 'दो कौड़ी का ज्ञान' भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन के नाम पर ये शिक्षक केवल व्यूज़ और कमाई के लिए कंटेंट बनाते हैं। कम जानकारी के कारण ऐसे टीचर्स छात्रों को गुमराह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ़ भ्रामक हेडलाइंस लिखकर व्यूज़ बटोरते हैं।'

इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना व अपमानजनक टिप्पणी के बाद देश के अनेकानेक प्रसिद्ध यू ट्यूबर्स ख़ासकर शिक्षकों,ऑनलाइन एजुकेटर्स व उनके छात्रों व समर्थकों का ग़ुस्सा इस महिला ऐंकर फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर उसकी ज़बरदस्त ट्रोलिंग हुई। देश विदेश से लोगों ने वीडियो बनाकर उस महिला एंकर के इस बेहूदा बयान की निंदा की तथा उन्हें पत्रकारिता के दायित्व व कर्तव्य बताते हुये आइना दिखाना शुरू कर दिया। कुछ ने तो यहाँ तक कह दिया कि वे जिन शिक्षकों के बारे में यह कह रही है कि उन्हें 'दो कौड़ी का ज्ञान' भी नहीं होता तो दरअसल उन जैसी पत्रकारों को 'फूटी कौड़ी' का भी ज्ञान नहीं है। अन्यथा आज के सूचना व संचार के आधुनिक दौर में जब पूरे




विश्व में ज्ञान का माध्यम यू ट्यूब व ए आई ही है, उस माध्यम पर ऐसी घटिया टिप्पणी नहीं की गयी होती। वास्तव में शिक्षक पूरी मेहनत से बच्चों को पढ़ाते हैं और बेरोज़गारी, परीक्षा प्रणाली, महंगाई व पेपर लीक जैसे मुद्दों को उठाते हैं जबकि इन शिक्षकों को अपमानित करने वाला गोदी मीडिया वास्तविक मुद्दों को उठाकर पत्रकारिता का दायित्व निभाने के बजाये सत्ता की चापलूसी करने में व्यस्त रहता है। इसी तरह पिछले दिनों उत्तराखंड के कोटद्वार के दीपक कुमार उर्फ़ 'मोहम्मद दीपक' के जिम पर आर्थिक संकट आ गया। क्योंकि हिंदूवादी संगठनों के विरोध के बाद उनके जिम से अनेक लोगों ने अपने संबंध तोड़ लिये। इसी विषय को लेकर अजित अंजुम व अशोक कुमार पांडेय जैसे ज़िम्मेदार पत्रकार व प्रसिद्ध यू ट्यूबर्स ने दीपक की आर्थिक सहायता की अपील की। परिणाम स्वरूप देशभर के अमन पसंद लोगों ने दीपक की इतनी सहायता कर दी कि उनका संकट कई वर्षों के लिए टल गया। इस अपील पर तमाम नये लोगों ने जिम की सदस्यता भी लेकर दीपक की आर्थिक मदद की। परन्तु अमन चोपड़ा नमक इसी गोदी मीडिया के एक बदनाम शुदा एंकर ने इस ख़बर को नकारत्मक रूप में पेश करते हुये अपनी ओछी व घटिया टिप्पणी में दीपक की आर्थिक तंगी का मज़ाक़ उड़ाते हुए और उसपर तंज़ कसते हुये कहा कि 'सेक्युलरिज़्म का वज़न नहीं उठा पाए पहलवान दीपक–ओ सॉरी, मोहम्मद दीपक'। उसने यह भी कहा कि 'नाम के आगे 'मोहम्मद' लगाने से भी उनके विचार को फ़्लॉप कर दिया गया... मोहम्मद दीपक के लिए, कोई मोहम्मद उस तरह से खड़ा नहीं हुआ।' इस नफ़रती ऐंकर ने आर्थिक संकट के समय दीपक का मज़ाक उड़ाया जबकि दीपक ने कोटद्वार घटना के समय धर्म नहीं बल्कि केवल इंसानियत दिखाई थी। बहरहाल भारतीयता के पैरोकार देश भर के हज़ारों शांतिप्रिय लोगों ने दीपक की अनअपेक्षित सहायता कर नफ़रती चिंटुओं के मुंह पर तमाचा जड़ दिया। दरअसल यह उन्हीं कथित 'पत्रकारों' का गिरोह है जिसने 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के समय जब एक गोदी चैनल पाकिस्तान के 5 शहर तबाह होने का दावा कर रहा था तो दूसरे चैनल ने कहा था कि 25 शहर तबाह हो गए। यह वही एंकर्स हैं जो स्टूडियो में बंदरों की तरह उछलते हैं और अभद्र शब्दावली का प्रयोग यहाँ तक कि लड़ाई व मारपीट को भी प्रोत्साहित करते रहते हैं। यह कथित पत्रकार धर्म-जाति के आधार पर समाज बांटने वाली बातें करते हैं तथा 2000 की नोट में चिप लगी होने का भ्रामक दावा कर भारतीय करेंसी को भी बदनाम करते हैं। ऐसे अनेक लोग कभी किसी अपराध में जेल जा चुके हैं तो कभी अपने भ्रामक बयानों के लिये मुआफ़ी मांग चुके हैं। अपना भ्रामक व गुमराह करने वाले ट्वीट डिलीट करने में भी इन्हें महारत हासिल है। अदालती फटकार भी इन्हें आये दिन सुनने को मिलती रहती है। सत्ता की ख़ुशामद कर समाज में नफ़रत फैलाकर केवल धन कमाने वाले ऐसे लोगों को पत्रकार नहीं बल्कि 'पत्थरकार' कहना ज़्यादा मुनासिब होगा।

## प्रेरक प्रसंग

### मातृ-भक्ति

भारतीय जन-समुदाय चाणक्य के नाम को भलीभांति जानते हैं। वह बड़े कठोर राजनीतिज्ञ थे। लोकनीति के आचार्य थे। उनकी मां की इच्छा थी कि वह संसार के बहुत बड़े आदमी बनें और इसके लिए वह उन्हें नसीहत देती रहती थी।एक दिन चाणक्य के घर कोई ज्योतिषी आय। चाणक्य कहीं बाहर गये थे। मां ने ज्योतिषी को अपने पुत्र की जन्मपत्री दिखाई और उनके भविष्य के बारे में पूछा। ज्योतिषी ने जन्मपत्री देखकर कहा, मां, तेरे पुत्र के ग्रह बड़े ही प्रबल हैं। आजतक ऐसी जन्मपत्री मेरे देखने में नहीं आई। तेरा बेटा एक दिन चक्रवर्ती सम्राट बनेगा। यदि मेरी बात का विश्वास न हो तो देख लेना, उसके सामने के दांत पर नागराज का निशान है।ज्योतिषी की यह भविष्यवाणी सुनकर मां अवाक रह गई। वह अपने बेटे को बेहद प्यार करती थी और हर घड़ी अपने पास रखना चाहती थी, चक्रवर्ती सम्राट होने पर तो वह उससे बिछुड़ जायगा! राजकाज में इतना लीन हो जायगा कि उसे मेरा ध्यान ही नहीं रहेगा!अपनी बात कहकर ज्योतिषी तो चला गया, पर मां सोच में पड़ गई। हाय, आगे क्या होगा ? थोड़ी देर में चाणक्य लौटे तो मां को उदास पाया। बोले, मां क्या बात है? मां ने उन्हें सारी बात बता दी और अंत में अवरुद्ध कण्ठ से कहा, मैं जानती हूं, तू चकवर्ती सम्राट बनकर मुझे भूल जायगा। बेटा, मेरे लिए तेरे पास समय ही कहां रहेगा ? चाणक्य विचलित हो गये। बोले, मां, ऐसा नहीं होगा। पर तुम कैसे कहती हो कि मैं चक्रवर्ती सम्राट बनूंगा।

मां ने कहा, देख, तेरे सामने के दांत पर नाग का चिन्ह है। चाणक्य ने आइने में देखा तो मां की बात सही थी। इसके बाद उन्होंने जो किया, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। एकान्त में जाकर पत्थर से उस दांत को निकाल दिया। फिर मां के सामने उसे रखते हुए बोले, यह ले मां, तेरे सामने मेरे लिए चक्रवर्ती सम्राट के पद का कोई मूल्य नहीं है।

## आपका पत्र मिला

### आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में पहली कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है। उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मर्यादा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया।

एक नागरिक
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com



# तेज आंधी-पानी का कहर, दीवारें गिरीं, पेड़ उखड़े, कई मार्गों पर आवागमन प्रभावित



**स्वतंत्र भारत मधुबन।** बुधवार को अचानक बदले मौसम और तेज आंधी-पानी ने क्षेत्र में व्यापक असर डाला। कई स्थानों पर पेड़ गिरने, निर्माणाधीन मकानों की दीवारें ढहने और बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की खबरें सामने आईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी जनहानि की सूचना नहीं मिली और कई लोग बाल-बाल बच गए।दिघेड़ा गांव में तेज हवा और बारिश के बीच एक निर्माणाधीन मकान की दीवार कटरेन सहित भरभराकर गिर गई। घटना के समय आसपास मौजूद लोग सुरक्षित बच गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दीवार गिरने से मकान को नुकसान पहुंचा और इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा।वहीं मऊ-मधुबन मुख्य मार्ग पर तिनहरी के पास एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर प्रशासन और संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा पेड़ हटाने का कार्य शुरू कराया गया। ग्रामीणों के अनुसार आंधी के दौरान क्षेत्र के कई गांवों में पेड़ों की शाखाएं टूटकर सड़कों और खेतों में गिर गईं। तेज हवाओं के कारण लोगों को घरों में रहने पर मजबूर होना पड़ा। मौसम के इस अचानक बदले मिजाज ने जनजीवन को प्रभावित किया और लोगों में दहशत का माहौल भी देखने को मिला। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने तथा खुले स्थानों और जर्जर भवनों के आसपास न जाने की अपील की है।

# राजस्व न्यायालयों में कथित अवैध वसूली के खिलाफ वकीलों का मोर्चा

**स्वतंत्रभारत, मऊ।** जिले के राजस्व एवं चकबंदी न्यायालयों तथा विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों द्वारा कथित आर्थिक दोहन एवं अवैध वसूली के विरोध में मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन मऊ ने कड़ा रुख अपनाया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश राय एवं मंत्री सती राम यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी मऊ को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न गंभीर अनियमितताओं की जांच एवं कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि राजस्व मामलों के निस्तारण में संबंधित कर्मचारियों द्वारा विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यों के नाम पर अवैध धन उगाही की जा रही है। बार एसोसिएशन ने धारा 116 के तहत कुर्रा फाट (बंटवारे) की प्रक्रिया में लेखपालों द्वारा भारी वसूली, धारा 24 के अंतर्गत प्रारंभिक सीमांकन एवं पत्थर नसबी के लिए राजस्व निरीक्षकों द्वारा धन उगाही तथा धारा 30(2) में भौतिक विभाजन की रिपोर्ट लगाने के नाम पर आर्थिक शोषण किए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि कई मामलों में रिपोर्ट आने के बावजूद न्यायालय में मुकदमे दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। वहीं स्टैंप एक्ट से संबंधित प्रकरणों में डीएम न्यायालय में लंबित मामलों की आख्या अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा महीनों तक रोके रखने से वादकारियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी मऊ ने पूरे प्रकरण की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बार एसोसिएशन से विस्तृत जांच एवं समाधान हेतु 15 दिन का समय मांगा है। जिलाधिकारी के इस आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि राजस्व न्यायालयों में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस पर रेस प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी आयोजित

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मेरा युवा भारत केंद्र मऊ के तत्वावधान में बुधवार को कोपागंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत अलीहस में अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रेस प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राम जनम सिंह ने साइकिल चलाने के शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। वेदप्रकाश यादव ने इसे स्वास्थ्य के लिए उपयोगी कार्डियो व्यायाम बताया।प्रतियोगिता का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया। रेस में आयुष यादव प्रथम, रामआशीष यादव द्वितीय तथा आदित्य कुमार तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन हरिप्रसाद मुरारी ने किया। समापन एवं आभार संदीप यादव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सत्यम, अरुण, सोनू, अंकित, आर्यन, अनुराग, पवन एवं अंश सहित अनेक युवा उपस्थित रहे।

# सुनील कुमार सरोज ने संभाली रामपुर थाने की कमान

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मऊ जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नवागत थानाध्यक्ष सुनील कुमार सरोज ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकेत दिया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सरोज ने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध, अवैध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।कार्यभार ग्रहण करने के बाद थानाध्यक्ष ने थाना परिसर का निरीक्षण किया तथा पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, महिला सुरक्षा, रात्रि गश्त और क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाया जाएगा। क्षेत्रवासियों से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर फरियादी को न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेगी। रामपुर थाना क्षेत्र में नए थानाध्यक्ष की तैनाती को लेकर स्थानीय लोगों में भी सकारात्मक उम्मीदें देखी जा रही हैं। लोगों का मानना है कि उनके नेतृत्व में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।कार्यभार संभालते ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार सरोज ने साफ संदेश दे दिया है कि रामपुर में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं होगी, जबकि आम जनता की सुरक्षा और सम्मान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## खबर एक नजर

### चोरी की पांच ई-रिक्शा बैटरियों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत मऊ।** दोहरीघाट पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी की पांच ई-रिक्शा बैटरियों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रामपुर धनौली क्षेत्र से हरेन्द्र पाण्डेय और मन्नु कुमार को पकड़ा, जिनके कब्जे से चोरी की बैटरियां बरामद हुईं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बैटरियां बेचने की तैयारी की बात स्वीकार की। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में दोहरीघाट पुलिस टीम द्वारा की गई।

### परीक्षा में सॉल्वर/फर्जी परीक्षार्थी बैठने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** प्रतियोगी एवं शैक्षिक परीक्षाओं को शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस ने बीएड परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा देने वाले वांछित युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 1 जून को डीसीएसके खण्डेलवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में मूल अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र में छेड़छाड़ कर उसकी जगह परीक्षा देने का मामला सामने आया था। मामले में वांछित अभियुक्त आनंद साहनी (25) निवासी मर्यादपुर, थाना रामपुर मऊ को 3 जून को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय भेज दिया।

### ब्रह्माकुमारी विमला दीदी को मातृ शोक

**मऊ।** ब्रह्माकुमारीज मऊ की वरिष्ठ सेवाधारी एवं बीके विमला दीदी की माताजी ब्रह्माकुमारी गोमा दीदी का 2 जून को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले 46 वर्षों से संस्था से जुड़ी थीं तथा 36 वर्षों से आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवा में सक्रिय रहीं। उनके निधन से श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों में शोक की लहर है। पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए मऊ व मुहम्मदाबाद गोहना शाखा में रखा गया, जिसके बाद सारनाथ ले जाकर वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### ग्राम रोजगार सेवकों ने सौंपा नौ सूत्रीय मांग पत्र

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक के ग्राम रोजगार सेवकों ने बुधवार को अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु खंड विकास अधिकारी कलाधर पांडे को नौ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। रोजगार सेवकों ने स्थायी कर्मचारी का दर्जा, नियमित वेतनमान, हेल्थ कार्ड, दुर्घटना बीमा, पेंशन, ईपीएफ सुविधा तथा लंबित मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा। बीडीओ ने ज्ञापन शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रामविजय पाल सहित अनेक ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

### कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई टीजीटी परीक्षा

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के टाउन इंटर कॉलेज, संत गणिनाथ पीजी कॉलेज, नेशनल इंटर कॉलेज, पब्लिक महिला पीजी कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बुधवार को टीजीटी परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल एवं नकलविहीन संपन्न हुई।अभ्यर्थियों के प्रवेश से पूर्व प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की गहन जांच की गई तथा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। महिला अभ्यर्थियों की जांच के लिए महिला पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 का पालन सुनिश्चित कराया और उड़नदस्ता टीमों को सक्रिय रखा। सीओ शीतला प्रसाद पांडे ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे।

# तमंचा, कारतूस व चोरी के माल के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**स्वतन्त्र भारत जमानिया।** जमानियां (गाजीपुर)। अभईपुर चौकी पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए बरुईन नहर मार्ग पर डिल्ला चवर मोड़ के पास चोरी के माल, नकदी तथा अवैध तमंचा-कारतूस के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक अभईपुर चौकी के उपनिरीक्षक अजय भारती मंगलवार की देर रात क्षेत्र में गस्त पर थे, तभी मुखबिर की सूचना पर बरुईन नहर स्थित डिल्ला चवर मोड़ के पास घेराबंदी कर चोरी की घटना में वांछित एक आरोपी को पकड़ लिया। उसके कब्जे से चोरी का एक जोड़ी पायल, चार साड़ियां, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, 10 हजार रुपये, एक देशी तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान हरेन्द्र सिंह उर्फ कुन्दन सिंह (30) पुत्र स्व. रंग बहादुर सिंह निवासी रायपुर, जमानियां के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में उसने दाउदपुर गांव निवासी मुन्नी देवी के घर बीते 25 अप्रैल की रात हुई चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद कुछ सामान बिहार के रामगढ़ में एक अज्ञात व्यक्ति को बेच देने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए जब कोतवाल राम सजन नागर को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## एम्बुलेंस स्कार्पियो में जोरदार टक्कर पूर्व बीडीओ सहित 4 घायल

**खेतासराय जौनपुर।** क्षेत्र के भुड़कुड़हाँ मोड़ के पास बुधवार की शाम शव ले जा रही एम्बुलेंस की स्कार्पियो की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दोनों वाहनो से मिलाकर 6 लोग घायल हो गए एम्बुलेंस सवार गंभीर रूप से सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार राकेश सिंह व उनके भाई शिवमूरत सिंह कलकत्ता से अपनी मां कौशल्या सिंह का शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए अपने पैतृक गांव करमपुर शहर कोतवाली जनपद अम्बेडकर नगर लेकर जा रहे थे। तभी भुड़कुडहाँ मोड़ पर अयोध्या से दवा लेकर भदोहीं जा रहे पूर्व बीडीओ बेचन राम सरोज व चालक गिरधारी यादव निवासी उदयकरनपुर थाना अवराइ जनपद भदोही अपने घर दवा घर लौट थे। स्कार्पियो की आमने सामने टक्कर हो गयी जिसमे एम्बुलेंस सवार चालक सहित चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए वहीं स्कार्पियो का एयर बैग खुलने से स्कॉपियो सवार लोगों को मामूली चोटें आई।

# मोहर्रम व परीक्षाओं को लेकर जनपद में 31 जुलाई तक निषेधाज्ञा लागू



**मऊ।** आगामी मोहर्रम पर्व एवं विभिन्न प्रतियोगी तथा भर्ती परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत पूरे जनपद में 2 जून से 31 जुलाई 2026 तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है। आदेश के तहत बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन, जुलूस, सभा, हथियार लेकर चलना तथा भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री साझा करने पर भी कार्रवाई होगी। परीक्षा केंद्रों एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।जिलाधिकारी ने नागरिकों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

## सूर्या हत्याकाण्ड के सभी दोषियों पर कार्यवाही हो : जितेन्द्र

**जौनपुर।** गाजियाबाद में बीते बकरा ईद के दिन सूर्या चौहान की हुई निर्मम हत्या से सम्पूर्ण समाज दुःखी, आक्रोशित एवं व्यथित है। इस जघन्य घटना ने प्रदेशवासियों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। इसी को लेकर अन्तर्राष्टीय हिन्दू परिषद एवं राष्टीय बजरंग दल सहित संगठन के सभी आयामों के पदाधिकारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस मौके पर जितेन्द्र बहादुर सिंह जिलाध्यक्ष राबद ने कहा कि इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुये मुख्य आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जिसके लिये उत्तर प्रदेश पुलिस का धन्यवाद है। साथ ही हमारी मांग है कि इस हत्या में शामिल शेष सभी आरोपियों सहित इस अपराध के षड्यंत्र में सम्मिलित सभी की पहचान करके उनके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाय, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी घटना को अंजाम देने का साहस न कर सके।

## खराब ट्रांसफार्मर बदलने को तैयार नहीं बिजली विभाग

**शाहगंज जौनपुर।** विकास और सुशासन के दावों के बीच शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के बकुची नेवादा गांव के लोगों की जिंदगी पिछले करीब 25 दिनों से अंधेरे में कैद है। गांव का बिजली ट्रांसफार्मर खराब हुए लगभग एक माह हो गया है, लेकिन आज तक न तो नया ट्रांसफार्मर लगा और न ही बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। भीषण गर्मी, उमस और अंधेरे से जूझ रही जनता खुद को पूरी तरह उपेक्षित महसूस कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारियों और उपकेंद्रों के बीच चल रही जिम्मेदारी की खींचतान का खामियाजा हजारों की आबादी भुगत रही है। बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे, किसानों के कृषि कार्य ठप हैं, पेयजल संकट गहरा गया है और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने कई बार ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराईं और शाहगंज विधायक प्रतिनिधि के माध्यम से भी अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन स्थिति जस की तस है। जब शाहगंज विधायक प्रतिनिधि ने जेई से संपर्क किया तो बताया गया कि गांव की आपूर्ति बरईपुर उपकेंद्र से जुड़ी है, इसलिए शाहगंज-इमरानगंज से ट्रांसफार्मर देना संभव नहीं।

# डीडीयू से गाजीपुर सिटी तक पैसेंजर ट्रेन चलाने के लिए डीआरएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत जमानिया।** जमानियां (गाजीपुर)। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से जमानियां, दिलदारनगर होते हुए गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन तक प्रतिदिन सुबह और शाम पैसेंजर ट्रेन चलाए जाने की मांग को लेकर नगरवासियों ने बुद्धवार की सुबह मंडल रेल प्रबंधक दानापुर के नाम एक ज्ञापन स्थानीय स्टेशन मास्टर को सौंपा। स्टेशन बाजार निवासी अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में नगरवासियों ने स्टेशन मास्टर को डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग किया कि गाजीपुर सिटी स्टेशन के लिए दिलदारनगर व डीडीयू स्टेशन से ट्रेन का संचालन होता है। जिसका समय दोपहर में निर्धारित है, इस कारण प्रतिदिन नौकरी पेशा, छात्र या व्यापारी वर्ग सहित जनपदवासी लाभ नहीं उठा पाते। ऐसी स्थिति में पैसेंजर ट्रेन को डीडीयू जंक्शन से गाजीपुर सिटी के लिए सुबह 7-30 बजे और गाजीपुर सिटी से डीडीयू के लिए शाम 4-30 बजे प्रतिदिन ट्रेन चलाई जाए तो इससे न केवल नौकरी पेशा, व्यापारी, छात्र व मरीजों को लाभ मिलेगा बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल डीजल के बचत के आह्वान को गति मिलेगा। उक्त मौके पर बृजेश जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह, त्रिलोकी नाथ यादव, राज, मकसूद आलम आदि मौजूद रहे।

## विश्व सायकिल दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर शिव-शिवा स्नेह संस्था द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इसमें वर्षों से नियमित रूप से साइकिल चलाकर स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले अमितेश सिंह एवं भरत यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ फिजीशियन राजेश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में साइकिल के बढ़ते महत्व, ईंधन बचत, स्वास्थ्य लाभ और पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से चर्चा हुई। सम्मानित साइकिल सवार अमितेश सिंह, जो पिछले 7 वर्षों से लगातार साइकिल चला रहे हैं, ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से वे सुबह-शाम कही भी आने-जाने के लिए साइकिल का ही उपयोग कर रहे हैं। अमितेश ने बताया कि साइकिल न केवल आर्थिक रूप से बचत करती है, बल्कि एक्सपर्ट के अनुसार डायबिटीज और अन्य लाइफस्टाइल जनित बीमारियों को दूर रखने में रामबाण साबित हुई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने पिछले एक साल में 10 दिन भी मोटरसाइकिल का इस्तेमाल नहीं किया है।वह स्थानीय यातायात के लिए पूरी तरह से साइकिल पर ही आश्रित रहते हैं। वक्त के तौर पर संजय राय ने साइकिल के महत्व को आर्थिक सामाजिक और पर्यावरण हितैषी पक्ष को बताते हुए दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग के महत्व को रेखांकित किया। वहीं शिक्षक बद्रीश श्रीवास्तव ने साइकिल के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और बताया कि किस तरीके से साइकिल का जर्मनी में अविष्कार होने के बाद विविध रूपों में दुनिया के अनेक हिस्सों में जनमानस के जीवन से जुड़ी हुई है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड बाराबंकी**

**सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश, बाराबंकी**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–08/अ0अ0/2026–27**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित कार्य हेतु उन फर्मो से जो जी0एस0टी0/ बिकीकर तथा सिंचाई विभाग में यांत्रिक श्रेणी के अन्तर्गत "ए" अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत हों, से अधोलिखित विवरणानुसार मुहरबन्द अतिअल्पकालीन निविदायें दिनांक-09.06.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 09.06.2026, दिन मंगलवार, अपरान्ह 16:00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.06.2026 से दिनांक 09.06.2026 तक प्रातः 11:00 बजे से 14:00 बजे तक निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित मूल्य जो वापस नही होगा, जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ धरोहर धनराशि जो नीचे अंकित सूची के अनुसार है राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय डाकघर द्वारा जारी सावधि जमा/ बचत पत्र जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड बाराबंकी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति मे प्रस्तुत निविदा पर विचार नही किया जायेगा। प्राविधिक सम्परीक्षा कोष्ठ अथवा अन्य परीक्षण मे कराये गये कार्य की गुणवत्ता के विरूद्ध जो कटौतियां प्रस्तावित होंगी वह ठेकेदार अदा करने हेतु बाध्य होगा।

कार्य का विवरण

| निविदा सूचना संख्या | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 08/EE/ 2026-27 | जनपद अयोध्या के तहसील रूदौली के अन्तर्गत रौनाही तटबन्ध के आबादी के तरफ वर्षाकाल में जलभराव के निराकरण हेतु ग्राम-नैपुरा के समीप पम्पिंग स्टेशन स्थापित करने की परियोजना (विद्युत/यांत्रिक) के अन्तर्गत Fabrication Of steel railing का कार्य। | (As per BOQ) | Rs. 9200.00 | Rs. 150.00+ 18 % GST+ Rs. 500/- | 15days |

नियम एवं शर्तें

1. उक्त निविदा सूचना से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते वेबसाईट http://idup.gov.inपर उपलब्ध रहेगी। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उक्त वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें, ताकि किसी प्रकार के संशोधन/ शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सके।
2. निविदा को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति के पास निहित होगा, नियम व शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है।
3. निविदा खुलने की प्रस्तावित तिथि को राजपत्रित अवकाश घोषित होने की दशा में अगले कार्यदिवस को निविदा खुलने की तिथि माना जायेगा।
4. निविदा केवल कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड बाराबंकी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश, बाराबंकी के कार्यालय द्वारा विकय किये गये वैध निविदा प्रपत्र पर ही मान्य होगी।

(शशांक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

उ0प्र0 252037 दिनांक- 02.06.2026
Website: www.upgov.nic.in


# टीजीटी परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने बुधवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए केंद्र व्यवस्थापकों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने टीडी कॉलेज आर्ट फैकल्टी, टीडी लॉ कॉलेज तथा टीडी इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजामों, गोपनीयता बनाए रखने के उपायों तथा अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या अनुचित गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्रों पर तैनात सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पर्यवेक्षकों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने अभ्यर्थियों के लिए बनाए गए प्रवेश, बैठने, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी जानकारी ली और सुनिश्चित करने को कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को भी संतोषजनक बताया तथा अधिकारियों की तैयारियों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं संतोषजनक पाई गईं। प्रशासन की सक्रिय निगरानी से परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में संचालित होती दिखाई दी।

# निर्धारित समय में पूरा होगा नवीन जिला कारागार डीएम ने निर्माण कार्यों की प्रगति परखी

**जौनपुर।** जनपद में निर्माणाधीन नवीन जिला कारागार के कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने मंगलवार देर सायं निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने के लिए श्रमिकों की संख्या, आवश्यक मशीनरी तथा निर्माण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण किए जाएं ताकि नवीन जिला कारागार का संचालन समय पर शुरू हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम का भी जायजा लिया और निर्देश दिया कि वर्षा ऋतु में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। इसके लिए समस्त आवासीय एवं अनावासीय परिसरों से जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था



सुनिश्चित की जाए। डीएम ने मल्टीपरपज हॉल, हाई सिक्योरिटी बैरक तथा अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में बची हुई मिट्टी को समतल कर हरित क्षेत्र एवं बगीचे के रूप में विकसित करने की योजना पर भी जोर दिया। उन्होंने मुख्य परिधि दीवार, सर्किल वॉल, पार्टीशन वॉल तथा कैंपस वॉल का स्थलीय निरीक्षण किया। साइट प्रयोगशाला में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए किए जा रहे ब्रेक टेस्ट एवं क्यूब टेस्ट को निर्धारित मानकों के अनुरूप और संतोषजनक पाया गया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को बाउंड्री वॉल के शेष कार्य एक माह के भीतर पूरा करने तथा ओवरहेड टैंक, फायर फाइटिंग सिस्टम और मल्टीपरपज हॉल के ग्राउंड फ्लोर स्लैब कास्टिंग कार्य को गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निकट लाइटनिंग अरेस्टर लगाने तथा श्रमिकों की सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी पुष्पराज सिंह, जेल अधीक्षक पवन कुमार द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ. अरुण यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# टीजीटी प्रवक्ता परीक्षा में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** टीजीटी प्रवक्ता परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने एमएलएमएल इंटर कॉलेज रिकाबगंज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं विद्यालय प्रशासन से परीक्षा संबंधी तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा, पेयजल, परीक्षा कक्षों सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि

## जिले में परीक्षा सकुशल सम्पन्न



परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखते हुए परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# हाईटेंशन तारों के बीच ट्रेन की बोगी पर दौड़ता दिखा युवक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी के ऊपर हाईटेंशन तारों के बीच युवक दौड़ता दिखाई दे रहा है, जिसका वीडियो वायरल हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक की इस हरकत से यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल बन गया, लेकिन तत्काल जीआरपी पुलिस व आरपीएफ पुलिस की तत्परता से युवक की जान बच गयी। पुलिस ने युवक को सकुशल उतार लिया और इसकी जांच शुरू कर दी।

# डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह बने कृषि विवि के नए कुलपति

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में राजभवन द्वारा जारी किए गए पूर्व के नियुक्ति आदेश को बहाल रखते हुए डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या का कुलपति नियुक्त किया है। इस संबंध में राजभवन की तरफ से मंगलवार को ही आदेश जारी कर दिया गया है। डॉ सिंह राष्ट्रीय पादप आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, आई.सी.ए.आर नई दिल्ली एवं भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के पूर्व निदेशक के प्रतिष्ठित पद पर कार्य कर चुके हैं। पूर्व में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कृषि विज्ञान संस्थान बीएचयू वाराणसी के निदेशक रहे विश्व विख्यात



वैज्ञानिक स्व. डा. महातिम सिंह के पुत्र हैं जो मूल रूप से गाजीपुर जिले के ग्राम उधरन के निवासी हैं। कुलपति नियुक्त किए जाने पर उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता/वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर ओ.पी. राव ने बधाई दी है। मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि नवनियुक्त कुलपति संभवतः आज कृषि विश्वविद्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं। कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को हाल ही में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हाथों राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया। वे अपने करियर में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां बटोर कर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्हें व्हीट मैन ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने गेहूं की 60 प्रजातियां विकसित की हैं जिसमें 10 जैव किस्में शामिल हैं। जौ की तीन एवं आलू की एक प्रजाति विकसित करने में सफलता हासिल की है। डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह देशभर में वैज्ञानिक एवं शिक्षण कर्मियों की भर्ती के लिए कई चयन समितियों और राज्य चयन बोर्डों में शामिल रहे हैं।

# महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर सरकार घिरी, युवाओं, किसानों की उपेक्षा का आरोप : विश्वकर्मा



**स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.)** देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इंडियन कौंसिल आफ प्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.एन.विश्वकर्मा ने कहा कि सरकार इन मूलभूत समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता का ध्यान वास्तविक मुद्दों से हटाकर धार्मिक भावनाओं के माध्यम से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान श्री विश्वकर्मा ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी से देश का युवा वर्ग परेशान है और रोजगार की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार रोजगार सृजन के बजाय युवाओं के साथ छल कर रही है। साथ ही किसानों को बिजली, पानी, खाद और फसलों के उचित मूल्य जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, जिससे कृषि क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को भी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसका असर बाजार और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। श्री विश्वकर्मा के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर जनता लगातार आवाज उठा रही है। उन्होंने दावा किया कि इन जनसमस्याओं को लेकर सरकार के प्रति लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे मुफ्त राशन और उज्ज्वला कनेक्शन, के माध्यम से वोट बैंक की राजनीति कर रही है। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि जनता अब वास्तविक मुद्दों पर जवाब चाहती है और सरकार को महंगाई, बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार पर ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने बताया कि आज देश में स्थिति बड़ी दयनीय है। हर चीज महंगी हो जा रही है। उसकी वजह सरकार यह बता रही है कि देश में लड़ाई का कारण होने की वजह से सारी चीजें मंहगी हैं। पेट्रोल का दाम बढ़ने से महंगाई तेजी पर है। रसोई गैस का भी दाम काफी तेजी से बढ़ रहा है। घर चलाना मुश्किल हो गया है। जनता क्या करे? बढ़ती महंगाई से युवा त्रस्त है। उसके पास कोई चारा नहीं रह गया है। जीना तो इसी में है। भीषण गर्मी में इंसान जाये तो जाये कहां? पेड़ सब काट दिये गये हैं। सड़कें चौड़ी हो रही हैं। इससे खाना थोड़े ही मिलेगा। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। केन्द्र व प्रदेश सरकार को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

# मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवकों ने शुरू किया कलमबंद आंदोलन

**स्वतंत्र भारत मवई (सं.)** ब्लाक मवई के ग्राम रोजगार सेवकों ने लंबे समय से मानदेय का भुगतान न होने और मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर कलमबंद आंदोलन शुरू कर दिया है। रोजगार सेवकों ने स्पष्ट किया है कि उनकी मांगों के समाधान तक वे मनरेगा से संबंधित कार्यों का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर बने रहेंगे। सोमवार को मवई ब्लॉक मुख्यालय पर एकत्रित हुए ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी सुभाष चंद्र वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने बताया कि उन्हें पिछले आठ माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से ग्राम स्तर पर मनरेगा योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। रोजगार सेवकों ने बताया कि इससे पहले भी 4 अक्टूबर 2021 को प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मानदेय बढ़ाने तथा उनकी सेवाओं को सम्मानजनक स्वरूप देने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि लगभग 20 वर्षों से लगातार कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों को न तो उचित मानदेय मिल रहा है और न ही समय पर भुगतान किया जा रहा है। आंदोलनरत रोजगार सेवकों ने प्रशासन से मांग की कि उनका लंबित आठ माह का मानदेय तत्काल जारी किया जाए तथा मानदेय में वृद्धि संबंधी मांगों पर भी सकारात्मक निर्णय लिया जाए। रोजगार सेवकों का कहना है कि उनकी मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं और जब तक शासन एवं प्रशासन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस आंदोलन से मवई ब्लॉक क्षेत्र में मनरेगा से जुड़े कई कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष जुनैद अहमद, ब्लॉक उपाध्यक्ष आसाराम पाल, ब्लॉक मंत्री धर्मेंद्र गुप्ता, अलीम खान, अजय मिश्रा, जयकरन पाल, धाम शंकर, बृजमोहन, कमला प्रसाद, संतोष कुमार, सर्वेश कुमार, अरविंद कुमार, रामविलास, सरजू प्रसाद, कन्हैयालाल, पूनम देवी, सुनील कुमार रावत आदि उपस्थित रहे।

# तीन सड़कों का विधायक ने भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रूदौली क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने त्वरित आर्थिक विकास योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत तीन संपर्क मार्गों का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने लोहटी सरैंया नया पुरवा, साहब का पुरवा और नयापुरवा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। श्री विधायक ने सबसे पहले लोहटी सरैंया नया पुरवा से बनतपसी स्थल तक प्रस्तावित 500 मीटर लंबे संपर्क मार्ग का भूमि पूजन किया। इसके बाद भेलसर-रूदौली-इन्हौना मार्ग पर स्थित खुशहाली किसान सेवा केंद्र से साहब का पुरवा तक बनने वाले 700 मीटर लंबे संपर्क मार्ग तथा रमढीहा से नयापुरवा मजरे रेछ हरचंदपुर तक 950 मीटर लंबे संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ग्रामीण



अभियंत्रण विभाग द्वारा कराए जाने वाले इन तीनों सड़क निर्माण कार्यों पर कुल 163.48 लाख रुपये की लागत व्यय होगी। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन, उज्ज्वला योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में नगर पंचायत माँ कामाख्या धाम के अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल ने कहा कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। जिससे ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। उन्होंने विधायक द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सुग्रीव दास, तेज तिवारी, निर्मल शर्मा, सदन निषाद, सत्य प्रकाश यादव, जगप्रसाद रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को सरकार अनुदान देने की कर रही है व्यवस्था

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं (मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजन को छोड़कर) हेतु दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजनान्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं/कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान प्रदान किये जाने की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा की गयी है, जिसमें अर्ली इंटरवेंशन सेन्टर, डे केयर सेंटर/प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्कूल स्तर तक के विद्यालयों का संचालन, जूनियर हाईस्कूल स्तर तक के विद्यालयों का संचालन, हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास (अधिकतम 04 ट्रेड तथा न्यूनतम 02 ट्रेड), पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालयों का संचालन है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अन्तर्गत पंजीकृत प्रदेश के स्वैच्छिक संगठन जो सम्बन्धित क्षेत्र में अनुभव तथा उक्त योजना हेतु पात्रता रखतें हो, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 की वेबसाईट से प्रश्नगत योजना से सम्बन्धित कार्यकारी आदेश/दिशा-निर्देश व आवेदन पत्र का प्रारूप कर सकते है। इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं ÷दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता÷ योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुदान प्रस्ताव विलम्बतम दिनांक 15.06.2026 तक दो प्रतियों में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय में जमा कर सकते है। ज्ञात हो कि मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजन को छोड़कर बाकी सभी दिव्यांगों के लिये यह योजना है।

# पैसेंजर ट्रेनों को पुनः चलाये जाने की मांग हुई तेज

**स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.)** लखनऊ-वाराणसी रेलखण्ड पर कोरोना काल से पैसेंजर ट्रेन को दुबारा चलाये जाने की मांग जोर पकड़ रही है। रेल यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बुधवार को गोसाईंगंज नगर पंचायत के सभासद ने बड़ौदा हाउस में मुख्य यात्री परिवहन से मिल करके चलाये जाने की मांग की है। इसके पहले भी यह मांग की है कि कोरोना काल से पैसेंजर ट्रेनों की बंदी से यात्रियों को बहुत ही परेशानी हो रही है। उनको सड़क मार्ग से आना पड़ रहा है, जिससे महंगी यात्रा हो रही है। यात्रियों ने आचार्य नरेन्द्र देव रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेनों के ठहराव की मांग किया है। क्योंकि यह जिस स्टेशन से गरीब परिवार के लोग ट्रेनों पर चढ़ते थे और अपने गंतव्य तक पहुंचते थे, परन्तु इसकी हालत बद से बदतर हो गयी है। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का आवागमन शुरू करावे जिससे यात्री को सुविधा मिल सके।

# अयोध्या धाम की बड़ी ही महिमा: डॉ. उद्धव शरण

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** कनक भवन परिसर में बुधवार को दिव्य, भव्य कलशयात्रा के साथ नव दिवसीय श्रीरामकथा का शुभारंभ हुआ। कलशयात्रा गाजे-बाजे, रथ संग रामनगरी के मुख्य मार्गों से होते हुए सरयू तट पहुंची। जहां पूजन-अर्चन, आरती कर सभी कलशों सरयू जल भरकर पुनः यह शोभायात्रा अपने गंतव्य को वापस लौटी। राष्ट्रीय कथाव्यास एवं अयोध्या धाम की सुप्रसिद्ध पीठ रामप्रिया कुंज के पीठाधीश्वर श्रीमहंत डॉ. स्वामी उद्धव शरण महाराज ने प्रथम दिवस की अमृतमयी श्रीरामकथा का रसास्वादन कराते हुए ने कहा कि यह पावन पुनीत श्रीअवध धाम है। जो प्रभु श्रीराम की पवित्र जन्मस्थली है। जहां हम सब मंगलमयी श्रीरामकथा का रसपान कर रहे हैं। सैंकड़ो वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्रीराम अपने दिव्य, भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। जहां दिव्य मंदिर में हम लोग उनका दर्शन कर रहे हैं। यह हम सबके लिए परम सौभाग्य की बात है। श्रीरामजन्भूमि पर भव्य-दिव्य मंदिर निर्माण के साथ हमारा



जीवन सफल हुआ। हमारी पीढ़ी धन्य हुई, जो हम सबने अपनी आंखो से भव्य राममंदिर निर्माण और उसमें भगवान रामलला को विराजमान होते देखा। इससे हमारा जीवन सफल हुआ, जिसके हम सब साक्षी बने। हम सबकी सैंकड़ों वर्षों की आस पूरी हुई। इससे हम अपने आपको बहुत ही गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम की बड़ी ही महिमा है। अयोध्या का तात्पर्य है जहां कभी युद्ध ना हुआ हो। जिसे कभी युद्ध में जीता ना जा सके। अयोध्या धाम एक पावन मोक्षदायिनी नगरी है। जो सातों पुरियों में मस्तक के समान है। जिसे सप्तपुरियों में मस्तक कहा गया है। जिसका बखान ऋषि-मुनियों से लेकर देवतागण करते हैं। ऐसी है हमारी पावन अयोध्या नगरी। इससे पहले श्रीरामकथा के यजमान ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन, वंदन कर भव्य आरती उतारी। अंत में कथा विश्राम पर प्रसाद वितरित किया गया। भक्तजनों ने भगवान की अमृतमयी कथा का रसपान कर अपना जीवन धन्य बनाया। उन्होंने कहा कि अयोध्या श्रीराम की जन्मस्थली है, जहां श्रीरामकथा का रसपान कर रहे हैं। सैंकड़ो वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्रीराम अपने दिव्य, भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं।

# रुदौली तहसील में रिश्वत खोर लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रुदौली तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने एक लेखपाल को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लेखपाल की पहचान दीप चंद्र यादव के रूप में बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पीड़ित व्यक्ति अपने कार्य को लेकर लंबे समय से तहसील के चक्कर लगा रहा था। आरोप है कि कार्य के बदले उससे लगातार रिश्वत की मांग की जा रही थी। बार-बार धन की मांग से परेशान होकर पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और कार्रवाई के दौरान लेखपाल को कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों व आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। एंटी करप्शन टीम आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। मामले में जांच जारी है और संबंधित तथ्यों की पुष्टि की जा रही है। रुदौली तहसील में हुई इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। फिलहाल रुदौली तहसील मे युद्धस्तर पर भ्रष्टाचार की जड़े अपना पैर जमा चुकी है। जिससे फरियादी इंसाफ पाने में लाचार है। पीड़ितों का मानना है कि इस प्रकार की धरपकड़ आए दिन तहसील मुख्यालय पर होना चाहिए जिससे भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी हो सके। कार्रवाई के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मचा रहा, जिससे कि कर्मचारियों व आम लोगों के बीच चर्चा होती रही। एंटी करप्शन टीम ने यह कार्यवाही करके उन लोगों को बड़ी राहत दी है जो कि रिश्वत खोरी के चलते पीड़ित रहते हैं और रिश्वत न दे पाने पर दौड़-दौड़ कर परेशान होते हैं।

# योगी सरकार में कानून व्यवस्था विफल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर ने प्रदेश कि योगी सरकार पर क़ानून व्यवस्था बनाए रखने में विफलता एवं अपराधियों तथा माफियाओं को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कार्यकर्ता बैठक को कैंप कार्यालय बल्ला हाथद्य मैं संबोधित करते हुए कहा यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले नौ वर्षों में 17हज़ार से अधिक अपराधियों से पुलिस मुठभेड़ों में गोली मारकर पकड़ने का दावा करने के बावजूद क़ानून व्यवस्था की स्थिति निरंतर बिगड़ती जा रही है हत्या अपहरण रंगदारी ज़मीनों पर माफियाओं द्वारा क़ब्ज़ा एवं महिलाओं के प्रति अपराधों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है सरकार द्वारा संरक्षण प्राप्त राजनैतिक दलों से जुड़े अपराधी खुले आम जनता पर ज़ुल्म ढा रहे हैं पुलिस उन्हें पकड़ने के बजाय प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष संरक्षण दे रही है वहीं दूसरी ओर आम जनता एवं नागरिकों के साथ पक्षपात पूर्ण एवं में निरंकुश व्यवहार किया जा रहा है जिससे साधारणता नागरिक व्यापारी एवं ग़रीब जनता पुलिसिया उत्पीड़न का शिकार हो रही है पार्टी ने माँग की है कि अपराधियों के साथ बिना किसी भेदभाव एवं पक्षपात की कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और उनकी सुरक्षा तथा शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर के उनकी सूची संबंधित थानों तथा सार्वजनिक स्थलों पर लगायी जाए पार्टी ने जनता से भी अपील किया है कि अपराधियों का सामाजिक बहिष्कार करें। बैठक मैं पार्टी के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य मारुति कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष कामता प्रसाद श्रीवास्तव, महासचिवों श्याम प्रकाश प्रजापति, सचिव मुकेश यादव, महानगर अध्यक्ष इंदरपाल चतुर्वेदी, युवा प्रभारी सौरभ अग्रवाल, अब्बास भाई, ज़हीर हसन, जीतेंद्र गौड़ ने भी अपने विचार रखे। कानून व्यवस्था की कड़ी निन्दा करते हुए आये लोगों ने ने योगी सरकार से जनता को पुलिसिया उत्पीड़न तथा अपराधियों से बचाने की अपील की।

# बड़े मंगल पर विधायक रामचंद्र यादव ने बांटा प्रसाद



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगल के अवसर पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने रुदौली विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया। तथा सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्री विधायक ने नगर पंचायत कामाख्या धाम सहित बाबा बाजार, नया पुरवा, खैरनपुर, रुदौली ब्लॉक, भेलसर तथा मवई चौराहा समेत अनेक स्थानों पर आयोजित भंडारों और धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने भगवान हनुमान के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, समर्पण और लोककल्याण की भावना को मजबूत करता है। प्रसाद वितरण के दौरान विधायक ने श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। विभिन्न स्थानों पर आयोजकों एवं स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बड़े मंगल के अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया।

# पुरुषोत्तम मास में अभिषेक-पूजन का बड़ा महत्व : रामकेवल

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** प्राचीन पीठ लवकुश मंदिर एवं लवकुश भवन वाल्मीकि आश्रम रामकोट, अयोध्याधाम के श्रीमहंत रामकेवल दास महाराज ने बताया कि अधिक मास पर मठ में स्थापित द्वादश व 108 ज्योतिर्लिंगों का प्रतिदिन अभिषेक-पूजन किया जा रहा है। आधिकमास को हम मल मास पाप-ताप नाशक या पुरुषोत्तम मास के भी नाम से जानते हैं। चातुर्मास में इस मास को अधिक महत्त्वपूर्ण माना गया है। इसीलिए इस मास में प्रातः स्नान, दान, तप, नियमधर्म, पुण्यकर्म, व्रत-उपासना, निःस्वार्थ नाम जप, गुरुमंत्र जप का अधिक माहात्म्य तथा महत्त्व है। अधिक मास मनाने के पीछे गहरा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक कारण है। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रकृति और ब्रह्मांड के साथ तालमेल बिठाना है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस महीने का कोई स्वामी नहीं था। तब भगवान विष्णु ने इसे अपनाया। इस मास में भगवान शंकर



का अभिषेक पूजन करने का विधान है। साथ ही पार्थिव शिवलिंग का भी बनाने और उसके पूजन-अभिषेक करने का बहुत ज्यादा विधान है। घृत की धारा से अभिषेक करने पर वंश का विस्तार होता है। इसमें तनिक भी संशय नहीं करना चाहिए। बुद्धि तीव्र करने के लिए दूध में चीनी मिलाकर अभिषेक करना चाहिए। ऐसा करने पर शंकर भगवान की कृपा से उसकी बुद्धि श्रेष्ठ हो जाती है। मधु के द्वारा अभिषेक करने पर यक्षमा रोग तपेदिक दूर होता है। सभी प्रकार की सिद्धि प्राप्त करने के लिए सिर्फ रुद्राष्टाध्यायी का पाठ ही तथा स्वाध्याय करने से समस्त कामनाओं की पूर्ति होती है।

# रुदौली तहसील में पूर्व विधायक रुश्दी मियां ने किया भण्डारे का शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** तहसील परिसर रुदौली में बड़े मंगल के अवसर पर महाप्रसाद व शर्बत वितरण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन अब्दुल हई खां एडवोकेट, दिलीप कुमार सिंह एडवोकेट एवं उनके साथियों द्वारा किया गया। पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां और भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष सुमन पासवान ने पवन पुत्र हनुमान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं को महाप्रसाद एवं शीतल शर्बत वितरित किया गया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता, श्रद्धालु और भक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ने आयोजन की सराहना की।तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। नायब तहसीलदार शेखर शुक्ल एवं राजनारायण मौर्य सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।आयोजन के दौरान धार्मिक और श्रद्धामय माहौल देखने को मिला। अब्दुल हई खां एडवोकेट द्वारा यह सेवा कार्यक्रम विगत कई वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है।

# डीएम ने की सड़क परियोजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में स?क निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ स?क परियोजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात से पूर्व सभी प्रमुख स?क निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित कर ली जाए। निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कराते हुए परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूरा कराया जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने राम-जानकी मार्ग, नवलपुर-सिकंदरपुर मार्ग, सलेमपुर बाईपास, देवरिया बाईपास एवं तमकुहीराज-मझौली मार्ग निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी विभाग की सडक निर्माण कार्य परियोजना में भूमि अधिग्रहण की आ रही समस्याओं के संदर्भ में निर्देश दिया कि जहां-जहां अंश निर्धारण होना है, वहां संबंधित उप जिलाधिकारी अंश निर्धारण व जमीन का चिन्हांकन सुनिश्चित करते हुए उसे अवगत कराएंगे तथा अंश निर्धारण की वजह से निर्माण कार्य बाधित नहीं होना चाहिये। जिलाधिकारी ने बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत के अनुपस्थित पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि स?कों के निर्माण कार्य में विद्युत पोल शिफ्टिंग के प्रकरणों के निस्तारण में विद्युत विभाग की अनुपस्थिति से इस आवश्यक बिन्दु पर चर्चा नही हो सकी। इससे नाराज जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई तथा बिना अनुमति एवं पूर्व सूचना के मुख्यालय से बाहर रहने पर अधीक्षण अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बैठकों में अनुपस्थित रहना और बिना अनुमति मुख्यालय छो?ना कत्तई स्वीकार्य नहीं है।

## जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति'' की बैठक सम्पन्न

**श्रावस्ती,।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति'' की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में 'हर घर जल योजना' के माध्यम से आमजन को पेयजल सुविधा मुहैया कराने के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में फेज-2 में मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रों द्वारा प्रस्तावित 124 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 66 नग परियोजनाओं का कार्य 90-100 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। जिनमें से 52 नग पाइप पेयजल योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन में लिया जा चुका है तथा फेज-5 के अन्तर्गत मेसर्स जी.ए.इन्फ्रा वी.पी.एल. (जे.वी.) द्वारा प्रस्तावित 165 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 30 नग परियोजनाओं का कार्य 90-100 प्रतिशत कार्य पूर्ण है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में मंगलवार की देर शाम विकास भवन के गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस)की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने तथा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मंगलवार को अनुपस्थित 30 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का वेतन रोकने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के अंतर्गत आयोजित होने वाले सत्रों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए इन सत्रों का नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण आयोजन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सीएचओ, एएनएम, आशा, आंगनबाडी द्वारा ट्रिपल ÷ए÷ की बैठक नियमित रुप से प्रभावी की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, एएनएम तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित होम विजिट करने और गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं आमजन को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।तथा इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही अनुपस्थित 30 सीएचओ का वेतन रोकने का भी आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों में लापरवाही किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने बीसीपीएम के कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी अनुश्रवण के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ अगली समीक्षा बैठक में उपस्थित होने की हिदायत दी। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सभी एमओआईसी के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। बैठक में प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जलभराव एवं खराब संपर्क मार्गों की समस्या के लिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।उन्होंने आरबीएसके टीमों को पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने, निर्धारित रोस्टर के अनुसार सभी सत्रों में उपस्थित रहने तथा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार संबंधी कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

## खबर एक नजर

### आपराधिक प्रकरण में शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।**जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आपराधिक गतिविधियों के संज्ञान में आने पर एक शस्त्र लाइसेंस को निलंबित कर दिया है।शस्त्र लाइसेंसी गामा यादव पुत्र स्व. विश्वनाथ यादव, निवासी ग्राम पकड़ी तिवारी, थाना मदनपुर, जनपद देवरिया के विरुद्ध थाना मदनपुर में मुकदमा अपराध संख्या 107/2026, धारा 191(2), 191(3), 351(3), 352 एवं 103(1) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत है। प्रकरण की गंभीरता तथा शस्त्र के संभावित दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी ने शस्त्र लाइसेंस संख्या 704/थाना मदनपुर पर धारित पिस्टल (संख्या ढ्ठ-स्र्ष्ठ-25-स्नढ्ढ-015595, 7-62 एमएम) का लाइसेंस अपने आदेश दिनांक 2 जून 2026 द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।जिलाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक, थाना मदनपुर को निर्देशित किया है कि संबंधित शस्त्र एवं शस्त्र लाइसेंस को तत्काल अपने कब्जे में लेकर संरक्षित करें।

### नई उम्मीद सेवा समिति ने किया गोवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला विकास खण्ड के ग्राम सभा रसूलपुर अहमद अली स्थित उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित गौशाला में रह रहे बेसहारा गौवंशों के लिए बुधवार को हरे चारे की व्यवस्था कर नई उम्मीद सेवा समिति ने सराहनीय पहल की। समिति के इस कार्य का क्षेत्रवासियों ने प्रशंसा करते हुए इसे जीव-दया और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।समिति के सदस्यों ने गौशाला पहुंचकर गायों के लिए हरे चारे की व्यवस्था करने के साथ ही साथ उनके संरक्षण और देखभाल के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर समिति के सक्रिय सदस्य सुजीत जायसवाल (आशू), रमेश राजभर, संतोष मौर्य, सुनील सिंह, सुभाष राजभर और लालमन यादव सहित अन्य सहयोगियों ने अपना योगदान दिया। वक्ताओं ने कहा कि बेसहारा और मूक पशुओं की सेवा करना मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। समिति द्वारा समय-समय पर किए जा रहे जनहित एवं जीव-दया के कार्य समाज में सकारात्मक संदेश दे रहे हैं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्य निरंतर जारी रखने की कामना किया।कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा गौ सेवा को समाज के लिए प्रेरणादायक अभियान बताया गया ।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने 4 केंद्रीय मंत्रियों को लिखा पत्र

**आजमगढ़ ।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत (ॠक्क) ने अधिकतम खुदरा मूल्य (स्रक्क) मुद्रण पर सीमा लगाने के लिए कानून निर्माण की मांग को लेकर 4 केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखा है। 53 वर्षों से उपभोक्ता जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत इस गैर-सरकारी संगठन ने कहा कि वर्तमान में स्रक्क उपभोक्ता संरक्षण के बजाय लूट का साधन बन गया है।ॠक्क ने केंद्रीय वित्त मंत्री, वाणिज्य मंत्री, कानून मंत्री और उपभोक्ता मामले मंत्री को पत्र भेजकर स्रक्क की ऊपरी सीमा निर्धारित करने वाला कानून बनाने की मांग की है। संगठन के अनुसार देश के सभी राज्यों में 35000 से अधिक सदस्य हैं । ॠक्क का मानना है कि ÷उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान द्विपक्षीय संवाद और दोनों पक्षों की पारस्परिक समझ से ही संभव है।÷ स्रक्क में गड़बड़ी के ॠक्क ने कहा कि 1970 में अवांछित मूल्य वृद्धि रोकने के लिए स्रक्क लाया गया था। 1990 में मेट्रोलॉजी कानूनढ्ढ के तहत स्रक्क प्रिंट करना अनिवार्य हुआ, लेकिन कानून में स्रक्क की कोई ऊपरी सीमा तय नहीं की गई। निर्माता, व्यापारी, एजेंट और खुदरा विक्रेता अपनी मर्जी से स्रक्क मुद्रित कर रहे हैं। मेडिसिन क्षेत्र में स्रक्क उत्पादन लागत से 100 गुना से अधिक है। हम विज्ञापन देखते हैं कि दवाओं पर 80त्न तक की छूट देते हैं। कई मामलों में उत्पादक अस्पताल और अन्य एजेंसी को उनकी मर्जी के अनुसार स्रक्क मुद्रित करने के लिए दबाव डालते हैं।ॠक्क ने 24 अप्रैल 2026 को द टेलीग्राफ में प्रकाशित रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि उद्योग निकाय व्यापार मार्जिन और स्रक्क पर सीमा लगाने की मांग कर रहे हैं क्योंकि उत्पादक अस्पताल और वितरकों को अपने सुझाए अनुसार स्रक्क प्रिंट करने के लिए मजबूर करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत में चिकित्सा उपकरणों की कीमत उत्पादन लागत से 25 गुना अधिक है।

### आजमगढ़ के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार को मिली राष्ट्रीय उपलब्धि

**स्वतंत्र भारत।आजमगढ़ ।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार को राष्ट्रीय उपलब्धि मिलने से पूरा जिला खुशी से झूम उठा है । फेम इंडियाढ्डएशिया पोस्ट सर्वे 2026 में देश के शीर्ष 25 जिलाधिकारियों में स्थान मिला है, और, 862 अंकों के साथ जिलाधिकारी ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है । भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जिला प्रशासन शासन व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण इकाई माना जाता है । केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियाँ, योजनाएँ और विकास कार्यक्रम अंततः जिले के माध्यम से ही जनता तक पहुँचते हैं। इस पूरी व्यवस्था के केंद्र में होता है जिलाधिकारी, जो न केवल प्रशासनिक प्रमुख होता है, बल्कि जनता और सरकार के बीच सबसे महत्वपूर्ण सेतु भी होता है। किसी जिले की कानून-व्यवस्था, विकास कार्य, जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, आपदा प्रबंधन, राजस्व प्रशासन, चुनावों का संचालन तथा जनता की शिकायतों का समाधान–इन सभी क्षेत्रों में जिलाधिकारी की भूमिका निर्णायक होती है।

# डीएम ने की चकबंदी, आबकारी एवं आईजीआरएस कार्यों की समीक्षा



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली, रिट प्रकरण, ऑडिट, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे, चकबंदी, आबकारी, सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान कड़ा रुख अपनाते हुए शिकायतों का वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाए जाने पर अधिशासी अभियंता विद्युत गण एवं जिला खनन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश के साथ ही गौरीबाजार नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि विभागीय लापरवाही से आईजीआरएस रैंकिंग प्रभावित होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर कार्रवाई के लिए सचेत किए। जिलाधिकारी ने सभी पीठासीन अधिकारियों को पुराने राजस्व वादों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।राजस्व वसूली की समीक्षा में जिलाधिकारी ने वसूली लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने, लंबित आरसी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने तथा वसूली के आंकड़ों का संबंधित विभागों से मिलान कर उनकी शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले माह भी यदि किसी नगर निकाय की वसूली 70 प्रतिशत से कम पाई गई तो संबंधित अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।राजस्व वादों की समीक्षा के दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा पुराने मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज करने को कहा। चकबंदी विभाग की समीक्षा में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण तथा किसानों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया। रिट प्रकरणों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने न्यायालयों में प्रतिशपथ पत्र (काउंटर एफिडेविट) निर्धारित समयसीमा के भीतर दाखिल करने के निर्देश दिए। वहीं ऑडिट प्रकरणों में लंबित आपत्तियों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध असलहा व कारतूस के साथ हथियार तस्कर गिरफ्तार



**आजमगढ़** जिले की मुबारकपुर पुलिस ने सटीक कार्रवाई करते हुए, अवैध असलहा व कारतूस के साथ हथियार तस्कर मो0 अन्जर पुत्र इफ्तिखार अहमद शेख निवासी ईशापुर थाना फूलपुर जिला आजमगढ को गिरफ्तार किया है । अवैध शस्त्र रखने व उसकी तस्करी करने वाले अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतू वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.06.2026 को चौकी प्रभारी कस्बा मुबारकपुर उ0नि0 धर्मेन्द्र शर्मा मय हमराह को सूचना मिली कि अवैध असलहा व कारतूस की तस्करी करने वाला 01 व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर बावन बीघा मैदान, शहीदनगर इस्लामपुरा मे मौजूद है । जिसके पास भारी मात्रा मे अवैध तंमचा-कारतूस है । इस सूचना पर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मो0 अन्जर पुत्र इफ्तिखार अहमद शेख निवासी ईशापुर थाना फूलपुर जिला आजमगढ उम्र करीब 23 वर्ष नगद व 01 मोटरसाइकिल के साथ समय करीब 23¬20 बजे गिरफ्तार किया गया।

# चोरी का पर्दाफाश करने में नाकामयाब पुलिस

**लालगंज (आजमगढ़)** देवगांव कोतवाली अन्तर्गत खनियरा गांव में चार माह पूर्व प्रधानाचार्य के घर हुई करोड़ रुपये की चोरी का पर्दाफाश करने में पुलिस अब तक सफल नहीं हो पायी।पर्दाफाश को कौन कहे अभी तक किसी उच्चाधिकारी द्वारा घटना स्थल का मुआयना भी नहीं किया गया।देवगांव कोतवाली अन्तर्गत खनियरा गांव निवासी सर्वेश मिश्रा पुत्र त्रिभुवन मिश्रा लालगंज में स्थित श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय इण्टर कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य है।फरवरी माह में शादी में भाग लेने के लिए उनका पूरा परिवार जयपुर गया था।घर पर कोई नहीं था ।बाहर से देख रेख करने के लिए दो लोगो को लगाया गया था। 12फरवरी 26को रात्रि में लगभग 12बजे उनको सूचना मिली कि घर में चोरी हो गई है।सूचना मिलते ही सर्वेश मिश्रा वाहन से घर के लिए चल दिए।घर पहुंचने पर अंदर का माजरा देख कर उनका होश उ? गया।जहाँ - जहां ताला लगा था सब टूटा प?ा था।सर्वेश मिश्रा की माँ व पत्नी का लगभग एक करोड़ रुपए के जेवरात व हजारों रुपया नगदी सहित अन्य सामान गायब थे।घटना के दिन ही लालबहादुर सिंह के यहां भी चोरी हुई थी उसमें ज्यादा सामान चोरो के हाथ नहीं लग पाया था। देवगांव पुलिस लालबहादुर सिंह के चोरी की सूचना दर्ज करके उसी में सर्वेश मिश्रा की चोरी का उल्लेख कर दिया जिसमें चोरी गए सामानों का विवरण दर्ज नहीं किया गया।इतनी ब?ी चोरी का अब तक खुलासा नहीं होना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है देखना है कि पुलिस मामले का पर्दाफाश कर पाती है या ठंडे बस्ते में डाल देती है।

# डीएम ने जल शोधन संयंत्र स्थल का किया निरीक्षण



**बलिया।** बताया जाता है कि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बुधवार को तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम जमुआ में अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना से संबंधित भूमि हस्तांतरण एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद बलिया के लिए जिलापूर्ति योजना की कार्ययोजना ट्रांच-1 में स्वीकृत की गई है। योजना के अंतर्गत 35 एमएलडी क्षमता का एक जल शोधन संयंत्र (ङ्खञ्जक्क), 53 एमएलडी क्षमता का एक इंटेक वेल, लगभग 1000 केएल क्षमता का एक ओवरहेड टैंक (ह्र॥ञ्ज), लगभग 115 किलोमीटर लंबी वितरण प्रणाली तथा करीब 21 किलोमीटर लंबी राइजिंग मेन का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने पर नगर पालिका क्षेत्र के लगभग 20,603 घरों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। जिलाधिकारी ने जल शोधन संयंत्र, इंटेक वेल एवं शिरोपरी जलाशय निर्माण के लिए भूमि से संबंधित प्रस्तावों पर तत्काल आदेश जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता को परियोजना के प्राक्कलन एवं डिजाइन तैयार करने की कार्यवाही तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से शुरू किया जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), तहसीलदार सदर, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिकारी, राजस्व विभाग की टीम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गर्भवती बहू को पेट्रोल डालकर लगाई आग,पति व सास गिरफ्तार



**आजमगढ़** जिले की मुबारकपुर पुलिस ने दहेज की मांग पूरी न होने पर 7 माह की गर्भवती विवाहिता को जिंदा जलाने के प्रयास के मामले में पति मुहम्मद फरमान पुत्र अब्दुल गनी व सास जाहेदा खातून निवासी कटरा मुबारकपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उ0नि0 धर्मेंद्र शर्माढ्ढ की टीम ने ढ्डस्ढ्ढक्र दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को रोडवेज तिराहा/स्टैंड के पास से दबोच लिया । 2 जून को अफरोजा खातून पुत्री सेराज अनवर निवासी स्यूलपुर (अभिमेली) ने थाना मुबारकपुर में तहरीर दी। पीड़िता की शादी 05 मई 2025 को मुस्लिम रीति-रिवाज से मुहम्मद फरमान पुत्र अब्दुल गनी निवासी कटराढ्ढ के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति फरमान अहमद व सास जाहेदा खातून ने दहेज में 3,00,000 रुपये नकद और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। गहने-जेवर और उपहार छीनकर उसे घर से निकाल दिया। सामाजिक बीच-बचाव के बाद वह पुनः ससुराल गई और गर्भवती हुई । पीड़िता ने बताया कि फरवरी 2026 में फिर से दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर जान से मारने की नियत से आग लगा दी गई । इलाज के बाद स्वस्थ होने पर उसने 02.06.2026 को केस दर्ज कराया। ड्डमु0अ0सं0 209/2026 धारा 109(1), 115(2), 89, 85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ। जून 2. को उ0नि0 धर्मेंद्र शर्मा मय हमराह कटरा तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित मां-बेटा रोडवेज स्टैंड की तरफ से भागने की फिराक में हैं। उ0नि0 धर्मेंद्र शर्मा की टीम ने घेराबंदी कर 03.06.2026 को करीब 09¬30 बजे दोनों को हिरासत में ले लिया

# स्वयं सेवी संस्था ने भरवाया पोखरे में पानी



**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर के काली चौरा मन्दिर परिसर स्थित पोखरे में नई उम्मीद सेवा समिति द्वारा नलकूप के माध्यम से पानी भरवाया गया। जिसकी नगर में काफी प्रशंसा हो रही। नई उम्मीद सेवा समिति द्वारा अभी हाल में ही क्षेत्र के रसूलपुर स्थित गोशाला में संरक्षित पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था की गई थी। भीषण गर्मी में जहां चारों तरफ हाहाकार मचा है तालाब और पोखरों के सूखने से पशु पक्षी सभी बेहाल है। काली चौरा मंदिर के पोखरे को पानी से भर जाने से आसपास के गांवों के लोगों पशु पक्षियों को काफी राहत मिलेगी। पोखरे में पानी भरने के बाद समिति के प्रबंधक सुजीत जायसवाल आंसू ने कहा कि पशु पक्षियों और इस जगत के सभी जीव जंतुओं का जीवन इतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि मनुष्य का है। पोखरे में जल के संरक्षण से इनके पीने के पानी की समस्या से निजात मिलेगी ।

# भटवारी और डिघिया में किसानों को दिया गया डीएसआर तकनीक का प्रशिक्षण



**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत भटवारी एवं डिघिया में बुधवार को यूपी एग्रीस योजना के अंतर्गत कृषकों को धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान, वाराणसी से आए वैज्ञानिक डॉ. अजय सिंह ने दिया। उन्होंने किसानों को डायरेक्ट सीडिंग राइस विधि से धान की खेती करने की वैज्ञानिक विधि, फायदे और सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया। बताया गया कि इस तकनीक से पानी, समय और मजदूरी तीनों की बचत होती है और उत्पादन भी बेहतर होता है। मौके पर एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया, गौरव सिंह सीएम फेलो हरिकेश पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए आगामी सीजन में डीएसआर विधि अपनाने की इच्छा जताई।

## पावर टिलर से तैयार किया खेत, किसान ने शुरू की बंडा की खेती

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दोहरीघाट विकास खंड क्षेत्र के बुढावर गांव के किसान विजय कुमार ने पावर टिलर (हैंड ट्रैक्टर) की सहायता से खेत तैयार कर बंडा (अरबी) की खेती शुरू कर दी है। आधुनिक कृषि यंत्र के उपयोग से खेत कम समय में तैयार हो गया, जिससे किसान को श्रम और खर्च दोनों में राहत मिली है।किसान विजय कुमार ने बताया कि पावर टिलर के प्रयोग से खेत तैयार करने में सुविधा हुई तथा मजदूरी पर होने वाला खर्च भी कम आया। उन्होंने कहा कि इस बार बंडा की खेती से अच्छी पैदावार की उम्मीद है।

# तुलसियापुर हादसा : डीएम-एसएसपी पहुंचे मौके पर घायलों का जाना हालचाल

**स्वतंत्र भारत बढ़नी सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र ढेबरुआ के कस्बा तुलसियापुर में निर्माणाधीन मछली मंडी गेट की शटरिंग अचानक गिर जाने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य मजदूर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। जानकारी के अनुसार, निर्माणाधीन मछली मंडी गेट पर कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक शटरिंग भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में वहां कार्यरत कई मजदूर आ गए। हादसे में छह मजदूर प्रभावित हुए, जिनमें से एक की मृत्यु हो गई जबकि पांच घायल मजदूरों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही डीएम शिवशरणप्पा जी.एन. तथा एसपी डॉ. अभिषेक महाजन घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का



निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निर्माण कार्य की स्थिति, हादसे के कारणों तथा राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी और बाद में जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने चिकित्सकों से घायलों के स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा बेहतर एवं समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने घायल मजदूरों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा हादसे के कारणों की जांच कराई जा रही है तथा निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों के पालन की भी समीक्षा की जा रही है।

# जर्जर हो चुकी पुलिया के निर्माण हेतु डीएम को दिया पत्रक

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य व भाजपा नेता आदित्य तिवारी ने डीएम पवन कुमार गंगवार को मंगलवार को पत्रक देकर जर्जर हो चुकी पुलिया की तात्कालिक मरम्मत व निर्माण कार्य की मांग की है।दिए गए पत्रक में क्षेत्र पंचायत सदस्य ने बताया कि जिले के अंतिम छोर पर मध्यप्रदेश की सीमा से सटे भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के हरिजन बस्ती,बहेलियान बस्ती व यादव बस्ती में जाने के लिए वर्ष 1999 में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क बनाई गई थी। सड़क बनाने के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में बनाई गई दोनों पुलिया का पीडब्ल्यूडी द्वारा नव निर्माण नही करवाया जा सका। सड़क पर बनी दोनों पुलिया विगत तीन वर्षों से जर्जर हो चुकी है।भारी बारिश होने से कभी भी धराशाई हो सकती है। जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो जाएगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने बताया कि ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत से पुलिया निर्माण हेतु गुहार लगाई गई तो वहां से पीडब्ल्यूडी द्वारा पुलिया निर्माण कराने की बात कही गई। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता का कहना है कि शासन को पुलिया निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। जनहित में बारिश से पूर्व क्षतिग्रस्त दोनों पुलिया की मरम्मत करवाए जाने की आवश्यकता है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर जर्जर हो चुकी पुलिया का निर्माण करवाए जाने की मांग की है।

# चुनार पीएचसी में डॉक्टर नदारद, मरीज परेशान





**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** के चुनार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में डॉक्टरों की कथित

### कुत्ते के काटने पर नहीं लगा इंजेक्शन, सीएमओ पर भी उठे सवाल

लापरवाही का मामला सामने आया है। एक मरीज ने डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें ड्यूटी न करने और कार्यशैली में लापरवाही बरतने की बात कही गई है। मरीज को दो से तीन दिन पहले कुत्ते ने काट लिया था और उसे इंजेक्शन लगवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पीड़ित मरीज ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से इंजेक्शन लगवाने के लिए पीएचसी के चक्कर लगा रहा है। अस्पताल का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है, लेकिन इस दौरान भी उसे कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं मिला। मरीज का आरोप है कि डॉक्टर तरह-तरह के बहाने बना रहे हैं और अपनी ड्यूटी पर मौजूद नहीं रहते।इस संबंध में जब संबंधित अधिकारी प्रभारी निरीक्षक डॉ0 राकेश कुमार पटेल चुनार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि अस्पताल का समय ओपीडी टाइम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक है। हालांकि, मरीज ने बताया कि उसने इस समय सीमा के भीतर कई बार अस्पताल का दौरा किया, लेकिन उसे कोई डॉक्टर नहीं मिला। मिर्जापुर के सीएमओ से संपर्क करने पर उन्होंने मरीज को डॉक्टर से मिलने की सलाह दी, जबकि वहां कोई डॉक्टर मौजूद ही नहीं था।

# तुलसियापुर में निर्माणाधीन मछली मंडी गेट की शटरिंग गिरी, एक मजदूर की मौत, पांच घायल

**स्वतंत्र भारत बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के मधवापुर में निर्माणाधीन मछली मंडी का मुख्य गेट अचानक भरभराकर गिर जाने से वहां कार्य कर रहे एक मजदूर की ढाई घण्टे मलबे में दबे रहने के कारण घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी और छह मजदूर घायल हो गए। हादसे के बाद निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और



लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से सभी घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी भेजा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मजदूर निर्माण कार्य में लगे हुए थे, तभी अचानक गेट का ढांचा असंतुलित होकर गिर पड़ा। इसकी चपेट में आकर छह मजदूर घायल हो गए। घायलों में तीन मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर के लिए रेफर कर दिया गया। लोगों ने निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों में लापरवाही की आशंका जताई जा रही है।मृतक का नाम ढेबरुआ थानाक्षेत्र के मढ़नी निवासी 25 वर्षीय मुस्ताक पुत्र किताबुल्लाह है। घायल बुधई, राजेन्द्र पुत्र पुत्र बुधई निवासी घरुआर, नूर आलम ,रामदयाल निवासी अमहवा नेपाल, रुपेश यादव निवासी मानपुर है। मण्डी परिषद निर्माण खण्ड द्वारा 5.56 करोड़ की लागत से बन रहे इस मछली मण्डी का निर्माण कराया जा रहा था।

# तेज रफ्तार मैजिक की टक्कर से बाइक सवार साला जीजा की मौत, अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** थाना क्षेत्र के मुड़पेली मोड़ के पास मंगलवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार साला व रिस्तेदार के जीजा की मौत हो गई।

घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मैजिक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना हलिया क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी मोहन कोल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र मोनू कुमार अपने रिश्तेदारी के जीजा सुनील कोल निवासी कवलझर के साथ मोटरसाइकिल से किसी कार्य से बाजार जा रहा था।मंगलवार दोपहर करीब चार बजे मुड़पेली मोड़ के पास सामने से आ रही यूपी 63 बीटी 1975 नंबर की मैजिक के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### NOTICE

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from MOHD AMIR CHAUDHARY to CHOUDHRI AAMIR MOHD HADISH. In the future, I shall be known and recognized by the CHOUDHRI AAMIR MOHD HADISH S/O MOHD HADDISH Address: VILL-MOHAMMADPUR BANJAHARA, POST-SEKHUIYA, BALRAMPUR, UP

सी.आर.-429/ L-25

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम LIAQAT ALI था जो अव बदलकर LIYAQAT ALI कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। LIYAQAT ALI S/o NIYAMAT ULLA B-1320 NEAR MASTAN MARKET KARELI-PRAYAGRAJ.

सी.आर.-435/ D-32

### सूचना

मैं ABHAY KUMAR आर्मी नं0-4579405L रैंक-L/Hav, के सैन्य दस्तावेज में मेरी माता जी का नाम त्रुटिवश RANU AGNATIOUS गलत अंकित हो गया है जबकि वास्तविक सही नाम KILERA है।

सी.आर.-437/ D-25

### सूचना

मैं ABHAY KUMAR आर्मी नं0-4579405L रैंक-L/Hav, के सैन्य दस्तावेज में मेरे पिताजी का नाम त्रुटिवश ASHRA AGNATIOUS गलत अंकित हो गया है जबकि वास्तविक सही नाम ASHAR है।

सी.आर.-437/ D-25

### सूचना

मेरा नाम आधारकार्ड में प्रिंसी शर्मा (Princee Sharma) अंकित है। जबकि शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में स्वाती शर्मा (Swati Sharma) के रूप में अंकित है। भविष्य में मुझे स्वाती शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाए। स्वाती शर्मा (Swati Sharma) पुत्री विजय दीप शर्मा नि.मो. लोधीपुर, शाहजहांपुर, उत्तरप्रदेश)

सी.आर.-437/ D-36

### सूचना

मैं CHAVAN CHARAN SING INDRADEO आर्मी नं0-5352709L रैंक-Hav, मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश CHAVAN GURU (चव्हाण गुरू) गलत अंकित हो गया है जबकि वास्तविक सही नाम तत्र CHARANSING CHAVAN (गुरू चरनसींग चव्हाण) है।

सी.आर.-437/ D-31

### सूचना

सूचित किया जाता है कि पहले मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम लतीफ पुत्र रफीक निवासी नई कॉलोनी, कछौना, पतसेनी चौराहा अंकित था। इसके स्थान पर अब मेरा नाम लतीफ पुत्र शफीक निवासी निचला अशराफटोला, कस्बा संडीला जिला हरदोई अंकित किया जाए।

सी.आर.-438/ D-37

### सूचना

श्रीमती अनीस जहाँ, पत्नी स्वर्गीय बाबू, निवासी बरौरा हुसैन बाड़ी, सम्मान गार्डन, कैम्पवेल रोड, लखनऊ की भूमि से संबंधित मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है। इस संबंध में थाना ठाकुरगंज, लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त रजिस्ट्री प्राप्त हो अथवा उससे संबंधित कोई जानकारी हो, तो मो. 9956516699 पर संपर्क करने का कष्ट करें।

सी.आर.-440/ L-48

### सूचना

मैंने गुलाम मुस्तफा के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 216704026 लिया था, जबकि बैंक व आधारकार्ड में मेरा नाम दरगाही दर्ज है दोनो नाम का एक ही व्यक्ति है। दरगाही पुत्र चांदअली ग्रा0-सुड्डूपुरवा (वेहननपुरवा) पो0-बसन्तपुर राजा गोण्डा।

सी.आर.-436/ D-29

### सूचना

मेरी बहू प्रेमलता पत्नी सुरेश कुमार का चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व सम्बन्ध से बेदखल कर दिया है भविष्य में ये अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। लक्ष्मीनरायान पुत्र राजाराम ग्रा0-करमैती,थाना-ललिया बलरामपुर।

सी.आर.-436/ D-34

### सूचना

मेरे पिता रग्घु पुत्र हरिभजन ने एल0आई0सी0 की एक पालिसी 276576374 लिया था, जबकि आधारकार्ड में इनका नाम रघुनाथ पुत्र हरभजन दर्ज है दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है। मातवर पुत्र रग्घु ग्रा0-तख्तरवा पो0-चमरूपुर बलरामपुर।

सी.आर.-436/ D-29

### सूचना

मैंने शिवपता के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 236992138 लिया था, जबकि बैंक व आधारकार्ड में मेरा नाम नीतू दर्ज है दोनो नाम की एक ही महिला है। नीतू उर्फ शिवपता पत्नी शिव कुमार यादव ग्रा0-बालपुर चौकी बलरामपुर।

सी.आर.-436/ D-30

### सर्वसाधारण सूचना

यह कि सीताराम यादव पुत्र रामचरन यादव ग्राम रुस्तम पुरवा मजरे खसपरिया नवाबगंज जनपद बाराबंकी का है जिसका ड्राइविंग लाइसेंस नंबर UP 41 200 00 00 2314 है ड्राइविंग लाइसेंस में सीताराम नाम लिख गया था जब कि सही एवं पूरा नाम सीताराम यादव पुत्र रामचरन यादव है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं अतः भविष्य में सीताराम यादव पुत्र रामचरन यादव के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

सी.आर.-434/ L-50

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचनाः ओटी–13–2026**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर–II/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: ओटी–13–2026; कार्य का विवरणः** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के अन्तर्गत सहजनवाँ–दोहरीघाट नई लाईन परियोजना के तहत सहजनवाँ (Excl.)– बांसगाँव (Incl.) खण्ड के ओएचई (2x25 केवी, एसी, 50, हर्ट्ज) सिस्टम के साथ–साथ बाउण्ड्री सेक्शनिंग पोस्ट (BSPs), सब सेक्शनिंग पोस्ट (SSPs) के रेलवे विद्युतीकरण हेतु डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹35,36,61,599.37; **बयाना राशिः** ₹70,73,200/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह; **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समयः** 29.06.2026 को 15:00 बजे। **नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर–II/निर्माण
मुजाधि/विद्युत–56 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### हेतु सदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर प्रयागराज**
**वाद स0- 7/48 सन् 2025 प्रयागराज।**
**धारा-116**

श्रीमती प्रमोदिनी सिंह पत्नी शत्रुघन सिंह निवासिनी सिजहरी तहसील व जिला महोबा हाल मुकीम 189/294 लूकरगंज परगना व तहसील सदर जनपद प्रयागराज......वादिनी

**बनाम**

1- राजकुमार ।
2- श्रीराम
पुत्रगण स्व0 छोटेलाल ।
3- घनश्याम पुत्र स्व0 नन्दलाल ।
4-मालती पत्नी स्व0 नन्दलाल ।
5- बच्चन पुत्र स्व0 ठाकुरदीन ।
6-बाबू
7- विनौद
पुत्रगण स्व0 रामखेलावन
समस्त निवासीगण ग्राम बजहा परगना व तहसील सदर प्रसागराय।
8-वृन्दावन पुत्र स्व0 मुरारी लाल निवासी चक हाई तहसील मेजा, जनपद प्रयागराज-212302
9- नुसरत खालिद वल्द स्व0 खालिद इसहाक ई 0डब्लू0 एस0-53 नीम सराय परगना व तहसील सदर जनपद प्रयागराज ।
10- शाहनूर अहमद
11- साहेब आलम
12- गुलफाम अहमद
पुत्रगण स्व0 फरीदउद्दीन ।
निवासीगण नसीरपुर सिलना परगना व तह. सदर जनपद प्रयागराज।......प्रतिवादी गण

चूँकि ऊपर नामोकित ने इस न्यायालय से आवेदन किया है कि ....अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2026 के 06 के 10 दिवस को दो बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।

**नियत तिथि - 10/062026**
**न्यायाधीश**

सी.आर.-435/ D-CN

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं– **क्रम सं.-1,** कार्य का नामः छपराः 12 यूनिट टाइप-II एवं 4 यूनिट टाइप-III आवास का प्रावधान। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2026-73, अनुमानित लागत (₹): ₹ 3,85,76,650/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹): ₹ 7,71,500/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 07-07-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का नामः देवरिया सदर–बैतालपुर अनुभाग के मध्य अतिक्रमण रोकने के लिये आरसीसी बाउण्ड्रीवाल का प्रावधान (कुल-3.60 कि०मी०) तथा वमइं/प्रथम/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत समपार का सुधार। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2026-75, अनुमानित लागत (₹): ₹4,67,09,717/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹): ₹ 9,34,200/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 07-07-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 06 माह। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-73 एवं एनईआर-बीएसबी-2026-75 07-07-2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.),
मुजाधि/डब्लू-149 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

### सिटी कालेज

सम्बद्ध डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

सिटी कालेज लक्षबर बजहा प्रतापगंज बाराबंकी में प्रवक्ता **एम0एस0–सी. एजी0 (1. एग्रोनामी 02, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट रीडिंग 03, एन्टोमोलॉजी 04, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री एण्ड स्वाइल साइंस) प्रत्येक में चार–चार पद।**

योग्यता अर्हता एवं वेतनमान–यू0जी0सी0 एवं डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के परिनियमानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने बायोडाटा, आवेदन–पत्र समस्त अर्हता संबंधित प्रपत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतियों एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ महाविद्यालय को डाक, व्हाट्सएप, ईमेल अथवा स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध करायें। साक्षात्कार में बुलाये जाने हेतु किसी प्रकार का देय नहीं होगा।

लक्षबर बजहा प्रतापगंज बाराबंकी
मो0 : 8177001081
E-Mail : citycollegebbk@gmail.com

### सूचना

हम तीनों बहनें रन्नो पाल नि.-ग्रा.-सकरा, जिला-लखनऊ, व सन्नो पाल नि.- 81, बरावन खुर्द, लखनऊ तथा सीमा पाल नि.-ग्रा.-सरोसा भरोसा, जिला-लखनऊ, पुत्रीगण स्व. राम केदार पाल हमने अपनी सगी छोटी बहन अंजू पाल पुत्री स्व. राम केदार पाल नि.-565क/155, अमरुदही बाग, आलमबाग, लखनऊ को उसके गलत आचरण एवं व्यवहार के कारण उससे सम्बन्ध-विच्छेद कर लिया है। अब से हम लोगों व हमारे परिवार का उससे कोई सरोकार नहीं है। वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी।

सी.आर.-433/ L

### सूचना

मै बल्लू खां पुत्र अली हुसैन निवासी ग्राम चक घूरपुर थाना घूरपुर तहसील बारा जनपद प्रयागराज मेरा पुत्र मो. फरहान मेरे व मेरी पत्नी के कहने सुनने में नहीं है। मेरा पुत्र अपनी पत्नी के अनुसार काम करता है। हम लोगों के विरुद्ध हो गया है और बात पर बात हमसे लड़ाई झगड़ा गाली गलौज करता है। हमने अपने पुत्र फरहान को बहुत समझाया परन्तु उसमें कोई भी सुधार नहीं हुआ है। वह मुझे और मेरी पत्नी को अपमानित करता रहता है। इससे परेशान होकर मैंने मो. फरहान को अपनी चल अचल संपति से बेदखल कर दिया है। आज की तारीख से अपने पुत्र मो. फरहान से अपना पिता पुत्र का रिश्ता समाप्त कर दिया है।

यदि मो फरहान द्वारा कोई भी गलत कार्य किया जाता है या किसी से लेन देन करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा मेरा और मेरी पत्नी का उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सी.आर.-435/ D

### उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/डीजल उत्तर रेलवे डीजल शेड आलमबाग, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **निविदा संख्याः– DSL/AMV/MCO/WC/256, कार्य का नामः** डीजल शेड आलमबाग लखनऊ के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के कैब में थर्मल इन्सुलेशन के साथ एयर कंडीशनिंग यूनिट (ट्रफ के साथ या बिना) की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, **मात्रा–** 106 संख्या। **बिडिंग शुरू होने की तारीखः** 11.06.2026, **बिडिंग समाप्त करने की तारीख तथा समयः** 25.06.2026 15:00 hours. **कार्य की अनुमानित लागत रूपएः** 1,24,16,358.82/– (एक करोड़ चौबीस लाख सोलह हजार तीन सौ अठ्ठावन रुपए बयासी पैसे मात्र), **धरोहर राशिः** 2,48,300/-, **कार्य करने की अवधिः** 01 वर्ष (Acceptance लैटर जारी होने की तिथि से) अगर कार्य अवधि बढ़ाई या कार्य का समापन न किया गया हो। विस्तृत विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें, **निविदा सूचना संख्याः DSL/AMV/MCO/WC/256 दिनांकः– 03.06.2026** 1887/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**टेंडर नोटिस**

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. स. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51265185 | "Rail Cum Road Vehicle (RCRV), As per specification Attached (Cost of basic machine and preventive maintenance during warranty period). | 1 Nos. | 15.07.2026 |

**निविदा शर्तें: 1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेब साइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

**टेंडर नोटिस संख्या: 51265185** **दिनांक: 01.06.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1846/2026

### सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आसिफ अली पुत्र कासिम अली निवासी म0न0 40 मोहल्ला मेवातियान परगना व तहसील जिला गोण्डा का निवासी हूँ। मेरे द्वारा मेरे पिता श्री कासिम अली पुत्र अब्दुल हई का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु प्रार्थना पत्र/आवेदन नगर पालिका परिषद गोण्डा में प्रस्तुत किया है। जिसमें मेरे पिता श्री कासिम अली पुत्र अब्दुल हई की मृत्यु दिनांक 08.11.2008 मृत्यु स्थान म0न0 40 मोहल्ला मेवातियान जिला गोण्डा में हो गयी थी।

उक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पन्द्रह दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद गोण्डा में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि समाप्त हो जाने उपरान्त किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका परिषद गोण्डा द्वारा निर्गत कर दिया जायेगा।

**आसिफ अली पुत्र कासिम अली निवासी म0न0 40 मोहल्ला मेवातियान परगना व तहसील जिला गोण्डा।**
**मो0 नं0 8795695422**

सी.आर.-439/ L

## कार्यालय कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी, बरेली।

विज्ञप्ति संख्या : 635/व्यवस्थापन/बरेली/2026–27/दिनांक. जून, 03 2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्र संख्या–273(1–75)/टास्क फोर्स–2/ई–लाटरी/2026–27 दिनांक जून, 02, 2026 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद बरेली में वर्ष 2026–27 हेतु ई–लाटरी के माध्यम से अवयवस्थित/नवसृजित दुकानों का विवरण निम्नवत् है:– **(1) देशी शराब दुकान** 1. ढिकावा, 2. निसोई, 3. जवाहरपुर, 4. नवेली चौराहा, 5. नन्दगांव, 6. संग्रामपुर, 7. जटपुरा उर्फ मुगलपुर, 8. बहादुरपुर भूता, 9. नईबस्ती फतेहगंज पूवई (वार्ड नं0–1), 10. फाजिलपुर, 11. हिगोलिया भोलापुर (2) कम्पोजिट शॉप–1 मडीनाथ सनैया रोड सिठौरा, 2. करगैना (साउथ सिटी रोड के पास)

उपरोक्त दुकानों का ई–लाटरी के मध्यन से व्यवस्थापन कराये जाने के लिए, ई–लाटरी के पंचम चरण की समय सारणी निम्नवत् है :–

| क०सं० | ई–लाटरी चरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1– | ई–लाटरी हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रारम्भ करने की तिथि व समय | 04.06.2026 को माध्यन्त 12:00 बजे से |
| 2– | ई–लाटरी हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 11.06.2026 को सायं 05:00 बजे तक |
| 3– | ई–लाटरी हेतु आवेदन पत्रों का परीक्षण कर डाटा लॉक करने की अन्तिम तिथि | 12.06.2026 को सायं 06:00 बजे तक |
| 4– | ई–लाटरी की तिथि/समय एवं स्थल | 15.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे से समाप्ति तक जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित स्थल पर (कलेक्ट्रेट सभागार), बरेली |
| 5– | चयनित आवटियों द्वारा देयताओं को जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 18.06.2026 को सांय 05.00 बजे तक |

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है, कि उपरोक्त दुकानों के लिए "समस्त आवेदक ई–लाटरी पोर्टल पर ई–लाटरी के लिए पंजीकरण करते समय अपने नवीनतम पैन कार्ड पर अंकित पैन नम्बर नाम एवं जन्म तिथि से ही पंजीकरण करें" तथा "ई–लाटरी द्वारा व्यवस्थित दुकानों की बेसिक लाईसेंस फीस/लाईसेंस फीस ई–लाटरी पोर्टल (https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in) पर ही निर्धारित अवधि में जमा किया जाना है।" नोटः– अवशेष/अत्यवस्थित तथा नवसृजित दुकानों का विस्तृत विवरण जनपद बरेली की बेवसाइट https://bareilly.nic.in, तथा https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय सूचना पट पर भी देखा जा सकता है। इस सम्बन्ध विस्तृत जानकारी क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों से भी प्राप्त कर सकते है।

**(हुकुम सिंह)**
**जिला आबकारी अधिकारी, बरेली**

**(अविनाश सिंह)**
**कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी, बरेली**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



**स्वतंत्र भारत**

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# ईरान ने जमीन से खोद निकाला मिसाइलों का जखीरा

## फिर अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए दनादन हमले



**फ्लोरिडा।** अमेरिका ने दावा किया है कि उसकी सेना ने क्षेत्र के पड़ोसी देशों को निशाना बनाने वाले ईरानी मिसाइलों और ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला को नाकाम कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने ईरान के केश्म द्वीप पर जवाबी कार्रवाई भी की है। यह हमले ऐसे समय में सामने आए हैं, जब हाल ही में ईरान ने मिसाइल के अपने भूमिगत जखीरों को फिर से पा लिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान अपने दबे हुए शस्त्रागारों को तेजी से खोदकर निकालने के बाद इस्राइल और अन्य पश्चिम एशियाई देशों पर कहीं अधिक लंबी दूरी की मिसाइलें दागने के लिए तैयार है। कई हफ्तों तक अमेरिका और इस्राइल के हमलों ने सुरंगों के प्रवेश द्वारों को बंद करके ईरान की अपनी भूमिगत मिसाइल साइटों तक पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि, सीएनएन की रिपोर्ट में सैटेलाइट की तस्वीरों के हवाले से कहा गया है कि ईरान ने बुलडोजर और डंप ट्रक जैसे साधारण उपकरणों का इस्तेमाल कर इन भूमिगत शस्त्रागारों को खोल लिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे पता चलता है कि तेहरान की मिसाइल क्षमताओं को केवल सुरंगों के प्रवेश द्वारों को निशाना बनाकर नष्ट नहीं किया जा सकता है।

# रूसी तेल खरीद पर छूट खत्म करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह रूसी तेल खरीदने वाले देशों को दी गई प्रतिबंधों से छूट को जल्द समाप्त करना चाहता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सीनेट की विदेश संबंध समिति के समक्ष यह बात कही। अमेरिका के इस कदम से भारत समेत कई देशों पर असर पड़ सकता है। मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका की मूल नीति रूस के तेल क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाने की रही है। इसलिए सरकार चाहती है कि यह छूट जितनी जल्दी संभव हो, समाप्त कर दी जाए। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में अंतिम फैसला अमेरिकी वित्त विभाग करेगा। अमेरिका ने मार्च में रूसी तेल खरीद पर लगे प्रतिबंधों से कुछ देशों को छूट दी थी।

■ भारत पर पड़ सकता है असर

बाद में इसे दो बार बढ़ाया गया। सबसे हालिया विस्तार 17 मई को एक महीने के लिए दिया गया था, जिसकी अवधि 17 जून को समाप्त हो रही है। सुनवाई के दौरान सीनेट सदस्य जीन शाहीन ने पूछा कि क्या इस छूट को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इस पर रूबियो ने कहा कि यह राहत वैश्विक बाजार में तेल आपूर्ति बनाए रखने और कीमतों में तेजी के असर को कम करने के लिए दी गई थी। बता दें कि भारत उन देशों में शामिल है जिन्हें इस छूट का लाभ मिला है। रूबियो ने कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को इसकी उतनी आवश्यकता नहीं है, लेकिन दुनिया की कई अन्य अर्थव्यवस्थाओं को इससे फायदा हुआ है। रूबियो ने कहा कि इन छूटों को कब तक जारी रखा जाएगा, यह अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार की स्थिति और अमेरिकी नीतिगत जरूरतों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका की इच्छा है कि परिस्थितियां सामान्य होते ही इन छूटों को समाप्त कर दिया जाए। रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। इसके बावजूद वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए अमेरिका समय-समय पर कुछ अस्थायी छूट देता रहा है।




# किशोरों की सुरक्षा के लिए मेटा ने सभी देशों में लागू किया सख्त कंटेंट सेटिंग्स




**न्यूयॉर्क।** किशोरों की सुरक्षा और मानसिक सेहत को लेकर बढ़ते वैश्विक दबाव के बीच सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने इंस्टाग्राम, फेसबुक और मैसेंजर पर किशोरों के लिए कंटेंट सेटिंग्स का दायरा वैश्विक स्तर पर बढ़ा दिया है। इस पहल की शुरुआत पिछले साल अक्तूबर में कुछ चुनिंदा देशों से हुई थी, जिसका मकसद बच्चों को अनुपयुक्त सामग्री से बचाना है। मेटा ने कहा है कि अब किशोरों के खातों (अकाउंट्स) के लिए 13+ कंटेंट सेटिंग्स को डिफॉल्ट रूप से लागू कर दिया गया है। इसके अलावा इस साल के अंत तक फेसबुक और मैसेंजर पर अधिक प्रतिबंधात्मक अनुभव देने वाली लिमिटेड कंटेंट सेटिंग भी पेश की जाएगी। मेटा ने जानकारी दी कि वह इंस्टाग्राम पर एक नए फीचर का परीक्षण कर रहा है, जो किशोरों को एक ही तरह के कंटेंट को बार-बार देखने से रोकेगा और उनके फीड में विविधता लाएगा। मेटा ने कहा कि हम मानते हैं कि पोषण, वेटलिफ्टिंग या चिंता (एंग्जायटी) से निपटने से जुड़े पोस्ट मददगार हो सकते हैं, लेकिन इन्हें बार-बार दिखाने के बजाय अन्य प्रकार के कंटेंट के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। यह कदम ऐसे समय में आया है, जब हाल में (25 मार्च को) लॉस एंजिल्स की एक जूरी ने मेटा और गूगल को युवाओं के लिए हानिकारक प्लेटफॉर्म डिजाइन करने का दोषी पाते हुए जुर्माना लगाया था। साथ ही मेटा ने अप्रैल में निवेशकों को चेतावनी दी थी कि युवाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनी और नियामक फैसलों से उनके बिजनेस और वित्तीय नतीजों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा को मिली शाही माफी

## पैरोल खत्म होने से पहले ही मिल गई रिहाई

**बैंकॉक।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा ने बुधवार को अपनी जेल की सजा से जुड़ी सभी कानूनी जिम्मेदारियों को औपचारिक रूप से पूरा कर लिया। शाही माफी मिलने के बाद उनकी चार महीने की पैरोल समय से पहले खत्म कर दी गई। दो दशकों से अधिक समय तक थाई राजनीति में एक प्रभावशाली व्यक्ति रहे 76 वर्षीय अरबपति और लोकप्रिय नेता को पिछले महीने बैंकॉक की जेल से रिहा किया गया था। तब से इस बात का अनुमान लगाया जा रहा है कि वह सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा फिएउ थाई पार्टी पर अपना मजबूत प्रभाव जारी रख सकते हैं। हालांकि, उनके परिवार ने कहा है कि वह राजनीति से पीछे हटना चाहते हैं। थाईलैंड के राजा महा वाचिरालोंगकोन द्वारा जारी किया गया माफी आदेश मंगलवार देर रात रॉयल गजट में प्रकाशित हुआ। यह बुधवार को प्रभावी हो गया। थाईलैंड एक सांविधानिक राजशाही है, जिसमें राजा को दोषी अपराधियों की माफी पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार है। राजा का यह निर्णय रानी सुतिदा के जन्मदिन के अवसर पर लिया गया था। थाकसिन एक दूरसंचार दिग्गज थे, जिन्होंने 1998 में अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी की स्थापना की थी। उन्होंने 2001 से 2006 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, जब एक सैन्य तख्तापलट ने उन्हें विदेश में रहते हुए सत्ता से बेदखल कर दिया था।

# चीन में शीर्ष मानचित्र वैज्ञानिक हिरासत में

**बीजिंग।** चीन के जाने-माने मानचित्र (कार्टोग्राफिक) वैज्ञानिक और इंस्टीट्यूट ऑफ ज्योग्राफिक साइंसेज के पूर्व उप निदेशक झोउ चेंगहू (62) को भ्रष्टाचार के आरोप में हिरासत में लिया गया है। चीन की शीर्ष अनुशासन और निगरानी संस्था केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग (सीसीडीआई) ने सोमवार को बताया कि झोउ पर गंभीर कर्तव्य उल्लंघन के आरोपों में जांच चल रही है। हांगकांग के एक अखबार ने मंगलवार को यह खबर प्रकाशित की है। हालांकि, सीसीडीआई ने आरोपों का विस्तृत विवरण साझा नहीं किया है। झोउ को अप्रैल के अंत में संस्थान की इमारत से हिरासत में लिया गया था। वह 20 से अधिक कंपनियों से जुड़े थे और कम-से-कम 17 में उनके शेयर थे।

# बलूचिस्तान में मारे गए 17 संदिग्ध विद्रोही

## शटल ट्रेन पर हमले के बाद कार्रवाई

**पेशावर।** पिछले सप्ताह बलूचिस्तान में एक शटल ट्रेन पर बम हमले के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 17 संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया है। 24 मई को क्वेटा में हुए संदिग्ध आत्मघाती हमले में 16 लोग मारे गए थे, जिनमें तीन सुरक्षाकर्मी शामिल थे। पाकिस्तान सेना के आईएसपीआर के अनुसार, घटना के बाद सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के विभिन्न जिलों में खुफिया-आधारित अभियान चलाए। इन अभियानों में मस्तंग, नुश्की, ज़ेहरी, खुज़दार और केच में विद्रोहियों के कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। फिटना-अल-हिंदोस्तान से जुड़े 17 आतंकवादी भारी गोलीबारी में मारे गए। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और तैयार आईईडी बरामद किए। सुरक्षाबलों के मुताबिक मारे गए विद्रोही पाकिस्तानी क्षेत्र में कई आतंकी वारदातों में शामिल थे।

# दुनियाभर के दुर्लभ खनिज पर नजरें गड़ाए है अमेरिका!

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) अब अमेरिकी कूटनीति का एक प्रमुख आधार बन गए हैं। दुनिया भर में स्थित अमेरिकी दूतावास अब आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने और चीन पर निर्भरता कम करने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

■ मार्को रूबियो बोले- यह हमारी कूटनीति का प्रमुख आधार

राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश विभाग और संबंधित कार्यक्रमों पर प्रतिनिधि सभा की विनियोग उपसमिति के सामने गवाही देते हुए रूबियो ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने महत्वपूर्ण खनिजों को अपनी कूटनीतिक प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रखा है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ प्रतिस्पर्धा अब केवल व्यापार और प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि रणनीतिक संसाधनों तक भी फैल चुकी है। मार्को रूबियो ने कहा, दुनिया भर में हर अमेरिकी दूतावास में महत्वपूर्ण खनिज हमारी कूटनीति का एक प्रमुख हिस्सा हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों को उन्नत विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा प्रणालियों, सेमीकंडक्टर और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के भविष्य के लिए बेहद जरूरी बताया। उन्होंने बताया कि अमेरिका विभिन्न क्षेत्रों में अपने साझेदार देशों के साथ मिलकर वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित कर रहा है, ताकि खनन, शोधन और प्रसंस्करण में चीन के वर्चस्व से पैदा हुई कमजोरियों को कम किया जा सके। उन्होंने हाल की कूटनीतिक पहलों का भी जिक्र किया, जिनमें खनिज सुरक्षा और सहयोग पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय बैठकें शामिल हैं।



# क्यूबा पर फिर यूएस की निगाहें टेढ़ी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने क्यूबा को विफल देश बताते हुए उसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ता हुआ खतरा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्यूबा में चीन और रूस की खुफिया गतिविधियां चल रही हैं और क्यूबा पूरे लैटिन अमेरिका में अमेरिका-विरोधी गतिविधियों को समर्थन देता है। राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश विभाग और संबंधित कार्यक्रमों पर बनी संसदीय उपसमिति के सामने बोलते हुए रूबियो ने कहा कि क्यूबा की आर्थिक बदहाली और अमेरिका के विरोधी देशों के साथ उसके करीबी रिश्ते, पश्चिमी क्षेत्र में अमेरिकी हितों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं।

■ रूबियो का आरोप- यूएस के खिलाफ गतिविधियों का केंद्र बना क्यूबा

रूबियो ने कहा कि दशकों की खराब आर्थिक नीतियों और कुप्रबंधन की वजह से क्यूबा का आर्थिक मॉडल लगभग टूट चुका है। उनके मुताबिक, देश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा अब नागरिक संस्थाओं के बजाय सेना से जुड़े संगठनों के नियंत्रण में है। उनके अनुसार, सेना की ओर से नियंत्रित संस्थाओं के पास काफी संपत्तियां होने के बावजूद क्यूबा लंबे समय से ईंधन और बिजली की भारी कमी का सामना कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दो दशकों में बड़ी संख्या में लोग क्यूबा छोड़कर चले गए हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था कमजोर हुई है और कुशल लोगों की संख्या भी कम हो गई है।

# तिब्बत में चीन के अत्याचारों की जांच करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में दोनों पार्टियों के प्रतिनिधियों ने एक नया बिल पेश किया है। इस बिल के तहत अमेरिकी विदेश विभाग को यह तय करना होगा कि क्या चीन ने तिब्बत के लोगों के खिलाफ नरसंहार या मानवता के खिलाफ अपराध किए हैं। यह बिल न्यू जर्सी के रिपब्लिकन प्रतिनिधि क्रिस स्मिथ और न्यूयॉर्क के डेमोक्रेट सांसद टॉम सुओजी ने मंगलवार को पेश किया। इस बिल का नाम टिब्बत एट्रोसिटीज डिटरमिनेशन एक्ट है। अगर यह पास हो जाता है, तो विदेश मंत्री को एक साल के अंदर कांग्रेस को एक रिपोर्ट देनी होगी, जिसमें चीन की तिब्बत में की गई गतिविधियों का आकलन होगा। यह बिल सीनेट में पहले से पेश किए गए एक दूसरे बिल का ही हाउस वर्जन है, जिसे रिपब्लिकन सीनेटर रिक स्कॉट और डेमोक्रेट सीनेटर जेफ मर्कले ने पेश किया था।

अगर यह कानून बन जाता है, तो अमेरिकी विदेश विभाग को यह जांच करनी होगी कि क्या चीनी अधिकारियों ने तिब्बतियों के खिलाफ मनमानी हत्याएं, गंभीर शारीरिक या मानसिक नुकसान, अमानवीय जीवन स्थितियां, जबरन विस्थापन, बड़े पैमाने पर हिरासत में लेना, जबरन नसबंदी और गर्भपात, और तिब्बती बच्चों को उनके परिवारों और समुदायों से अलग करने जैसे अत्याचार किए हैं। इसके अलावा, यह भी देखा जाएगा कि चीन तिब्बती बौद्ध धर्म को अपने हिसाब से बदलने, तिब्बती भाषा और संस्कृति को दबाने की कोशिश कर रहा है या नहीं।

# अमेरिका : पांच महीने की बच्ची की हत्या करने वाले शख्स को दिया गया मौत का इंजेक्शन

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में अपनी प्रेमिका की पांच महीने की बच्ची की हत्या कर उसके शव को तालाब में फेंकने वाले एक व्यक्ति को मंगलवार शाम मौत की सजा दे दी गई। 53 वर्षीय एंड्रयू रिचर्ड ल्यूकार्ट को स्टार्के स्थित फ्लोरिडा स्टेट प्रिजन में तीन दवाओं के घातक इंजेक्शन दिए जाने के बाद शाम 6:19 बजे मृत घोषित किया गया। उसे 1996 में पांच माह की गैब्रिएल हैंशॉ की हत्या और गंभीर बाल उत्पीड़न के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 1997 में मृत्युदंड सुनाया गया था। शाम छह बजे जब फांसी कक्ष का पर्दा उठा, तब ल्यूकार्ट पहले से ही एक टेबल पर बांधा हुआ था और उसके हाथ में आईवी लगी हुई थी। उसकी मौत तक एक पादरी टेबल के पास बैठकर उसके लिए प्रार्थना करता रहा। जब जेल अधीक्षक ने उससे अंतिम बयान के बारे में पूछा तो उसने दर्शक दीर्घा की पहली पंक्ति में बैठे लोगों की ओर देखकर कहा, मैं माफी चाहता हूं। घातक दवाओं का इंजेक्शन शुरू होने के तुरंत बाद ल्यूकार्ट बेहोश हो गया। कुछ मिनट बाद जेल अधीक्षक ने उसे हिलाकर उसका नाम पुकारा, लेकिन उसकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद एक चिकित्साकर्मी ने उसके जीवन संकेतों की जांच की और कुछ मिनट बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुधार विभाग के प्रवक्ता जॉर्डन किर्कलैंड ने प्रेस वार्ता में बताया कि ल्यूकार्ट ने अंतिम भोजन लेने से इनकार कर दिया था और फांसी से पहले किसी मुलाकाती से नहीं मिला। हालांकि, उसने आध्यात्मिक सलाहकार से मुलाकात की थी।

■ 29 साल पहले मिला था मृत्युदंड



## 2025 में फ्लोरिडा में दी गई 19 लोगों को मौत की सजा

यह वर्ष 2026 में फ्लोरिडा में दी गई आठवीं फांसी थी। इससे पहले 2025 में राज्य में रिकॉर्ड 19 लोगों को मौत की सजा दी गई थी। रिपब्लिकन गवर्नर रॉन डीसैंटिस के कार्यकाल में 2025 में एक ही वर्ष में जितनी फांसियां दी गई, उतनी 1976 में मृत्युदंड बहाल होने के बाद किसी भी फ्लोरिडा गवर्नर के कार्यकाल में नहीं हुई थीं। इससे पहले 2014 में आठ फांसियों का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था।

## एक नज़र

### सांस्कृतिक और पर्यटन संबंध बढ़ाएंगे भारत और चीन

**बीजिंग।** शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने चीन के सांस्कृतिक अधिकारियों से मुलाकात कर द्विपक्षीय सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। गुओयुन अमूर्त सांस्कृतिक विरासत केंद्र के सीईओ झांग जियाक्सिंग के साथ बैठक में उन्होंने अतुल्य भारत अभियान के तहत जन-सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाने पर जोर दिया। आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सुझोउ-कुनशान क्षेत्र में बने एक योग शिविर का उद्घाटन किया।

### पाकिस्तान में आत्मघाती हमला नाकाम, चार आतंकी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों ने मंगलवार को आत्मघाती हमला नाकाम कर चार आतंकियों को मारा गिराया। तहरीक-ए- तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े ये सभी आतंकी उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीरानशाह के पास एक सुरक्षा चौकी को विस्फोटकों से भरी गाड़ी से निशाना बनाने की फिराक में थे। हालांकि, सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने खतरे को भांप लिया और वाहन को उसके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिया। इस अभियान में चार आतंकी मारे गए।

### भारत ने अफ्रीकी देशों को भेजी चिकित्सा सहायता की दूसरी खेप

**नई दिल्ली।** भारत ने इबोला प्रकोप से जूझ रहे अफ्रीकी देशों की मदद के लिए 43 टन चिकित्सा सहायता की दूसरी खेप भेजी है। इसमें सुरक्षात्मक उपकरण, निदान एवं निगरानी उपकरण, दवाएं शामिल हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया में यह जानकारी दी और उम्मीद जताई कि इस सहायता से अफ्रीकी संघ को इबोला से निपटने की क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। इससे पहले, 29 मई को अफ्रीकी संघ को चिकित्सा सहायता की पहली खेप भेजी गई थी।

### अमेरिका में रिंग कंपनी पर निजता के उल्लंघन का आरोप

**वर्जीनिया।** अमेरिका में अमेजन की सहायक कंपनी रिंग के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वर्जीनिया के एक निवासी ने सिएटल फेडरल कोर्ट में याचिका दायर कर कंपनी पर निजता के उल्लंघन आरोप लगाया है। उनका दावा है कि रिंग स्मार्ट डोरबेल का फैमिलियर फेसेस फीचर एआई का इस्तेमाल कर बिना सहमति के राहगीरों के चेहरे का डाटा और तस्वीरें रिकॉर्ड करता है। याचिकाकर्ता ने प्रभावित लोगों के लिए कम से कम 5 मिलियन डॉलर (41 करोड़) के हर्जाने की मांग की है।

### 565 भारतीय शांतिरक्षकों को संयुक्त राष्ट्र पदक

**खारतूम।** संघर्ष प्रभावित दक्षिण सूडान में आम नागरिकों की रक्षा करने और शांति निर्माण में सहयोग के लिए संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवाएं दे रहे 565 भारतीय शांतिरक्षकों को सम्मानित किया गया। भारतीय शांतिरक्षकों को उनके समर्पण व प्रतिबद्धता के लिए सम्मान मिला, जिनमें इनमें 53 महिलाएं भी शामिल हैं। सम्मानित होने वालों में भारत के 565 व रवांडा के 464 शांतिरक्षकों को यूएन सम्मान पदक दिया गया। दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने मलाकाल शहर में सम्मान समारोह आयोजित किया।

### पीओके में मानवाधिकारों का हनन, पीएम मोदी से मांगी मदद

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मानवाधिकार कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वहां जारी मानवाधिकारों के हनन और राजनीतिक दमन को रोकने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है। अयूब मिर्जा ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में नागरिक अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले कार्यकर्ताओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मिर्जा के अनुसार राजनीतिक प्रतिनिधित्व और आर्थिक अधिकारों की मांग दबाने के लिए गिलगित-बाल्टिस्तान अवामी एक्शन कमेटी के कई शीर्ष नेताओं को जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने आशंका जताई कि पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियां 9 जून को प्रस्तावित आम हड़ताल से पहले जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी पर बड़ा क्रैकडाउन करने की तैयारी में हैं। क्षेत्र के आर्थिक संकट का जिक्र करते हुए मिर्जा ने कहा कि ईद के दिन भी सैकड़ों स्वास्थ्यकर्मियों का प्रदर्शन करना जनता के गहरे आक्रोश को दिखाता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का विकास मॉडल ही वहां के लोगों को सम्मान का जीवन दे सकता है, इसलिए भारत इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाए।

### 'ईरान ने संघर्ष के बाद अपने कई परमाणु कार्यक्रम बंद किए'

#### आईएईए प्रमुख ने किया दावा

**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने दावा किया है कि ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच तेहरान ने अपने कई परमाणु कार्यक्रम बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंध के बाद खुफिया जानकारियों से पता चला है कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रमों को सीमित किया है। ग्रॉसी का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब इस्राइल और लेबनान के बीच अमेरिका में चौथे दौर की बातचीत होनी है, जिसके लिए दोनों देशों के प्रतिनिधि वॉशिंगटन पहुंच चुके हैं। अमेरिकी विदेश मार्को रूबियो ने मंगलवार को कहा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के पहलुओं पर बातचीत करने के लिए तैयार है। सीनेट की विदेश संबंधी समिति के सामने बोलते हुए रूबियो ने कहा, हम बात कर रहे हैं। हमारे सामने एक संभावना है, जो आज या कल हो सकती है या इसमें एक सप्ताह भी लग सकता है। पहली बार है, जब ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए तैयार हुआ है। रूबियो ने होर्मुज खोलने की वकालत की और अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों को मुक्त रखने की मांग की।

### जापान में पाकिस्तान की फजीहत

#### अवैध निर्माण के आरोपों में घिरी मस्जिद, पाक राजदूत की मौजूदगी में हुआ था उद्घाटन

**टोक्यो।** जापान के सइतामा प्रांत के कावागोए शहर में एक मस्जिद के निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि मस्जिद का निर्माण आवश्यक सरकारी अनुमतियों के बिना किया गया, जिसके बाद पाकिस्तान के दूतावास ने भी इस परियोजना से खुद को अलग कर लिया है और जापान में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों से स्थानीय कानूनों का पालन करने की अपील की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कावागोए स्थित यह मस्जिद 4,500 वर्ग मीटर के उस भूखंड पर बनाई गई है जिसे पर्वतीय वन भूमि (माउंटेन फॉरेस्ट लैंड) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह क्षेत्र शहरीकरण नियंत्रण क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां विशेष अनुमति के बिना निर्माण कार्य सामान्यतः प्रतिबंधित होता है।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य
शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं
लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा
उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089